सूर्योदय 6:9 सूर्यास्त 6:39

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.8 न्यू | 22.8 अधि |
| धर्मशाला | 11.5 न्यू | 27.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76617.44 |
| निफ्टी | 23332.35 |
| सोना | 92,840 |
| चांदी | 1,02,637 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 3 अप्रैल 2025 | 21 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 94, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



चक्रवर्ती टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके

पृष्ठ 14 पर

## षष्टम मां कात्यायनी



**छठे** नवरात्र पर मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। देवी कात्यायनी को महिषासुर मर्दनी के नाम से भी जाना जाता है। यह देवी का कन्या स्वरूप है, जो अपने भक्त ऋषि कात्यायन की मुराद पूरी करने के लिए पुत्री रूप में प्रकट हुई थीं। नवरात्र में देवी कात्यायनी की पूजा के साथ ही नवरात्र का उत्सव जोर पकड़ने लगता है। पूजा पंडालों में इस दिन से विशेष पूजा का आरंभ हो जाता है। मां कात्यायनी का शरीर सोने जैसा सुनहरा और चमकदार है। मां 4 भुजाधारी और सिंह पर सवार हैं। एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में कमल का पुष्प धारण किया हुआ है। अन्य दो हाथ वरमुद्रा और अभयमुद्रा में हैं। यह देवी माता के स्नेह और शक्ति का सम्मिलित रूप हैं।

कंचनाभा वराभयं पद्मधरां मुकटोज्जवलां।
स्मेरमुखीं शिवपत्नी कात्यायनी नमोस्तुते॥

## आज का मैच

कोलकाता नाइट राइडर्स vs सनराइज हैदराबाद

समयः रात 7:30 बजे (ईडन गार्डन)

## न्यूज शॉर्ट्स

### हाईकोर्ट से आसाराम को नहीं मिली राहत

**जोधपुर।** नाबालिग से रेप मामले में आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। बुधवार को आसाराम की अर्जी पर सुनवाई हुई। आधे घंटे तक बहस चली, जिसमें सरकारी अधिवक्ता ने आसाराम को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि आसाराम ने सुप्रीम कोर्ट की प्रवचन नहीं करने की शर्त का उल्लंघन किया है। अब इस मामले में 7 अप्रैल को सुनवाई होगी।

### कुणाल कामरा को तीसरा समन, पांच को बुलाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने तीसरा समन भेजा है और 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले पुलिस कामरा को 2 समन भेज चुकी है।

### जयपुर सीरियल ब्लास्ट की साजिश रचने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्थान के जयपुर में सीरियल ब्लास्ट की साजिश रचने वाला आरोपी फिरोज उर्फ सब्जी पुत्र फकीर मोहम्मद को रतलाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर एनआईए ने 5 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी। 30 मार्च, 2022 को चेकिंग के दौरान एक कार से बम बनाने में प्रयुक्त होने वाला सामान जिसमे टायमर, सेल, वायर सहित अन्य सामग्री पकड़ी थी।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बीपीएल से अपात्र परिवार होंगे बाहर -पेज 2
- पंचायत स्तर पर नशे की मैपिंग प्रक्रिया में आई तेजी -पेज 3
- देव ध्वनि संग सुकेत देवता मेला शुरू -पेज 9
- पाकिस्तानी सेना ने पुंछ में एलओसी पर संघर्ष विराम का किया उल्लंघन -पेज 13

# वक्फ पर जमकर तकरार

## किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया संशोधन बिल, हंगामा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अल्पसंख्यक** मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा में पेश किया। किरण रिजिजू ने इसे उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया है। बिल को टीडीपी, जेडीयू और एलजेपी ने समर्थन दिया। शिवसेना यूबीटी सांसद अरविंद सावंत ने अपने भाषण में यह क्लीयर नहीं किया कि वे बिल के पक्ष में है या विरोध में। रिजिजू ने कहा कि अगर हमने आज यह संशोधन बिल पेश नहीं किया होता, तो जिस इमारत में हम बैठे हैं, उस पर भी वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा सकता था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सत्ता में नहीं आती तो कई अन्य संपत्तियां भी गैर-अधिसूचित हो गई होतीं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा कि यह बिल संसद में पास हो जाता है, तो हम इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। हम शांतिपूर्ण आंदोलन चलाएंगे।



### वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा, कानून हर किसी को मानना पड़ेगा : शाह

**गृह** मंत्री अमित शाह ने कहा कि वक्फ में गैर इस्लामिक नहीं आएगा। ऐसा कोई प्रोविजन भी नहीं है। वोट बैंक के लिए माइनोरिटीज को डराया जा रहा है। कानून को हर किसी को मानना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 5 मार्च, 2014 को 123 प्राइम प्रॉपर्टी दिल्ली वक्फ बोर्ड को ट्रांसफर कर दीं। शाह ने कहा कि विपक्ष कहता है कि इसका हिसाब-किताब न करो। अखिलेश मुस्लिमों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, मुस्लिम भाइयों को पता चल गया है कि 4 साल में क्या चल रहा है।

### देश में बाबा साहेब का संविधान चलेगा, किसी कबीले का फरमान नहीं : अनुराग



**भाजपा** सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक परिवार के चलते 1947 में एक विभाजन देखा है। आज जमीन का विभाजन नहीं होने देंगे। मोदी सरकार में सिर्फ एक कानून और एक संविधान रहेगा। संदेश स्पष्ट है। एक हैं, तो सेफ हैं। यह आस्था का विषय नहीं है। संविधान बनाम भ्रष्टाचार है। कानून बनाम गैरकानूनी है। 200 लोगों के हाथ में वक्फ को दे रखा है और करोड़ों रुपए की संपति उनके पास है। यहां बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान चलेगा, कबीले का फरमान नहीं चलेगा। भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। उन्होंने बक्फ संशोधन विधेयक को कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति का अंतिम संस्कार करने वाला बताया।

### वेणुगोपाल बोले- भारत माता को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा

**कांग्रेस** सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि भारत माता को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है। रिजिजू इस बिल में आप नॉन मुस्लिम को बोर्ड में ला रहे हैं। वैष्णो देवी टेंपल एक्ट में कहा है कि लेफ्टिनेंट गवर्नर चेयरमैन होगा, अगर वह हिंदू नहीं है तो किसी को नॉमिनेट कर सकता है। मैं इसका समर्थन कर सकता हूं। आप वक्फ बोर्ड के साथ भेदभाव क्यों कर रहे हैं।

### वक्फ बिल से कोई उम्मीद नहीं : अखिलेश

**अखिलेश** ने कहा कि वक्फ बिल में न तो नीति सही है और न नीयत। देश के करोड़ों लोगों से घर-दुकान छीनने की साजिश है। भाजपा अलोकतांत्रिक पार्टी है। वह असहमति को अपनी शक्ति मानती है। सरकार वक्फ बिल लाने की जिद क्यों कर रही है? यह सांप्रदायिक राजनीति का नया रूप है, जिद है। बाहर लिखते हैं सत्यमेव जयते, भाजपाई अंदर असत्य बात कहते। वोट को संभालने के लिए बिल लाया गया है।

# हिमाचलियों की सेहत का ख्याल रखेगा एचपीएमसी

## बड़े स्तर पर बाजार में उतारा जाएगा नो एडिड शुगर बेस्ड एप्पल जूस

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



**पौष्टिक** पेय के साथ बेहतर ड्रिंक अनुभव प्रदान करने को हिमाचल प्रदेश हॉर्टिकल्चर प्रोड्यूस मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग (एचपीएमसी) ने एप्पल जूस को बाजार में उतारने का निर्णय लिया है। विशुद्ध रूप से सेब आधारित जूस में फल की मिठास शामिल होगी। नो एडिड शुगर की टैगलाइन के साथ कृत्रिम चीनी का समावेश नहीं होगा। प्रयोग के तौर पर 2024-25 वित्तीय वर्ष में बाजार में उपभोक्ताओं की संभावनाओं को तलाशा जा चुका है। रिस्पांस की कसौटी में बेहतर बाजार मिला है, अब बड़े स्तर पर नो एडिड शुगर बेस्ड एप्पल जूस को बाजार में उतारा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान खास खबर

### चार बड़े मेट्रो शहरों में एप्पल जूस की बढ़ी डिमांड

**शुगर** फ्री एप्पल जूस की बाजार में डिमांड बढ़ी है। मेट्रो शहरों में इसे सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई सहित महाराष्ट्र आदि बड़े शहरों में एप्पल जूस पहले से ही अपनी उपस्थिति बनाए हुए हैं। सोलन जिले के परवाणू, शिमला जिले के जरोल और पराला में प्रयोग के तौर पर अब तक सबसे ज्यादा 2000 मीट्रिक टन एप्पल जूस कंस्ट्रेंट का उत्पादन किया है। रेडी टू ड्रिंक एप्पल जूस को 250 मिलीमीटर, 500 मिलीमीटर और 1 लीटर की पैकिंग में लांच किया गया है। पैकिंग में शुगर की मात्रा जरा भी नहीं है।

### तीन बड़ी कंपनियों के साथ चल रही बातचीत

**अमेजॉन** से मार्केट में पहुंच बनाई है और अन्य ऑनलाइन पोर्टल में पारले, डॉलर और पेप्सीको से बातचीत चल रही है। तीनों बड़ी कंपनियों के साथ ऑनलाइन व ऑफलाइन बिक्री की रणनीति बनाई जा रही है। बाहर के कुछ देशों तक जूस की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। एक बड़े बल्क बायर के साथ डील फाइनल की गई है, जो बाहर के देशों तक अपनी बेहतर कनेक्टिविटी से एप्पल जूस पहुंचाएगा।

### सी ग्रेड सेब को क्रेटों में खरीदने का निर्णय

**गुणवत्ता** बनाए रखने को मंडी मध्यस्थता योजना के तहत प्लास्टिक की क्रेटों में सेब खरीदने का फैसला लिया है, जिससे सेब खरीद में गुणवत्ता से परिपूर्ण फल एप्पल जूस की क्वालिटी को बढ़ाएगा और उपभोक्ताओं को बेहतर सेब का जूस उपलब्ध होगा।

### गुणवत्ता से परिपूर्ण रहेगा एप्पल जूस : मौख्टा



**एचपीएमसी** के प्रबंध निदेशक सुदेश कुमार मौख्टा ने बताया कि एचपीएमसी एप्पल जूस सहित अन्य फलों के जूस, स्क्वैश, जैम, आचार सहित सेहतमंद अल्कोहल आदि तैयार करते हैं। इनकी गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाता है। अब डिमांड के मुताबिक, एप्पल का जूस प्राकृतिक मिठास के साथ बाजार में बेचा जा रहा है। रिस्पांस अच्छा मिल रहा है। इसके उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह के प्लेटफार्म का सहारा लिया जा रहा है, जो उनके उत्पाद को अच्छी पहचान दिला रहा है।

## सीएम सुक्खू ने पाटिल से की संगठन के संभावित दावेदारों के नामों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल और सह प्रभारी चेतन चौहान के साथ बैठक की। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के नए संगठन को लेकर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने संगठन में संभावित दावेदारों के नामों पर रजनी पाटिल के साथ चर्चा की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पहले ही होलीलॉज गुट के संभावित दावेदारों के नाम रजनी पाटिल को दे चुकी हैं। अब कांग्रेस हाईकमान इसी हफ्ते संगठन को फाइनल रूप देकर नए संगठन की घोषणा करेगा। प्रदेश में कांग्रेस की राज्य, जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 150 दिन से भंग पड़ी है।

वहीं, मुख्यमंत्री सुक्खू बुधवार को केरल पहुंच गए हैं। सीएम वहां पर बतौर पर्यवेक्षक गए हैं और यहां दो से तीन दिन रुकने का कार्यक्रम है। इसके बाद वापस शिमला आएंगे। कोच्चि एयरपोर्ट पहुंचने पर केरल के कांग्रेस विधायक अनवर सादात और केरल पीसीसी के पदाधिकारियों ने सुक्खू का स्वागत किया।

## हाईकोर्ट में राज्यसभा चुनाव को चुनौती वाली याचिका पर हुई सुनवाई

**शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट में बुधवार को राज्यसभा चुनाव को चुनौती देने वाली अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका पर सुनवाई हुई।

**प्रतिवादी ने अदालत को दिए इशू**

इस केस में प्रतिवादी बनाए गए भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के वकील ने याचिका की मेंटेनेबिलिटी को लेकर कोर्ट को कुछ इशू दिए।

एडवोकेट नीरज गुप्ता ने बताया कि याचिकाकर्ता पक्ष ने पिछली सुनवाई में ही कोर्ट को इशू दे दिए हैं। अब कोर्ट इशू फ्रेम करेगा। इस पर बहस होगी। एक-दो दिन में इस केस की अगली तारीख तय की जाएगी

## पूनम गुप्ता को किया रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लॉयड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता को तीन साल के लिए आरबीआई का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। माइकल देबव्रत पात्रा के जनवरी में पद छोड़ने के बाद आरबीआई में डिप्टी गवर्नर का पद खाली हो गया था। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने गुप्ता की आरबीआई में डिप्टी गवर्नर पद पर नियुक्ति को उनके कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल के लिए मंजूरी दी है। वर्तमान में गुप्ता एनसीएईआर की महानिदेशक हैं। वह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य और 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद की संयोजक भी हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी आज लेंगे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में हिस्सा



**बैंकॉक।** पीएम नरेंद्र मोदी वीरवार को दो दिवसीय यात्रा पर थाईलैंड पहुंचेंगे और थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ वार्ता करेंगे और छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। पीएम समुद्री सहयोग पर समझौते के लिए बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) नेताओं के साथ शामिल होंगे। बिम्सटेक सम्मेलन में थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और भूटान के नेता शिरकत करेंगे।

## तपने लगे मैदान, ऊना धौलाकुआं सबसे गर्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**आज बारिश बर्फबारी की संभावना**

**हिमाचल** प्रदेश में लगातार तेज धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी जारी है। इससे मैदानी क्षेत्रों में गर्मी का असर दिखने लगा है।

सुंदरनगर में बुधवार को अधिकतम तापमान 31.2, ऊना में 33.8, कांगड़ा 30.7, मंडी 30.2, धौलाकुआं में 33, बरठीं में 30.9 दर्ज किया गया। तापमान में बढ़ोतरी होने से गर्मी का अहसास बढ़ गया। वहीं, पहाड़ी इलाकों में सुबह-शाम की ठंडक धीरे-धीरे कम हो रही है। हालांकि, जनजातीय क्षेत्रों में अभी भी सर्दी का प्रभाव जारी है और यहां का तापमान शून्य के करीब बना हुआ है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने तीन अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा, कुल्लू और कांगड़ा जिले के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश की संभावना जताई है। हालांकि, 4 से 7 अप्रैल तक मौसम साफ बना रहेगा, जिससे तापमान में और वृद्धि होगी और गर्मी का असर तेज होगा। आठ अप्रैल को एक बार फिर पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

**अपग्रेडेशन** कालका-शिमला रेल ट्रैक पर एयर पावर और वेक्यूम ब्रेक से लैस दौड़ेंगे इंजन

# अब सुरक्षित और सुहानी होगी छुकछुक

**आर मोहन चौहान, सोलन**



अनंत ज्ञान स्पैशल

**विश्व** धरोहर कालका-शिमला रेलमार्ग पर पर्यटकों का सफर इस बार की गर्मियों में सुहाना और मजेदार होगा। रेलमार्ग पर चलने वाली बोगियों को अपग्रेड करने के बाद अब रेल इंजन को भी नए फीचर से लैस किया गया है।

रेलवे बोर्ड ने हाल ही में परेल मध्य रेल इंजन का ट्रायल शुरू किया है। यह इंजन आधुनिक फीचर से लैस है। ये इंजन एयर पावर और वेक्यूम ब्रेक से लैस बोगियों को खींचने में सक्षम हैं। कालका-शिमला ट्रैक पर आधुनिक सुविधाओं से लैस इंजन की धर्मपुर तक व्यवस्था जांची है। तकनीकी टीम ने कई जगहों पर ब्रेक सिस्टम का भी पता लगाया है। आगामी दिनों में चलने वाली पैनोरमिक विस्टाडोम में इसी इंजन का प्रयोग किया जाएगा। इससे पहले कालका-शिमला रेललाइन पर चलने वाले इंजन वेक्यूम ब्रेक की बोगियों को ही खींच पाते थे यानी इंजन में भी वेक्यूम बैक सिस्टम ही होता था। अब रेललाइन पर बोर्ड नई पैनोरमिक विस्टाडोम कोच आ गए हैं। इनमें एयर पावर ब्रेक सिस्टम लगा है। इस कारण इंजन को भी अपग्रेड करना पड़ रहा है। मजे की बात है कि इंजन कम आवाज और धुएं के साथ-साथ नई खूबियों से भी लैस रहेगा। इंजन को कालका कारखाना में ही तैयार किया गया है। इसकी पावर को भी बढ़ाया गया है। (अनंत ज्ञान)

> **कालका**-शिमला रेललाइन पर अपग्रेड इंजन चलेंगे। एक इंजन का ट्रायल किया है। इसमें ब्रेकिंग सिस्टम को अपग्रेड किया है। अपग्रेड सिस्टम से कहीं भी ब्रेक लगाई जा सकेगी। आगामी दिनों में इंजन को नए कोच के साथ जोड़कर चलाया जाएगा।
>
> **-नवीन कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंबाला।**

CRACKACADEMY
प्रदेश के युवाओं के लिए लाये है
मेरे शहर के 100 रत्न
6800 युवाओं को सरकारी और अन्य परीक्षाओं की फ्री तैयारी
आप भी इस मिशन का हिस्सा बन सकते है
कार्यक्रम संचालित करने के लिए CENTRES खोले जा रहे हैं जिसका संचलान एक CENTRE OWNER करेगा
LEARNING CENTRE खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं
यह एक PROFITABLE BUSINESS करने का सुनहरी मौका है
ONLY 1 CENTRE PER CITY
90 UPCOMING CENTRES
60% CENTRES RESERVED FOR RETIRED GOVERNMENT EMPLOYEES, TEACHERS, DEFENCE PERSONNEL, AND WOMEN
"LAST DAY" TODAY
LAST DATE 03 APRIL, 2025
सेंटर पार्टनर बनने के लिए आवेदन करें www.crack.academy/hp
CRACKACADEMY
Crack Academy (पहले Crack IAS) भारत का पहला Online Edtech Platform है जो UPSC, Civil Services Exams की तैयारी के लिए 2007 में शुरु हुआ था। हम छोटे शहरों में कंपनी द्वारा संचालित, Franchise Ownership वाले Classrooms स्थापित कर रहे हैं,
17+ YEARS OF COACHING INDIA
UPSC, CDS, CLAT, SSC, JEE, NEET, BANK PO
25000 ADMISSIONS/YEAR | 50+ DELHI TEACHERS
1000+ IAS SELECTIONS | 100+ CENTRES
100+ COURSES | 30 LAC BOOKS SOLD
HELPLINE : 9217 05-05-05, 9217 07-07-07

# चमनेड़ में घर पर सोए हुए व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- दो युवक किए गिरफ्तार
- गले में आई चोट, मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा उपचार

ग्राम पंचायत चमनेड़ के गांव चमनेड़ में मंगलवार रात को लैंटर पर सोए हुए व्यक्ति विद्याधर पुत्र राम कृष्ण बुधवार सुबह समय करीब 3.30 बजे जब वह मुंह ढक कर सोया हुआ था, तो किसी अनजान व्यक्ति ने अचानक आकर रजाई के साथ मुहं दबाने की कोशिश की, जिस पर विद्याधर ने बचाव की कोशिश की व खुद को छुड़ाने लगा तो उक्त अनजान व्यक्ति ने चाकू से ऊपर बार कर दिया।

चाकू के हमले से विद्याधर के गले में काफी चोट आई हैं। विद्याधर ने पुलिस थाना हमीरपुर में शिकायत दर्ज करवाई। घायल को मेडिकल कॉलेज हमीरपुर पहुंचाया गया। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में उक्त व्यक्ति का इलाज चल रहा है। पुलिस थाना में शिकायत दर्ज होने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया तथा उक्त टीमों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए निम्न आरोपियों को 6 घंटों के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने घर पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला, जिसमें युवक भागते हुए नजर आए। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए युवक केशव शर्मा पुत्र ओम प्रकाश निवासी चमनेड़ उम्र 19 साल व दूसरा नाबालिग आरोपी निवासी गाव चमनेड़ उम्र 17 साल हैं। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# बीपीएल से अपात्र परिवार होंगे बाहर

## बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए 30 तक कर सकते हैं पंचायत में आवेदन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल करना या निकालना प्रशासन के लिए भी टेढ़ी खीर है, क्योंकि कई पात्र व्यक्ति भी इसी सूची में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

हालांकि, ग्राम सभा की बैठक में ही सभी पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष बीपीएल परिवारों का चयन किया जाता है, लेकिन फिर भी कई नौकरी या अन्य लाभ बीपीएल के कोटे से लेने के लिए अपना नाम बीपीएल सूची में शामिल करवा लेते हैं। बकायदा बीपीएल सूची में पात्र व्यक्ति या परिवार को शामिल करने के लिए बनाए गए पुराने नियमों में बदलाव किया गया है। ग्रामीण विकास विभाग ने 21 मार्च को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना में बीपीएल सूची में व्यक्ति या परिवार को शामिल करने के लिए मानदंड निर्धारित किए गए हैं। बीपीएल में शामिल होने के लिए शपथ पत्र एवं घोषणाओं में सहायक साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। वित वर्ष 2025-26 में बीपीएल सूचियां बनाई जानी हैं, जिसके लिए पात्र व्यक्तियों को पंचायत के पास 30 अप्रैल तक आवेदन करना होगा। इसके बाद 15 अप्रैल तक एसडीएम त्रिसदनीय सत्यापन समिति का गठन किया जाएगा।

- परिवार को देना होगा सहायक साक्ष्यों के साथ शपथ पत्र

इसमें पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी वर्कर्स और पटवारी शामिल होंगे। सत्यापन 15 जून तक सार्वजनिक जांच के लिए ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा, ताकि जुलाई माह में ग्राम सभा की बैठक में बीपीएल सूची के बारे में चर्चा की जा सके। संपूर्ण प्रक्रिया के बाद 15 अक्तूबर तक बीपीएल की सूचियों का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 30 दिन के भीतर कर सकेंगे अपील

बीपीएल सूची में खंड स्तरीय समिति के निर्णय के खिलाफ अपील डीसी के पास 30 दिन के भीतर की जा सकती है। 30 दिनों के बाद दायर अपीलें अपीलीय प्राधिकारी के विवेकानुसार लिखित रूप में कारण दर्ज कर अपील स्वीकार की जा सकती है।



**इस** बारे में डीआरडीए परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने बताया कि बीपीएल चयन को लेकर एसडीएम और बीडीओ को पत्र जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सत्यापन समिति द्वारा तैयार की सूचियों को ग्राम सभा में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि बीपीएल सूचियों में पारदर्शिता लाने के लिए मानदंड निर्धारित किए गए हैं, उसी के अनुसार बीपीएल परिवारों का चयन किया जाएगा।

### बीपीएल सूची में शामिल करने के लिए मानदंड

**बीपीएल** परिवार जिनमें 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ बच्चे ही सदस्य अथवा ऐसे परिवार जिनमें केवल 59 वर्ष की आयु से अधिक के वृद्धजन ही सदस्य हैं व 18-59 वर्ष की आयु का कोई व्यस्क सदस्य नहीं है। ऐसे परिवार जिनमें महिला मुखिया हो तथा जिसमें 18 वर्ष से 59 की आयु के बीच का कोई व्यस्क पुरुष सदस्य न हो। इसमें विधवा, अविवाहित, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिलाएं शामिल होंगी। ऐसे परिवार जिनके मुखिया में 50 प्रतिशत से अधिक विकलांगता हो। ऐसे परिवार जिनके सभी वयस्क सदस्यों द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा के अंतर्गत कम से कम 100 दिन काम किया हो। इसके अलावा परिवार की आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए और एक हेक्टेयर से अधिक भूमि नहीं होनी चाहिए।

# कोडरा में नहीं बनेगा डे बोर्डिंग स्कूल

**एसके ठाकुर, बड़सर**

व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर चुनी गई हिमाचल प्रदेश सरकार लोगों के साथ खिलवाड़ कर रही है।

बड़सर विधानसभा क्षेत्र के कोडरा में खुलने वाला डे-बोर्डिंग स्कूल लगता है कि राजनीति की भेंट चढ़ गया है। ढटवाल एवं बड़सर के केंद्र बिंदु कोडरा में चिन्हित 100 कनाल भूमि पर डे-बोर्डिंग स्कूल बनना था, जिसमें बच्चों को आधुनिक शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त होना था। हालांकि, इस स्कूल को खोलने के लिए करीब 1 वर्ष पूर्व जगह भी चिन्हित कर ली गई थी, लेकिन अभी तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। डे-बोर्डिंग स्कूल के खुलने से क्षेत्र के हजारों बच्चों को अपने घरद्वार पर बेहतरीन शिक्षा का लाभ मिलना था, लेकिन निर्माण कार्य शुरू न होने के कारण स्थानीय लोगों में रोष पनप रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी आदेशों के चलते इस स्कूल के भवन निर्माण को लेकर जगह फाइनल होने पर विभागीय अधिकारियों की साइट विजिट भी हो गई थी और भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जाना था, लेकिन गत वर्ष प्रदेश में उत्पन्न हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बाद डे-बोर्डिंग स्कूल की फाइल ठंडे बस्ती में है। एक वर्ष पहले स्कूल के निर्माण के लिए जगह सोहारी के साथ लगते कोहडरा गांव में फाइनल कर ली गई थी, लेकिन बड़सर विधायक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले जाने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा इस स्कूल को विधानसभा क्षेत्र के कोडरा में न बनाकर अन्य स्थान पर जगह तलाश कर बनाने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है अगर समय रहते कोडरा में डे बोर्डिंग स्कूल नहीं खोला, तो आने वाले 2027 विधानसभा चुनावों में जवाब सूद सहित वापस करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### बड़सर में किया शिफ्ट

विधानसभा बजट में डे बोर्डिंग स्कूल कोडरा को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर कर दिया गया है। उनका कहना है कि डे बोर्डिंग स्कूल 100 कनाल भूमि में बनाना था। सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़सर जहां पर बोर्डिंग स्कूल शिफ्टिंग होगा, वहां पर भूमि भी 10 कनाल के करीब है। डे बोर्डिंग स्कूल के लिए बड़सर में टर्म एंड कंडीशन भी पूरी नहीं होती है इसीलिए मैंने डे बोर्डिंग स्कूल के लिए कोडरा को चयनित किया था। उसके लिए 100 कनाल भूमि चिन्हित कर ली थी।

## न्यूज ब्रीफ



राजकीय प्राइमरी स्कूल बुंबलू की हेड टीचर नीलम कुमारी अपनी सेवानिवृति पर स्कूल के छात्र-छात्राओं व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ सामूहिक चित्र में।

### ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग स्थगित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एसडीएम कार्यालय भोरंज के अंतर्गत 3 अप्रैल को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग फिलहाल स्थगित कर दी गई है। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित करना पड़ा है। ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग की नई तिथि जल्द निर्धारित की जाएगी।

### रैल में किए 138 लोगों के छाती के एक्स-रे

**अनंत ज्ञान, रंगस।** टीबी के कीटाणु हर व्यक्ति के शरीर में मौजूद होते हैं। किसी कारण वश जब किसी व्यक्ति की रोग-प्रतिरोधी क्षमता कम हो जाती है, तो व्यक्ति में यह रोग दिखाई देता है। इलाज से इस बीमारी से निश्चित रूप से छुटकारा मिल सकता है। ये सभी बातें लोगों तक पहुंचनी चाहिए, तभी टीबी से प्रभावित लोग इलाज की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह बात डॉ. हितेश ने पीएचसी रैल के तहत आने वाले रैल गांव में आयोजित शिविर के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान हेल्थ सुपरवाइजर अनीता कुमारी, सीएचओ आरती कपूर व आशा वर्कर्स की टीम ने करीब 138 लोगों के छाती के एक्स-रे कर रिपोर्ट उन्हें मौके पर ही दी गई, जबकि 18 व्यक्तियों के सस्पेक्टड होने के चलते उनके बलगम के नमूने लेकर नादौन अस्पताल भिजवाए, ताकि बीमारी बारे पता चल सके। डॉ. हितेश का कहना है कि टीबी का इलाज संभव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर किसी को तीन हफ्ते से खांसी है, तो टीबी की जांच जरूर करवाएं।

### 9 छात्रों का रिलायंस इंडस्ट्रीज में प्लेसमेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल गवर्नमेंट कॉलेज हमीरपुर के लिए यह गर्व का क्षण है क्योंकि बीवोक रिटेल मैनेजमेंट कार्यक्रम के 6वें सेमेस्टर के 9 छात्रों को रिलायंस इंडस्ट्रीज के विभिन्न ब्रांडों के साथ फैशन कंसल्टेंट के रूप में प्लेसमेंट मिला है। सबसे उच्चतम पैकेज आरएस 4.05 लाख प्रति वर्ष का रहा, जो कॉलेज की प्लेसमेंट उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है, जिन छात्रों का सफलतापूर्वक प्लेसमेंट मिला है, उनमें आर्यन, अशिता, दिव्या ठाकुर, ज्योति, पायल, रुचि, सक्षम, शुभम और वंश हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे अग्रणी कॉर्पोरेट दिग्गज के साथ इनका चयन फैशन और रिटेल इंडस्ट्री में कॉलेज के बीवोक रिटेल मैनेजमेंट कार्यक्रम की बढ़ती औद्योगिक प्रासंगिकता को दर्शाता है। यह प्लेसमेंट राजेश रंजन, राज्य समन्वयक, लेबरनेट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मार्गदर्शन में संभव हो पाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पाटियाल ने नोडल अधिकारी प्रो. नीलम गुलेरिया और बीवोक रिटेल मैनेजमेंट संकाय प्रो. अनिल, प्रो. मीनाक्षी और प्रो. सुनील को छात्रों का मार्गदर्शन और मेंटरिंग करने के उनके समर्पित प्रयासों के लिए बधाई दी।

### 15 तक बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 अप्रैल तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 अप्रैल से पहले उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से करें। इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे।

### राघव कपिल बने रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** गरीब, असहाय और जरुरतमंद लोगों की मदद करने वाली संस्था रेडक्रॉस सोसायटी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए एसडीएम भोरंज एवं भोरंज उपमंडल के रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष के विशेष प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। भोरंज उपमंडल में बड़ी संख्या में लोग जिला रेडक्रॉस सोसायटी में अंशदान देकर इसके संरक्षक और आजीवन सदस्य बन रहे हैं। इसमें हिमाचल प्रदेश किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष राघव कपिल ने भी रेडक्रॉस सोसायटी के लिए अंशदान दिया और सोसायटी के सदस्य बने। एसडीएम व भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने राघव कपिल का आभार व्यक्त किया।

### अधिकारियों-कर्मियों को सिखाए भीड़ प्रबंधन के उपाय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** किसी भी धार्मिक या अन्य बड़े आयोजनों अथवा बड़े धार्मिक स्थलों पर लोगों की भारी भीड़ के दौरान आवश्यक प्रबंध करने तथा भगदड़ जैसी आपदाओं से बचाव के उपायों के संबंध में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए बुधवार को हमीर भवन में कार्यशाला आरंभ हुई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा आयोजित की जा रही इस कार्यशाला के पहले दिन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के रिसोर्स पर्सन कर्नल (सेवानिवृत्त) वीएन सुपनेकर ने आपदा प्रबंधन एवं इंसीडेंस रिस्पांस सिस्टम (आईआरएएस) से संबंधित जिले के अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रबंधन अपने आप में काफी चुनौतीपूर्ण है।

### रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़ें अधिक से अधिक लोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने सोसायटी के सभी पदाधिकारियों, संरक्षकों और आजीवन सदस्यों से अपील की है कि वे जिले में अधिक से अधिक लोगों को सोसायटी से जोड़ने की दिशा में कार्य करें, ताकि यह सोसायटी आर्थिक रूप से सशक्त हो सके तथा इसके माध्यम से अधिक से अधिक जरुरतमंद लोगों की मदद की जा सके। बचत भवन में आयोजित जिला रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक में अमरजीत सिंह ने बताया कि हमीरपुर अस्पताल में रेडक्रॉस सोसायटी की लैब में विभिन्न टेस्टों की सुविधा को दोबारा शुरू किया जाएगा। इस लैब में आधुनिक मशीन और उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए फंड जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सोसायटी जल्द ही जिले में विकलांगता पहचान शिविर आयोजित करेगी। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। अंशदान प्राप्त करने के लिए सोसायटी रैफल ड्रॉ भी निकालने जा रही है। इस ड्रॉ में 100 रुपए की कंट्रीब्यूशन स्लिप पर कई बड़े ईनाम रखे गए हैं। उन्होंने सभी जिलावासियों से अपील की है कि वे यह कंट्रीब्यूशन स्लिप खरीदकर रेडक्रॉस सोसाइटी के लिए अंशदान करें और साथ में बड़े इनाम भी जीतें।

# 6 को नखरेड़ मुंशीयां में होगा भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** भाजपा अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 6 अप्रैल को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की टिब्बी पंचायत के अंतर्गत भड़मेली के पास नखरेड़ मुंशीयां में एक भव्य समारोह का आयोजन करने जा रही है, जिसे लेकर स्थानीय जनता तथा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजपा मंडल सुजानपुर टीहरा के अध्यक्ष जसवंत सिंह एवं भाजपा मंडल बमसन के अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा ने बताया कि इस समारोह की तैयारियां चली हुई हैं और संयोग से इस दिन पूर्व विधायक राजेंद्र राणा का जन्मदिन भी है। दोनों मंडल अध्यक्षों ने बताया कि यह समारोह भाजपा की संगठनात्मक ताकत, सेवा भाव और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को रेखांकित करेगा। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# शॉर्ट सर्किट से पशुशाला में लगी आग, घास जलकर राख

**अनंत ज्ञान, रंगस**



नादौन विधानसभा के जोलसप्पड़ पंचायत के साथ लगते गांव में सुबह-सवेरे एक पशुशाला में आग लग गई, जिससे उसमें रखा घास जल कर राख हो गया। शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी।

पशुशाला के मालिक कश्मीर सिंह पुत्र स्व. सीता राम ने बताया कि बुधवार सुबह रोज की तरह करीब 5 बजे उन्होंने अपने मवेशी पशुशाला से बाहर निकाले और उन्हें घास डाल कर अपने घर चले गए कुछ ही देर बार उन्हें पशुशाला से धुआं उठता दिखाई दिया, वे परिजनों सहित मौके पर पहुंचे, तो देखा पशुशाला में रखे घास में आग लग गई थी। उन्होंने शोर मचाया, जिस कारण आसपास के काफी लोग मौके पर इक्ट्ठा हो गए और लोगों के सहयोग से आग पर बड़ी मशक्कत से काबू पाया गया। आगजनी की घटना में पशुशाला की छत्त पर रखा घास व स्लेटपोश पशुशाला की एक साइड जल कर राख हो गई। कश्मीर सिंह ने बताया कि गनीमत यह रही कि आग पहले नहीं लगी, नहीं तो नुकसान बढ़ सकता था। पंचायत उपप्रधान संतोष कुमार सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे व उन्होंने इस बारे हल्का पटवारी कृष्ण चंद को सूचना दी। हल्का पटवारी का कहना है कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भिजवाई जा रही है।

## पंजाब के विभिन्न शहरों से होते हुए पैदल यात्रा कर दियोटसिद्ध पहुंचे श्रद्धालु

# बाबा बालक नाथ की भेंटों का किया गुणगान

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

भगत तरसेम लाल महाराज की चलाई गई पैदल यात्रा की रीत जो हर वर्ष मार्च महीने के आखिरी बुधवार को लुधियाना से हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ जी के दर्शनों के लिए आती है।

इस वर्ष भी 26 मार्च को लुधियाना से भगत संजीव कुमार की रहनुमाई में हजारों श्रद्धालुओं के साथ चली हुई थी। इस बारे में जैनेद्र शर्मा ने बताया कि 63वीं पैदल यात्रा पंजाब के विभिन्न शहरों से होते हुए अपने नियमित दिन पर उत्तरी सिद्धपीठ के बाबा बालक नाथ धाम पर आई। यात्रा में सभी श्रद्धालुओं ने शाहतलाई से बिना कुछ खाए गुरु महाराज भगत संजीव कुमार की रहनुमाई में 5 किलोमीटर की चढ़ाई चढ़ी। भक्त की तरफ से बाबा बालक नाथ की गुफा पर रोट-प्रसाद अर्पित किया। इसके उपरांत शाम को सराय नं-9 में बाबा जी का जागरण किया, जिसमें विधायक विवेक कुमार, विधायक इंद्रदत लखनपाल, सुरेश चौधरी, सुरिंद्र अग्निहोत्री, नरेश गुप्ता, संजीव भाजपा मंडल अध्यक्ष, राजिंद्र गौतम अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर, धर्मपाल नेगी तहसीलदार बड़सर, संदीप चंदेल मंदिर अधिकारी, प्रकाश चंद चौकी प्रभारी दियोटसिद्ध आदि ने जागरण में हाजिरी लगाई। पैदल यात्रा को देखने के लिये दूर-दूर से भगतजन आते हैं।



### बाबा की गुफा के 30 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**बड़सर।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में बुधवार को 30 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन कर बाबा जी की पिंडी पर 37 लाख 89 हजार 772 रुपए चढ़ावे के रूप में चढ़ाए। मंदिर प्रेसिडेंट एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया कि बुधवार को श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन में 38 लाख के करीब धनराशि चढ़ाई है। सोना 13 ग्राम 440 एमजी, सिल्वर 572 ग्राम 330 एमजी, इंग्लैंड पाउंड 245, यूएसए डॉलर 756, यूरो 130, कनाडा डॉलर 540, यूएई 220, मलेशिया 84 विदेशी करेंसी प्राप्त हुई है।

# नानक चंद ने संपर्क सड़क निर्माण के लिए स्वयं तोड़ दी 10 मीटर बाउंड्री वॉल

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



वर्तमान समय में जहां लोग एक-एक इंच जमीन हासिल करने के लिए न केवल आपस में मारपीट करने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।

वहीं नादौन विधानसभा क्षेत्र की पंचायत पुतड़ियाल के गांव जांगल निवासी नानक चंद धीमान ने अपने घर के पास मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बन रही संपर्क सड़क के निर्माण के लिए अपने मकान के पास लगभग 10 मीटर बाउंड्री वॉल को स्वयं तोड़ दिया व अपनी मलकीती जमीन में उगे निजी पेड़ो को भी बिना किसी क्लेम के स्वयं अपने खर्चे पर कटवा दिया। नानक चंद धीमान के इस परोपकारी कार्य की पंचयात के हर व्यक्ति द्वारा सराहना की जा रही है। लोगों का कहना हैं कि नानक चंद धीमान ने क्षेत्र में अन्य लोगों के लिए एक मिसाल पेश की है। ग्राम पंचायत पुतड़ियाल में रत्तियां कुआड रोड से बल्ल चौक बाया जांगल होकर वर्तमान समय में मुख्यमंत्री संपर्क ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए मुख्यमंत्री ने सड़क के निर्माण के लिए 26 लाख 80 हजार की बजट राशि स्वीकृत की है।

सड़क के निर्माण के लिए पहले फेस में लगभग 9 लाख की बजट राशि खर्च करने का प्रावधान है। इस बात की ग्राम पंचायत पुतड़ियाल के उपप्रधान संजीव कुमार ने पुष्टि करते हुए नानक चंद धीमान की सराहना की है। (अनंत ज्ञान)

**इस** बारे में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पंकज कौशल ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाई जा रही इस संपर्क सड़क के निर्माण के लिए 26 लाख 80 हजार की बजट राशि स्वीकृत हुई है। जल्द सड़क को पूर्ण रूप दिया जाएगा।

## विधायक सुरेश ने नीट की परीक्षा के लिए कोचिंग क्लासेस व टेस्ट सीरीज का किया शुभारंभ

# 16 स्कूलों में 149 छात्रों ने दी पहले टेस्ट सीरीज की परीक्षा

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में नीट की परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग क्लासेस और टेस्ट सीरीज का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन मेधावी विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करना है, जो आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण कोचिंग सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं।

इस निशुल्क कोचिंग और टेस्ट सीरीज के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को कुल चार टेस्ट देने का अवसर मिलेगा, ताकि वह ज्ञान का आकलन कर सके और परीक्षा के लिए बेहतर रणनीति बना सके। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। यह निशुल्क कोचिंग और टेस्ट सीरीज छात्रों को बेहतर तैयारी करने और उनकी कमजोरियों को सुधारने में मदद करेगी। कोचिंग क्लासेस में महत्वपूर्ण विषयों जैसे भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रत्येक टेस्ट के बाद विद्यार्थियों को विस्तृत मूल्यांकन रिपोर्ट दी जाएग, जिससे वे अपनी कमजोरियों को पहचान सके और उन्हें सुधारने पर काम कर सकें। उधर, अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे अपने बच्चों के लिए एक सुनहरा अवसर बताया।

भोरंज विधानसभा क्षेत्र के 16 विद्यालयों के कुल 149 विद्यार्थियों ने अपना पहला टेस्ट दिया। इनमें से 6 विद्यालयों के, 71 छात्रों ने जाहू स्कूल में सामूहिक परीक्षा दी। यह परीक्षा पूरी पारदर्शिता और कड़ी निगरानी में आयोजित की गई, जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा अनुभव प्राप्त हुआ। (अनंत ज्ञान)

### 50 ने रक्तदान कर मनाया विधायक का जन्मदिन



**जाहू।** भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने जन्मदिवस सादगी से मनाया। जन्मदिवस पर बधाई देने के लिए सुबह से ही कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उनके निवास स्थान जाहू कलां में पहुंचे और जन्म दिवस की बधाई दी तथा केक काट खुशी मनाई। इस अवसर पर जाहू बस अड्डे में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जाहू पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा ने भोरंज विधायक सुरेश कुमार को जन्म दिवस की बधाई दी तथा रक्तदान शिविर में ब्लड देने वाले लोगों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है। इससे लोगों को नया जीवन मिलता है। विधायक ने भी रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।

**परेशानी** कुडार-सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क चौड़ीकरण काम में बड़ा पेंच, काम रुका

# चीड़ के पेड़ बने बाधा, ठेकेदार को पेमेंट नहीं

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

उत्तर भारत के प्रमुख सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर को जोड़ने वाली सलौणी-दियोटसिद्ध मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण के काम में बड़ा पेंच फंस गया है।

ठेकेदार को पेमेंट नहीं हो रही और रही सही कसर सड़क के दोनों ओर के काटे जाने वाले बाधा बने चीड़ के पेड़ों ने पूरी कर दी है। हैरानी इस बात की है कि सड़क के चौड़ीकरण का काम तो काफी समय पहले शुरू हो चुका है, लेकिन जितने पेड़ इस रोड से हटाए जाने थे, उनका काम शुरू ही नहीं हुआ। अभी पेड़ों की मार्किंग भी नहीं हो पाई है। कितने पेड़ काटे जाने हैं? कहां-कहां रुकावटें हैं? इस पर काम शुरू नहीं हुआ है। अब कोई करे भी तो क्या? ठेकेदार पेमेंट नहीं होने की वजह से व्यवस्था के चुंगल में फंस गया है। उसकी करोड़ की देनदारी 31 मार्च तक हो नहीं पाई अब उसने भी थक हार कर काम को फिलहाल स्टॉप गैप में डाल दिया है। करीब 25 किलोमीटर लंबाई की इस सड़क का काम कुछ माह पहले शुरू हुआ था। जगह-जगह से इसे खुला भी किया गया। इसे टू-लेन बनाया जाना है, लेकिन इसके आधे हिस्से में जंगल है, वैसे तो सड़क को खुला करने में दिक्कत नहीं है, मगर अब जब तक पेड़ नहीं काटे जाएंगे सड़क के चौड़ीकरण का काम पूरा नहीं हो पाएगा। (अनंत ज्ञान)



कुडार-सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क निर्माण में बाधा बने चीड़ के पेड़।

### डंगों का निर्माण जारी

**इस** सड़क पर तकरीबन 19 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। यह टू-लेन बननी है। इसका काफी ज्यादा हिस्सा खुला कर दिया गया है। डंगों का निर्माण जारी है। इसके खुला होने से वाहन चालकों को काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इसका भूमि पूजन कर निर्माण की विधिवत शुरुआत की थी।

### पेमेंट के इंतजार में ठेकेदार

**इस** सड़क के निर्माण का जिम्मा संभाले ठेकेदार ज्ञानचंद का कहना है कि बैंक से लोन लेकर काम शुरू किया गया था। तकरीबन 3 करोड़ का काम हो चुका है, लेकिन 31 मार्च तक भी पेमेंट नहीं हो पाई है इसलिए अब काम स्टॉप गैप में डाल दिया गया है। पैसे के बगैर काम हो नहीं सकता। ऊपर से चीड़ के पेड़ भी अभी रुकावट हैं। दोनों का निपटारा जैसे ही होगा, काम शुरू कर दिया जाएगा। उधर, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ सुरेश कौंडल का कहना है कि पेमेंट शायद अभी पेंडिंग है, लेकिन इस बारे में कुछ कह नहीं सकते।

### मार्किंग का नहीं हुआ काम

**चाहिए** तो यह था कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही काटे जाने वाले चीड़ के पेड़ों की गिनती हो जाती और उन्हें काटने की प्रक्रिया शुरू होती, लेकिन इसमें कतई भर भी काम समय पर नहीं हुआ। हमीरपुर के डीएफओ अंकित कुमार का कहना है कि अभी इस बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग से कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, जबकि पीडब्ल्यूडी के एसडीओ सुरेश कौंडल का कहना है कि इसका काम शुरू कर दिया गया है। इसी हफ्ते यह तय कर दिया जाएगा कि संख्या पेड़ों की कितनी है। कहां-कहां किसकी जमीन पड़ती है। इसका रिकॉर्ड रेवेन्यू विभाग से लिया जा रहा है। बिझड़ी में स्थित ब्लॉक ऑफिसर फॉरेस्ट विनोद कुमार का कहना है कि पीडब्ल्यूडी को कहा गया था, अब इनकी गिनती होगी और इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# प्रशिक्षु अध्यापकों को सूक्ष्म शिक्षण का महत्व व उपयोगिता के विषय में बताया



**सुनील कुमार, हमीरपुर**

- त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में माइक्रो टीचिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. बबीता कालिया ने शिरकत की। मंच का संचालन चंपा ठाकुर ने द्वीप प्रज्वलन कर किया। कार्यशाला में डॉ. बबीता ने प्रशिक्षु अध्यापकों को सूक्ष्म शिक्षण का महत्व व उपयोगिता के विषय में बताया। बबीता ने प्रशिक्षु अध्यापकों को सूक्ष्म शिक्षण के कौशलों के विषय में जानकारी दी। सूक्ष्म शिक्षक एक शिक्षक प्रशिक्षण की तकनीक है, जो शिक्षकों के शिक्षण कौशल में सुधार करने का अवसर प्रदान करता है। इसमें शिक्षक छोटे स्तर पर शिक्षण अनुभव प्राप्त करता है। सूक्ष्म शिक्षण शिक्षकों को समय प्रबंधन, शरीर की भाषा में सुधार और संचार कौशल में सुधार करने में मदद करता है। सूक्ष्म शिक्षण के लिए योजना के आधार पर शिक्षण करवाना, शिक्षक और छात्र शिक्षण के बारे में चर्चा करते हैं। छात्र शिक्षक अपनी शिक्षक योजनाओं में सुधार करता है। यह शिक्षकों को शिक्षण कौशल में सुधार करने का एक नियंत्रित और सुरक्षित तरीका प्रदान करता है। सूक्ष्म शिक्षण की कार्यशाला के अंत में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा ने रिसोर्स पर्सन डॉ. बबीता का धन्यवाद किया। कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या पूनम भारद्वाज ने रिसोर्स पर्सन डॉ. बबीता का धन्यवाद किया व कहा कि प्रशिक्षु अध्यापकों को इतनी प्रभावी रणनीतियों के बारे में जानकारी प्रदान की।

## न्यूज ब्रीफ


### बीआर राही की मृत्यु पर व्यक्त किया शोक

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय अध्यापक संघ के पूर्व प्रेस सचिव प्रताप रियाड ने शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन बीआर राही के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राही एक अच्छे शिक्षाविद थे। उनकी मृत्यु से पूरे शिक्षा जगत को उनकी कमी खलती रहेगी।

### सब-स्टेशन सिद्धपुर के तहत कल बिजली बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर, संतोष कुमार ने जानकारी दी कि 33/11 केवी सब स्टेशन सिद्धपुर में बिजली लाइनों के जरूरी रख रखाव हेतु 4 अप्रैल (शुक्रवार) को सुबह 9:30 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान सिद्धबाड़ी, योल, योल बाजार, नरवाणा, सिद्धपुर, होडल, घुरलू, फतेहपुर, सुक्कड़, बागणी, होटल क्लब महिंद्रा, दाड़नू, चोहला, रक्कड़, दाड़ी, खनियारा, स्लेट गोदाम, बन्नी बनोरडू, मोहली, तपोवन, झिओल, बरवाला, थातरी, खड़ोता, धलूं, तंगरोटी, टंग, ग्यूतो मोनेस्ट्री, छतेहर, थेरू, जलोह, उठड़ाग्रां, बलेहड़, नरवाणा, कस्बा, खिरकु, सालिग, कंड कड़ियाना, टिकरी, बगिआरा, जूल, तिरंगा, मछहां, अंद्राड़, दाड़ी, बड़ोल, लोअर बड़ोल, लोअर दाड़ी, धौलाधार कॉलोनी, शीला चौक, पासू, शीला, भटेहड़, कनेड़, लोअर सुक्कड़ आदि क्षेत्रों मे विधुत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### कोरी घोषणाओं से नहीं होता विकास : संजय



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पौंग डैम के किनारे स्थित ऐतिहासिक बाथू की लड़ी पर आने वाले पर्यटकों से विभाग द्वारा पर्ची काट कर पैसे वसूलने के मामले पर जवाली विधानसभा के भाजाप के वरिष्ठ भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने जवाली में पत्रकार वार्ता कर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक बाथू की लड़ी में पर्ची काटना लोगों व पर्यटकों के साथ मजाक सा बन कर रह गया है। पर्यटन को कैसे बढ़ाया जाए, यह सुक्खू सरकार के बस की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं से होता है कोरी घोषणाओं से नहीं। सरकार ने कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रुप मे विकसित करने की बात कही है। मात्र बयान देने या विशेष नाम रखने से पर्यटन नहीं बढ़ता। इसलिए पुख्ता योजनाएं बनानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा में अनेकों शक्तिपीठ हैं उनका प्रचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ऐतिहासिक बाथू की लड़ी में पर्ची काट कर पैसे वसूलना लोगों से मजाक कर सरकार खुद मजाक का पात्र बन कर रह गई है। भाजपा के नेता ने जल शक्ति विभाग मंडल जवाली के अधिकारी को सेवानिवृत्त के दौरान पुनः नियुक्ति करने पर स्थानीय मंत्री का हाथ बताया है। उन्होंने कहा कि मंत्री और अधिकारी मे कुछ काला जरूर है। दोनों की मिलीभगत चल रही है, जिसे कारण पुनः नियुक्ति के लिए अधिकारी व मंत्री शिमला में ही डटे रहे और पिछे क्षेत्र में विकास कार्य प्रभावित होते रहे। भाजपा नेता ने अरोप लगाया है कि नगर परिषद जवाली में जितने भी टेंडर हुए है, कानून को दरकिनार करते हुए उस बड़े टेंडर को तोड़-तोड़ कर व्यक्तिगत फायदा पहुंचाने के लिए चेहतों को बांटा गया है, जिसकी शिकायत भी की गई। इस मामले को लेकर पार्टी के कुछ नेता हाईकोर्ट तक गए हैं, यह लड़ाई अब कोर्ट में लड़ी जाएगी।

### जयसिंहपुर कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में बुधवार को वनस्पति विज्ञान विभाग के द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय परिसर में बहुत सारे सदाबहार पौधे और मौसमी पौधों का पौधरोपण किया गया। इस पौधरोपण में पाम, क्रोटोन, एजेलिया, पेटूनिआ जेरेनियम, कैलालिली आदि जैसे पौधों का रोपण किया गया। ये पौधे हानिकारक गैसों को अवशोषित करने में सहायक होते हैं तथा पराबैंगनी किरणों से बचने में भी हमारी मदद करते है, साथ ही हवाओं को शुद्ध करने में पौधों का विशेष योगदान रहता है। पौधरोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य हरित एवं स्वच्छ ( ग्रीन एंड क्लीन) पहल को बढ़ावा देना है। साथ ही पर्यावरण की रक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करना है।

### वन अधिकार अधिनियम को लेकर जिला एवं उपमंडल स्तर पर आयोजित होंगी कार्यशालाएं : जगत सिंह नेगी

# पात्र लोगों को मिलेगा भूमि का मालिकाना हक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए जिला और उपमंडल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, ताकि पात्र लोगों को जीवन निर्वाह की भूमि पर मालिकाना हक दिलाया जा सके। बुधवार को स्कूल शिक्षा एजुकेशन बोर्ड के परिसर में वन अधिकार अधिनियम को लेकर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि सभी पंचायतों में वन अधिकार समितियां गठित करना अनिवार्य है तथा उपमंडल स्तर पर इन समितियों को अधिनियम के बारे में अवगत करवाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम को सुचारू तौर पर क्रियान्वित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से ऐतिहासिक पहल की है इससे पात्र लोगों को उनका मालिकाना हक मिलेगा इस के साथ ही विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने से अधिकारियों के साथ साथ आम जनमानस को वन अधिकार अधिनियम की जानकारी मिलेगी इससे सामुदायिक कार्यों इत्यादि को भी गति मिलेगी।



#### निर्धारित फॉर्म पर करना होगा आवेदन

**वन** भूमि पर निर्वाह करने वाले लोगों को निर्धारित फॉर्म पर आवेदन करना होगा। इसके लिए ग्राम सभा का अनुमोदन और दो लोगों की गवाही जरूरी होगी। इसके अलावा कोई खर्चा नहीं होगा। दावेदार का कब्जा इस भूमि पर 13 दिसंबर 2005 से पहले तीन पुश्तों तक होना चाहिए। अधिनियम में दावा करने वालों को फार्म भरना होगा। पत्नी का नाम भी जरूरी होगा। पत्नी बराबर की हिस्सेदार होगी। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग से हैं तो प्रमाण पत्र लगाना होगा, सामान्य वर्ग से हैं तो गांव के निवासी होने का पहचान पत्र वोटर आई कार्ड या आधार कार्ड लगाना होगा। साक्ष्य के लिए दो बुजुर्गों के बयान लगेंगे, जो पुष्टि करेंगे कि दावेदार का कब्जा इस भूमि पर 13 दिसंबर 2005 से पहले तीन पुश्तों तक का है। जिस भूमि पर दावा जता रहे हैं उसकी लंबाई और चैड़ाई की जानकारी खुद नक्शा नजरी बनवा कर दे सकते हैं यदि उसका राजस्व रिकॉर्ड नहीं है। अन्यथा भूमि का राजस्व रिकॉर्ड पेश करना होगा।

#### आवेदन पत्र को वन अधिकार समिति के माध्यम से ग्रामसभा को भेजने का प्रावधान

**प्रार्थना** पत्र को पंचायत की ग्रामसभा से वन अधिकार समिति (एफआरटी) के माध्यम से अनुमोदित किया जाएगा। समिति में अधिकतम 15 लोग हो सकते हैं एक तिहाई महिलाएं होनी चाहिएं, एक अध्यक्ष होगा एक सचिव होगा। यह कमेटी मौके पर जा कर दावों को लेकर रिपोर्ट बनाएगी। कमेटी लिखित सूचना पटवारी और गार्ड को देगी और इन्हें अनिवार्य तौर पर कमेटी के साथ मौके पर जाना होगा। बिना सूचना दिए अगर नहीं जाते तो 1000 रुपए जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। एफआरटी को अधिकार नहीं कि दावे को स्वीकृति दें, इनका काम सिर्फ मौके पर जाकर सत्यापन करने का है। कमेटी अपनी टिप्पणी में लिखेगी कि संबंधित जमीन पर पेड़ है, खेत है, मकान है या चरागाह है। हर प्रार्थना पत्र का सत्यापन करने के बाद कमेटी पंचायत सचिव के माध्यम से विशेष ग्रामसभा को भेजेगी। ग्राम सभा में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यस्क वोट कर सकेंगे, सामान्य ग्राम सभा में 18 साल से अधिक आयु का सिर्फ एक व्यक्ति ही वोटर होता है, लेकिन विशेष ग्राम सभा में परिवार के सभी व्यस्क वोट दे सकेंगे। ग्राम सभा में 50 फीसदी लोग यदि प्रार्थी के दावे का अनुमोदन करते हैं तो मालिकाना हक मिलना निश्चित हो जाएगा। ग्राम सभा सभी अनुमोदित मामले सत्यापन के लिए उपमंडल स्तरीय समिति को भेजेगी। उपमंडल स्तरीय समिति सभी मामलों के सत्यापन के बाद जिला स्तरीय समिति को भेजेगी। उपायुक्त की अध्यक्षता वाली समिति दावों का निपटारा और दस्तावेजीकरण कर स्वीकृति देगी, जिसके बाद दावेदार को भूमि का पट्टा देकर मालिकाना हक दिया जाएगा।

### विपिन परमार को दिया ढाटी सांबा छिंज मेले में आने का निमंत्रण

**अनंत ज्ञान, डरोह।** लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला कमेटी के सदस्यों ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार को 12



अप्रैल को मुख्यातिथि के रूप आने के लिए निमंत्रण दिया । परमार ने यह न्योता कबूल कर लिया। उन्होंने कहा कि लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला सदियों पुराना मेला है और इसके वर्तमान सदस्यों ने भी इस सभ्यता को, इस धरोहर को जिंदा रखा हुआ है। इसकी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेले हमें आपस में जोड़ते हैं। आप मेरे आवास ननाओं में आकर मुझे मेले के लिए आमंत्रित किया इसके लिए आपका बहुत आभार। इस मौके पर प्रधान कुलबीर सिंह राणा, सचिव अमर सिंह राणा, नरपाल सिंह, अश्विनी राणा, धर्म सिंह, कमलेश शर्मा,राज कुमार, मनोज शर्मा व विनोद कुमार उपस्थित रहे।

## बज्रेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए करेंगे काम: मोंगरा

### एपीएमसी के अध्यक्ष ने मंदिर में महाशतचंडी यज्ञ में लिया हिस्सा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में चैत्र नवरात्र के मेले चले हैं, जिसके मद्देनजर मंदिर को पूरी तरह से फूलों से सुसज्जित किया गया है। मां दुर्गा के पांचवें रूप माता स्कंदमाता के नवरात्र के शुभ अवसर पर एपीएमसी, हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष नीशू मोंगरा माता का आशीर्वाद लेने मां बज्रेश्वरी मंदिर पहुंचे।

यहां पहुंचकर उन्होंने सर्वप्रथम माता का आशीर्वाद लिया और उसके उपरांत उन्होंने महाशतचंडी यज्ञ में पूजा-अर्चना की। उनके साथ पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नागेश्वर मनकोटिया, मंदिर अधिकारी नीलम राणा और विभिन्न प्रधान मौजूद रहे। इसके उपरांत उन्होंने मंदिर की परिक्रमा की। मंदिर अधिकारी नीलम राणा ने उनको माता की चुनरी और माता की तस्वीर भेंट की। नीशू मोंगरा ने मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर किए जा रहे कार्यों के लिए प्रशासन की प्रशंसा की। उन्होंने मंदिर प्रशासन को मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किसी भी तरह का सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कांगड़ा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बनेर घाट के निर्माण कार्य के लिए प्रशासन को बधाई दी और इस कार्य में पूरा सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता विजय कुमार, ट्रस्ट सदस्य अशोक हिमाचली, उमाकांत, दिलवर सिंह प्रधान दौलतपुर, केवल चौधरी प्रधान खोली पंचायत, लालू उपाध्यक्ष कुल्थी पंचायत, ओम प्रकाश ठंडा, प्रदीप सैनी मौजूद रहे।

### नूरपुर में वॉलीबाल कार्निवाल 11 से

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** जिला कांगडा की रंजीत बख्शी जन कल्याण सभा नूरपुर की ओर से नूरपुर वॉलीबाल कार्निवल के तीसरे सीजन का आयोजन 11 से 13 अप्रैल तक जसूर के समीप बदुई ग्राउंड में किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष अखिल बख्शी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31,000, द्वितीय पुरस्कार 21,000 और तृतीय पुरस्कार 11,000 और चतुर्थ पुरस्कार 7,100 रुपए रखा गया है। अभी तक 34 टीमों द्वारा पंजीकरण करवाया जा चुका है। अकिल ने बताया कि नूरपुर वॉलीबाल कार्निवल सीजन- 3 में टीमों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 मार्च शाम पांच बजे तक रखी गई है। उन्होंने कहा कि अपनी आइडेंटिटी कार्ड के साथ किसी भी स्कूल कॉलेज या अन्य संस्थान की टीम में भी इस कार्निवल में हिस्सा ले सकती हैं। इस प्रतियोगिता में एक पंचायत से दो से अधिक टीमें भाग नहीं ले सकेंगी।

## नूरपुर की 195 करोड़ की योजनाओं की जल्द बनाएं डीपीआर : निक्का

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

विधानसभा नूरपुर के भाजपा विधायक रणवीर सिंह निक्का ने नूरपुर के कंडवाल में पत्रकार वार्ता में कहा कि क्षेत्र की जनता ने जो उन पर विशवास जताया है और उन्हें विधानसभा भेजा है, उनकी उम्मीदो के अनुसार विधानसभा सत्र मे क्षेत्र की समस्याओं को जोर-शोर से सदन मे उठाया है। उन्होंने कहा कि विधायक प्राथमिकता पर 195 करोड़ की लागत से क्षेत्र मे बनने वाली योजनाओं की डिपीआर को जल्द बनाने की मांग भी सदन में रखी गई है, ताकि क्षेत्र मे नाबार्ड आदि से बनने बाली सड़के,पुल व जल शक्ति विभाग एवं सिंचाई विभाग की पेयजल योजनाओं का निर्माण समय पर किया जा सके। निक्का ने कहा कि जनता से झुठे बाधे करने व घोषणाओ को पुरा न करने जैसे भिन्न भिन्न मुद्दों पर सदन मे सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश मे भाजपा सरकार बनेगी तो विकास रुकेगा नहीं।



**बोले, सदन में जोर-शोर से उठाईं नूरपुर की समस्याएं**

भाजपा विधायक रणवीर सिंह निक्का के कार्यलय कंडवाल में हर रोजाना आम दरबार लगाया जाता है इस आम दरबार में जनकल्याण व नूरपुर विधानसभा के लोगों अपनी समस्याओं को लेकर चर्चा होती है जो भी मकान बनाने के लिए सहायता मांगने उनके पास आते है बो उनका सहयोग करते है। विधायक का कहना है कि वह विधानसभा से मिलने वाले मानदेय व भत्तों से चार गुना अपनी सेवा से धन खर्च कर जनता को समर्पित कर देते हैं। (अनंत ज्ञान)

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity — अनंत ज्ञान

### नेवी में अग्निवीर योजना के तहत अवसर

एसएसआर मेडिकल असिस्टेंट
(फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी)
- आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2025
- न्यूनतम शिक्षा: 12वीं पास
- आयु सीमा : 1 सितंबर 2004 से 29 फरवरी 2008 के बीच
- आवेदन करें : joinindiannavy.gov.in

### रेलवे में प्रबंधक बनने का अवसर

**मैनेजर**
- जूनियर टेक्निकल मैनेजर (सिविल) 35
- जूनियर टेक्निकल मैनेजर (इलेक्ट्रिकल) 17
- जूनियर टेक्निकल मैनेजर (एसएंडटी) 03
- जूनियर टेक्निकल मैनेजर (रोलिंग एवं स्टॉक) 04
- जूनियर टेक्निकल मैनेजर (आर्किटेक्चर) 08
- जूनियर टेक्निकल मैनेजर (डेटाबेस एडमिन) 01
- असिस्टेंट मैनेजर (खरीद) 01
- असिस्टेंट मैनेजर (सामान्य) 01
- आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2025
- आवेदन करें : www.nhsrcl.in

### बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में पाएं नौकरी



जूनियर क्लर्क
- कुल 199 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 18 से 33 वर्ष
- न्यूनतम शिक्षा: 12वीं पास
- आवेदन करें : bhu.ac.in

### राजस्थान में कर्मचारी चयन बोर्ड में जॉब

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी
- 53000 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि: 19 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 18 से 40 वर्ष
- न्यूनतम शिक्षा: 10वीं
- आवेदन करें : rsmssb.rajasthan.gov.in

### बिहार में होमगार्ड बनने का मौका

होमगार्ड
- कुल 15000 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 19 से 40 वर्ष
- न्यूनतम शिक्षा: 12वीं पास
- आवेदन करें : bhu.ac.in

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

## सकारात्मक मानसिकता सफलता का आधारभूत मंत्र

*जीवन का लक्ष्य क्या है और किस दिशा में हो, यह एक महत्वपूर्ण पहलू है। हर व्यक्ति अपने जीवन में कोई न कोई लक्ष्य तय करता है और उसकी प्राप्ति के लिए अपनी क्षमता के अनुसार प्रयास करता है।*





**विक्रम वर्मा**
प्रवक्ता अंग्रेजी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

**करियर** के चयन करने में अत्यंत महत्वपूर्ण ध्यान देना चाहिए क्योंकि यह हमारे भविष्य की नींव का पत्थर साबित होती है। एक बार गंभीर चिंतन मनन करने के पश्चात और प्रत्येक पहलू को मद्देनजर रखते हुए करियर का निर्धारण करना चाहिए ताकि एक मजबूत और समृद्ध भविष्य की नींव रखी जा सके। करियर में सफलता प्राप्ति की बात हो या जीवन में किसी भी लक्ष्य प्राप्ति की सकारात्मक मानसिकता और रचनात्मक दृष्टिकोण सबसे महत्वपूर्ण और आधारभूत मंत्र माना जा सकता है क्योंकि हमारे सोचने के तरीके अर्थात हमारे नजरिए का हमारे जीवन में बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। कहा भी गया है कि हम जैसा सोचते हैं, वैसा ही बन जाते हैं। यह बात ध्यान देने योग्य है कि हमारी सोचने के तरीके का जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहता है और यही बात हमारे लक्ष्य प्राप्ति में भी सहायक होती है।

#### विषम परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखें

**करियर** निर्माण के मार्ग में और लक्ष्य हासिल करने में कई बार असफलता और निराशा उत्पन्न होती है यह स्वाभाविक है और कमजोर मानसिकता वाले मनुष्य अपना मनोबल खो देता है, परंतु दृढ़ इच्छाशक्ति संपन्न मनुष्य अपने नजरिए में कभी भी नकारात्मक भाव नहीं आने देता। वह अपनी असफलता को अपनी ताकत में बदलकर और अधिक क्षमता से प्रयास करता है। वह जानता है कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरी क्षमता से प्रयास करना होगा। विषम परिस्थितियों में भी साहस बनाए रखने और अधिक क्षमता से प्रयास करने की सकारात्मक मानसिकता हमेशा सफलता प्राप्ति में उत्कृष्ट भूमिका निभाती है।

## एनआईओएस परीक्षाएं 9 अप्रैल से होंगी शुरू

*नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) की ओर से अप्रैल/ मई 2025 सेशन के लिए 10वीं और कक्षा 12वीं थ्योरी परीक्षाओं के लिए एडमिट स्टूडेंट्स के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। एग्जाम में भाग लेने जा रहे छात्र अपना प्रवेश पत्र तुरंत ही एनआईओएस की ऑफिशियल वेबसाइट www.nios.ac.in जाकर या इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करके डाउनलोड कर सकते हैं। हॉल टिकट डाउनलोड करने के लिए छात्रों को लॉग इन डिटेल दर्ज करनी होगी।*

#### इन डेट्स में होना है एग्जाम

**एनआईओएस** की ओर से कक्षा 10वीं एवं 12वीं की थ्योरी परीक्षाओं की शुरुआत 9 अप्रैल से होने जा रही है। अंतिम पेपर 19 मई को करवाया जायेगा। टाइम टेबल के मुताबिक कक्षा 10वीं का पहला पेपर भारतीय दर्शन का होगा वहीं 12वीं क्लास में Entrepreneurship सब्जेक्ट का पेपर कराया जाएगा। दसवीं कक्षा का अंतिम पेपर मनोविज्ञान और संस्कृत व्याकरण का होगा वहीं 12वीं क्लास का अंतिम पेपर संस्कृत साहित्य सहित अन्य विषयों का होगा।

#### ऐसे डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

**एनआईओएस** 10वीं व 12वीं एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए छात्र-छात्राओं को सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट sdmis.nios.ac.in पर जाना है। वेबसाइट पर जाने के बाद आपको E&amination सेक्शन में जाने के बाद Hall Ticket (April/ May 2025) लिंक पर क्लिक करना है। इसके बाद स्टूडेंट्स को एक नए पेज पर एनरोलनमेंट नंबर और Hall Ticket Type सेलेक्ट करके सबमिट बटन पर क्लिक करना है। अब आपका एडमिट कार्ड स्क्रीन पर ओपन हो जाएगा, जहां से आप इसे डाउनलोड करके इसका प्रिंटआउट निकाल सकते हैं। आपको बता दें कि परीक्षाएं संपन्न होने के बाद एनआईओएस की ओर से रिजल्ट 6 से 7 सप्ताह के बाद घोषित किया जायेगा। छात्र ऑनलाइन माध्यम से अपने रिजल्ट को चेक कर सकेंगे। ऑनलाइन रिजल्ट चेक करने के लिए आपको लॉग इन डिटेल दर्ज करनी होगी। ओरिजिनल सर्टिफिकेट (मार्कशीट/ सार्टिफिकेट और माइग्रेशन सार्टिफिकेट प्रमाण पत्र) एनआईओएस की ओर से सीधे उनके द्वारा दर्ज किये गए एड्रेस पर डाक के माध्यम से भेज दिए जायेंगे। एग्जाम से जुड़ी अधिक डिटेल के लिए स्टूडेंट्स ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।




## मेडिकल फील्ड में बिना नीट के भी टॉप सैलरी करियर ऑप्शन

**हर साल लाखों स्टूडेंट्स नीट का फॉर्म भरते हैं। कुछ नीट क्वालीफाई करके एमबीबीएस में एडमिशन ले लेते हैं, लेकिन बहुत से ऐसे होते हैं, जो नीट क्वालीफाई नहीं कर पाते हैं। अगर आप भी नीट क्वालीफाई नहीं कर पाए हैं और मेडिकल में ही करियर बनाना चाहते हैं, तो यहां भी कई ऐसे ऑप्शन हैं जहां आप दमदार सैलरी पा सकते हैं।**



#### बीएससी नर्सिंग

**नर्सिंग** के काम से तो आप सभी वाकिफ होंगे। नर्स का काम हेल्थ केयर डिपार्टमेंट में बहुत खास होता है। वह डॉक्टर को असिस्ट करती है, पैशेंट की केयर करती है। सर्जरी में मदद, वाइटल्स मॉनिटर करना और सभी जरूरी मेडिकल टास्क करती है। एक नर्स हॉस्पिटल, क्लिनिक, रिहैब सेंटर और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में काम करती है। इसकी सैलरी 2.5 लाख से 6 लाख और इससे अधिक भी हो सकती है।

#### बीएससी बायोटेक्नोलॉजी

**बीएससी** बायोटेक्नोलॉजी एक ऐसी फील्ड है, जिसमें एक या दो या अधिक के दो या अधिक एरिया से जुड़े लोग बायोलॉजिकल साइंस के लिए इनोवेटिव सोल्यूशन बनाते हैं। ये लोगबायोटेक्नोलॉजिस्ट फार्मास्यूटिकल्स, जेनेटिक इंजीनियरिंग और बायोइन्फॉर्मेटिक्स में काम करते हैं। हेल्थकेयर कपंनी, रिसर्च लैब, बायोटेक फर्म, एग्रीकल्टर इंडस्ट्री में ये लोग काम कर सकते हैं। इनकी सैलरी 2.5 लाख से 5 लाख के बीच सालाना होती है। एकस्पीरियंस के साथ यह 15 लाख तक जा सकती है।

#### साइकोलॉजिस्ट

**मनोवैज्ञानिक** अवसाद, चिंता और मेंटल डिस्ऑर्डर के लिए ट्रीटमेंट के लिए आपको इस तरह के विशेषज्ञ की जरूरत होती है। वे मनोवैज्ञानिक कल्याण को बेहतर बनाने के लिए व्यक्तियों, परिवारों और समूहों के साथ मिलकर काम करते हैं। ये लोग स्कूल, कॉर्पोरेट क्षेत्र, अनुसंधान संस्थान और प्राइवेट क्लीनिक में काम करते हैं। इनको 3 लाख प्रति वर्ष से 15 लाख रुपए सालाना सैलरी मिलती है।



#### फार्मेसी ग्रेजुएट (बी फार्मा)

**फार्मासिस्ट** डॉक्टरों द्वारा निर्धारित की गई दवाओं को देते हैं। उनका काम ग्रहकों को इसके सेफ इस्तेमाल को बताना भी है। वे लोग मेडिसिन को स्टोर करने और दवाओं के रिएक्शन के बारे में भी जागारूक करते हैं। ये लोग हॉस्पिटल, फार्मेसी, दवा कंपनियां और रिसर्च लैब में काम करते हैं। इनकी सैलरी 2.5 लाख से 4 लाख रुपए सालाना रहती है।

### ज्ञान की बात

- हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सदस्यों के वेतन और भत्तों में कितने प्रतिशत की वृद्धि की गई ? – 24 प्रतिशत
- हिमाचल प्रदेश के किस गांव का नाम सिकंदर से जोड़ा जाता है? – मलाणा, जिला कुल्लू
- लिप्पा असरंग वन्यजीव विहार हिमाचल प्रदेश के किस जिले में स्थित है? – किन्नौर
- फोर्ब्स बिलियनेयर्स लिस्ट-25 में भारत में सबसे अमीर व्यक्ति कौन है? – मुकेश अंबानी
- सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप-2025 में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जीतने वाली खिलाड़ी कौन है? –मनीषा भानवाला
- दक्षिण चीन सागर के गहरे पानी में 'अंतरिक्ष स्टेशन' बनाने की योजना किस देश की है? – चीन
- शांति व स्थिरता के लिए किस धर्मगुरु को गोल्ड मर्करी पुरस्कार प्रदान किया गया? –बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा

**देश** के विकास से पहले हमें अपनी बुद्धि के विकास की आवश्यकता है। -**डॉ. भीमराव अंबेडकर**

## संपादकीय

# रक्तरंजित देवभूमि

हिमाचल की पवित्र देवभूमि रक्तरंजित होती जा रही है। प्रदेश में बीते 91वें दिनों में 22 मर्डर हो गए। इससे यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि देवभूमि अब सुरक्षित नहीं है। शिमला जिले के ठियोग में एक बार फिर नेपाली ने नेपाली की ही हत्या कर दी। इस हत्याकांड ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पहले भी शिमला जिले में नेपाली अपने ही हमवतन की हत्या कर चुके हैं। नेपाली यहां रोजी रोटी कमाने आते हैं, लेकिन आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जा रहे हैं। इससे हिमाचल का माहौल भी बिगड़ रहा है। उनकी देखादेखी में यहां के स्थानीय लोग भी आपराधिक वारदातों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

निसंदेह यह बेहद चिंता और घोर संकट का विषय है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिन-प्रतिदिन दिवालिया निकलता जा रहा है। हिमाचली शांति, सद्भाव और विश्वास के लिए जाने जाते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में ऐसी वारदातों ने इस देवभूमि की पवित्रता को दागदार कर दिया है। हर महीने कहीं न कहीं मर्डर की खबरें आ रही हैं, जो यह दर्शाती हैं कि प्रदेश में अपराध का स्तर बढ़ रहा है। यह चिंताजनक स्थिति है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश का हमेशा से अपराध से दूर एक शांतिपूर्ण राज्य के रूप में नाम रहा है। हिमाचल में अपराध की बढ़ती घटनाओं के कई कारण हो सकते हैं। प्रदेश में बाहरी लोगों, खासकर उत्तर भारत और नेपाल के नागरिकों का बड़ा संख्या में आना हाल के वर्षों बढ़ा है। इन बाहरी लोगों का यहां बसना और स्थानीय समाज में घुलना-मिलना अपराध की स्थितियों को बढ़ावा दे सकता है।

बाहरी लोगों में से कुछ असामाजिक प्रवृत्तियां लेकर आते हैं, जिससे स्थानीय अपराध दर में वृद्धि हो रही है। बाहरी लोगों की आपसी झड़पें और विवाद भी हिंसा का कारण बनते जा रहे हैं। ठियोग की हत्या की घटना इसका उदाहरण है, जहां एक नेपाली व्यक्ति ने दूसरे नेपाली की हत्या की, जो बाहरी लोगों के आपसी मतभेदों का परिणाम था। हिमाचल एक पर्यटन आधारित राज्य है और कोविड-19 के बाद से यहां का पर्यटन उद्योग और अर्थव्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई है। बेरोजगारी और आर्थिक तंगी के कारण कई लोग मानसिक तनाव में हैं, जिससे वे अपराध की ओर बढ़ सकते हैं।

बेरोजगार युवाओं के पास काम नहीं होने से वे असामाजिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, जिससे अपराध बढ़ते हैं। शराब और नशे का सेवन भी अपराधों की एक प्रमुख वजह बन गया है। हिमाचल प्रदेश में शराब और अन्य नशीली दवाओं की बड़ी खपत है, जो कई बार हिंसक घटनाओं को जन्म देती है। नशे की हालत में व्यक्ति अपना आपा खो देता है और अनचाहे अपराध कर सकता है, जिनमें हत्या, मारपीट, लूटपाट आदि शामिल हैं। ठियोग में भी शराब के नशे में मर्डर किया गया। हालांकि, शराब इसके लिए दोषी ज्यादा नहीं है, बल्कि इसके लिए दोष सिर्फ व्यक्ति की मानसिकता को दिया जाए, तो श्रेयस्कर रहेगा। हिमाचल में पारंपरिक सामाजिक ताने-बाने में बदलाव आ रहा है। आधुनिकता और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से स्थानीय समाज में वैमनस्य और असंतोष बढ़ा है। यह असंतोष कई बार हिंसा में बदल जाता है। इसके अलावा, सामाजिक दबाव और पारिवारिक मुद्दों के कारण भी लोग अपराध करने की ओर अग्रसर हो सकते हैं। हत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के सख्त कानून और कड़ी सजा को प्रभावी बनाना आवश्यक है।

राज्य सरकार को यह सुनिश्चि करना होगा कि अपराधियों को कड़ी सजा दी जाए। सजा का डर अपराधियों को अपराध करने से रोक सकता है। साथ ही सरकार को बाहरी लोगों के लिए आव्रजन नीति को सख्त बनाने की आवश्यकता है। विशेष रूप से, असामाजिक तत्वों को प्रदेश में आने से रोकने के लिए एक कठोर स्क्रीनिंग प्रक्रिया को लागू करना चाहिए। स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। खासकर युवाओं के लिए स्वरोजगार, प्रशिक्षण और सरकारी नौकरियों के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा सकता है। जब युवाओं के पास काम होगा, तो वे असामाजिक गतिविधियों से दूर रहेंगे। शराब और नशे के खिलाफ कड़ा कानून बनाना और उसका पालन करवाना तो बेहद महत्वपूर्ण है।

यह नहीं, समाज में अपराध की प्रवृत्तियों को कम करने के लिए शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाना भी आवश्यक है। पुलिस विभाग को और अधिक मजबूत और सशक्त बनाना चाहिए। उन्हें बेहतर ट्रेनिंग और आधुनिक उपकरण देने से अपराधों का तेजी से पता लगाया जा सकता है। पुलिस की प्रभावी गश्त और त्वरित प्रतिक्रिया से अपराधों को रोका जा सकता है। यदि इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर समाधान ढूंढे जाते हैं, तो हिमाचल प्रदेश फिर से अपनी पवित्रता और शांति को बनाए रख सकेगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी सिनेमा की सफल हिरोइन

**जया** प्रदा हिंदी सिनेमा की एक सफल हिरोइन रहीं हैं। जया कई सफल फिल्मों में काम किया है। 1994 में जया ने अपने करीबी एनटी रामाराव के कहने पर तेलुगू देशम पार्टी ज्वाइन की थी, लेकिन वे बाद इसे छोड़कर यूपी चली गईं और समाजवादी पार्टी ज्वाइन करके यूपी के रामपुर से दो बार सांसद बनीं। हाल ही उन्होंने बीजीपी ज्वाइन की है और फिर से रामपुर से चुनावी मैदान में हैं। वह लगातार समाजवादी नेता आजम खान के बयानों के कारण सुर्खियों में भी हैं। इसके अलावा वह 1998 से 2004 तक राज्यसभा सदस्य भी रह चुकी हैं। जया प्रदा का जन्म आंध्र प्रदेश के राजमुंद्री में हुआ था। उनके पिता कृष्णा राव तेलुगू सिनेमा से जुड़ हुए थे, जबकि उनकी मां एक गृहिणी थीं। जया बचपन से ही डांस करने में माहिर थीं एक बार जब वह अपने स्कूल के वार्षिकोत्सव में डांस कर रही थीं तभी वहां पधारे एक फिल्म डायरेक्टर की नजर उन पड़ी और उन्होंने जया को अपनी तेलुगू फिल्म भूमि कोसम में एक 3 मिनट का डांस नंबर ऑफर किया और यहीं से उनके फिल्मी करियर की शुरुआत हुई और उन्होंने कई तेलुगू, तमिल, कन्नड और हिंदी फिल्मों में काम किया। जया ने 1986 में प्रोड्यूसर श्रीकांत नाहता से शादी की जो पहले से ही शादीसुदा थे और 3 बच्चों के पिता थे यह शादी उस समय काफी चर्चा में रही थी। फिल्मों से संबंधित कई आवार्डों के साथ ही जया को 3 बार फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। ■



**जया प्रदा**
**जन्म :** 3 अप्रैल 1962



कविता

# विश्व बेटी

*राज कुमार कौंडल घुमारवीं, बिलासपुर (हि0प्र0)*

*अपने नन्हे कदमों से अंतरिक्ष को नाप के आ गई,*
*नौ महीने अंतरिक्ष में रहकर सुनीता घर आ गई।*
*समय परिस्थितियां कैसी भी मुश्किल रही हों,*
*सारी कठिनाइयों पर विजय पाकर आ गई।*
*मुश्किलातों से डरकर नहीं, सामना कर आज,*
*अपने धीरज से नया अध्याय लिख कर आ गई।*
*चेहरे पर मुस्कान लिए लहराते हाथ आ गई,*
*अपनी समझ से एक नया सबक सिखा गई।*
*अक्सर जो डर जाते हैं रास्ते की बाधाओं से,*
*उन सबको सुनीता एक नई राह दिखा गई।*
*न डरना होता मुश्किलों से न होश गंवाना होता है,*
*मुश्किलों को वश में कर सबको जीना सिखा गई।*
*इच्छाशक्ति को एवरेस्ट सरीखा बना गई,*
*जीवटता की इक नई परिभाषा लिख गई।*
*बुच विल्मोर संग में इक नया कीर्तिमान बना गई,*
*भारतवंशी सुनीता विलियम्स विश्व बेटी कहा गई।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# गुजरात हादसा : कब तक जिंदा दफन होते रहेंगे बेकसूर ?

बेकसूर मजदूर कब तक जिंदा जलते रहेंगे, यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है। प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुर्खियां बनती है, मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, हर जगह मजदूर काल का ग्रास बन रहे हैं।

ताजा हादसा एक अप्रैल 2025 को मंगलवार को गुजरात के बनासकांठा जिले में एक पटाखा गोदाम में विस्फोट के बाद आग लगने से और ईमारत ढह जाने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। ऐसा ही हादसा 12 अक्तूबर 2024 को गुजरात के मेहसाणा के कड़ी कस्बे में घटित हुआ था जहां काम करते समय 9 मजदूर जिंदा दफन हो गए थे, सभी मजदूरों के शव निकाल दिए थे, दफन होने वाले मजदूर 25 से तीस साल के थे। मजदूरों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनकी इतनी दर्दनाक मौत होगी। देश में मजदूरों के साथ हादसे कब थमेगें यह एक यक्ष प्रश्न है। हर साल दिवस मनाए जाते हैं, मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है, मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के नाम पर सैकड़ों योजनाए चलाई जाती है, मगर उन्हे उनका हक नहीं मिलता। देश में हर रोज मजदूर बेमौत मर रहे हैं।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आंकड़ों के अनुसार उत्तरकाशी में बेकसूर मजदूरों ने 17 दिन और 16 रातें कैसे निकाली थी, यह मजदूर ही जानते होंगे। खौफनाक मंजर को कभी नहीं भूल पाएंगे। 17 दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए थे। मजदूरों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि जिस सुरंग का निर्माण कर रहे हैं, उसमें कैद हो जाएंगे। करोड़ों देशवासियों की दुआएं रंग लाई और मजदूरों को नया जीवन मिल गया और 12 दिन सुरंग की कैद से मुक्त हो गए थे। 12 तारीख को एक तरफ रविवार को दीपावली के दिन जहां पूरा भारतवर्ष दिवाली की खुशियां मना रहा था। वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन



सुरंग में बहुत ही भयंकर दुःखद हादसा हुआ था। जब सुरंग ढहने से 41 मजदूर सुरंग के अंदर फंस गए थे। उत्तरकाशी के सिल्कयारा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी सुरंग में फंसे 41 मजदूर जिंदगी व मौत के बीच झूल रहे थे। सरकार द्वारा मजदूरों को बाहर निकालने के लिए जारी रेस्क्यू अभियान का 17 दिन ऑपरेशन जारी रहा था और मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया था।

देश प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है, मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश में मजदूरों के साथ हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हर साल दिवस मनाए जाते हैं, मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है, मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के साथ होने वाले यह हादसे बहुत ही त्रासदी है।

कहीं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं। हादसों की बजह से बच्चे अनाथ हो रहे हैं, मगर केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता, तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती, लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं, जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश में हर वर्ष लाखों मजदूर दबकर मारे जा रहे हैं, उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं। मगर केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती, लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, इमारतों के नीचे दबकर मजदूर काल का ग्रास बन रहे है। हादसों को देखकर रौंगटे खड़े हो जाते हैं। देश के राज्यों में चल रहे ईटों के भठठों में मजदूर मारे जा रहे हैं। मजदूरों के पसीने से ही ईटें पकती हैं, मगर भठठा मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे हैं, मजदूर खून-पसीना बहाकर काम करते हैं, मगर बदले में मेहनताना नाममात्र दिया जाता है। मालिक मजदूरों के सिर पर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक बीते सालों में देश में हजारों मजदूर मारे जा चुके हैं। हादसों नं सवाल खड़े कर दिए हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। हालांकि इस यह कोई पहला हादसा नहीं है। पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं।

बीते वर्ष में रायबरेली के ऊंचाहार में एटीपीसी संयंत्र का बायलर फटने से 30 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा 100 के लगभग घायल हो गए थे। 500 मेगावाट इकाई के बायलर में यह हादसा हुआ था उस समय 200 कामगार मौजूद थे। सरकारों ने मृतकों को मुआवजे की घोषणा करती है, मगर मुआवजा इसका हल नहीं है। एक ऐसा ही हादसा जयपुर के पास खातोलाई गांव में घटित हुआ था, जहां टाऊसफारमर फटने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इन हादसों ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा तथा मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होगें ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके।

इमारतों का निर्माण करने वाले ठेकेदारों को सजा ए मौत देनी चाहिए, जो इन हादसों के लिए प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। जो चंद चांदी के सिक्कों की चाहत के लिए मजदूरों की जिंदगियां ले रहे हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ा संज्ञान लेना चाहिए, जो मानव की जान लेने से भी नहीं हिचकचाते ऐसे जल्लादों को सरेआम फांसी देनी चाहिए। देश में प्रतिदिन ऐसे मर्मातंक हादसे होते हैं, मगर प्रकाश में नहीं आते। केंद्र सरकार को मजदूरों के हित में कदम उठाने होगें, तभी ऐसे हादसे रुक सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदलने की जरूरत

आजकल के दिनों में नवरात्र चल रहे हैं। नवरात्र में देवी स्वरूपा के पूजन में विशेष ध्यान दिया जाता है। मां की मूर्ति दर्शन को हम मंदिर जाते हैं। कन्या पूजन को महत्व देते है।

कोई ऐसा परिवार नहीं होगा जहां नवरात्र में पूजन कार्य न होते हो, लेकिन कन्या जिसे पूजते हैं, वही युवावस्था में अत्याचार की शिकार क्यों हो जाती है? हमारी कैसी मानसिकता है? इस प्रश्न का उत्तर मुझे यही मिलता है कि हमने अपनी मानसिकता में अहंकार व महत्वकांक्षा को पाल रखा है। अत्याचार व हिंसक घटनाएं सुनने वह पढ़ने को मिल जाती है, तो मन पीड़ा से भर जाता है। इस तरह की घटनाओं के पीछे क्या पुरुष समाज दोषी होता है या क्या महिला समाज दोषी होता है? क्या पीड़ित महिला स्वयं दोषी होती है? ऐसी तमाम घटनाओं में समाज अलग-अलग राय देता है। घरेलू अत्याचार में अहंकार व महत्वकांक्षा साफ-साफ दिखाई देती है।



**लेखक : योगिंद्र पाल वालिया**
डडौर, बल्ह जिला मंडी

चाहे वह अत्याचार करने वाला हो या पीड़िता। सभी मानते हैं कि अत्याचार में दोषी कौन है, परंतु रिश्ते न बिगड़े इसलिए चुपचाप देखते रहते हैं। यदि कोई महिला घरेलू हिंसा से पीड़ित हो जाती है तो उस परिवार की खुशियां स्वयं ही समाप्त हो जाती है। आपसी दरारे बढ़ जाती है जो दुखद होती हैं। थोड़ी देर के लिए समझौता हो भी जाए तो अधिक देर तक टिक नहीं पाता। परिवार में किसी एक की महत्वकांक्षा का असर परिवार के अन्य प्रत्येक सदस्य को भी पीड़ा देता है। यदि स्वयं खुश रहना है और दूसरों को भी खुश रखना है तो आपसी त्याग,



सहयोग जैसी भावनाओं को अपनाना पड़ेगा। धैर्य व सहनशीलता के साथ अपने घर की प्रत्येक मजबूरी को समझकर कदम उठाने चाहिए। बेचारिक मतभेद हो जाये तो धैर्य से चर्चा करें, हल निकले।

घरेलू हिंसा में कानून न्याय दे सकता है, परंतु रिश्तों को बनाए रखने में सहायक नहीं हो सकता। घरेलू लड़ाई झगड़े स्वयं उस घर तक सीमित नहीं रहते, बल्कि अन्य रिश्तों के घरों में भी उन झगड़ों की कड़वाहट रहती है। अत्याचार व हिंसक घटनाओं में न्याय के लिए कानून भी बने हैं, परंतु ऐसा कोई कानून नहीं है, जहां रिश्तो में मिठास बनी रहे। केवल हमारी मानसिकता पर ही निर्भर है कि हम अपना व्यवहार एक दूसरे के साथ कैसे करते हैं? धैर्य से एक दूसरे को महत्व दिया जाए, तो घरेलू हिंसा जैसी समस्या कभी भी पैदा नहीं हो सकती। अधिकांश कई घरों में जहां परिवार सदस्य एक दूसरे को महत्व देते हैं, वहां घरेलू हिंसा शून्य दिखाई देती है। कई बार आजादी के नाम पर हम स्वयं ही घर की स्थिति को भूलकर, अपनी महत्वकांक्षा को सर्वोपरि मानने लगते हैं। आजादी का अर्थ यह नहीं होता है कि हम छोटे बड़ों का ख्याल न रखे, उन्हें महत्व न दे। यदि घर में सभी एक दूसरे की इच्छाओं का आदर करे, तो समस्याएं शून्य रहती है। महिला सशक्तिकरण की आवाजे सुनाई देती हैं, यदि महिला शक्तिशाली न होती तो वह आज नए मुकाम हासिल न कर पाती। महिला ने अपनी शक्ति से हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। महिला आज छोटे से छोटे कार्य से लेकर बड़े से बड़े कार्य निपुणता के साथ पूर्ण करती है। यदि कोई महिला घर में घरेलू अत्याचार या बाहर हिंसा की शिकार हो जाए, तो उसकी मानसिक व शारीरिक पीड़ा से जो दर्द उसे मिलता है, उस पीड़ा को समझते हुए समाज के हरेक पुरुष व महिला को अपनी मानसिकता बदलनी होगी।

हमारी मानसिकता में आदर, त्याग, सहयोग के भाव आ जाए, तो महिला उत्पीड़न समाप्त हो सकता है। कानून या न्याय की जरूरत नहीं होगी। प्रत्येक महिला को आगे बढ़ने के लिए यथा शक्ति हमारा सहयोग मिले। उसकी इच्छा का भी आदर होना चाहिए। हर महिला को अपनी बहन, मां, बेटी समझे तो घरेलू खटखट जैसी समस्याओं का अंत हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**नारी** चाहे किसी भी रूप में हो अपनी विशेष महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उसके आगे प्रभु को भी झुकना पड़ा। नारी में पुरुषों से अधिक सहनशीलता, ममता और संवेदनशीलता होती है। एक वाक्य बुजुर्गों द्वारा कहा जाता रहा है कि किसी के घर में अगर सांप निकल जाए, तो उसे अधिकतर डंडे से मार दिया जाता है। मरे सांप को देखकर नागिन विलाप करती है कि वहां पर क्या कोई नारी नहीं थी, जो मेरे नाग को मारने से बचा देती अर्थात भारतीय नारी इतनी धार्मिक है कि वह सांप में भी भगवान को देखती है और उसे मारने वाले को रोककर सांप को जाने देती है। पर आज के इस विकसित युग में नारी के ये गुण कहां चले गए? आज नारी को अशिक्षा, शोषण, पर्दे की काल कोठरी से बाहर निकलकर पुरुषों के समान अधिकार और अवसर दिए जा रहे हैं। अब स्थिति यह है कि आज की नारी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ हमेशा मिलाकर चल रही है। **रमेश चंद, धर्मशाला**

# जब संसार में जननी ही नहीं रहेगी, तो मनुष्य कहां से जन्मेगा?

मां भगवती के मंदिरों की घंटियों के मधुर स्वर, मंत्रोच्चारण, वातावरण में फैल रही हवन की भक्तिमयी खुशबू तथा माता-रानी के भजनों व जयकारों के साथ चैत्र 'नवरात्र' का आगमन हो चुका हैं। आदिशक्ति 'मां दुर्गा' के नौ स्वरूपों की पूजा इन दिनों अपनी-अपनी श्रद्धानुसार होगी। 'देवभूमि' नाम से विख्यात हिमाचल प्रदेश में मां चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, नैनादेवी, मां चामुंडा तथा बज्रेश्वरी धाम जैसे विश्व प्रसिद्ध शक्ति पीठ हैं, जहां लाखों श्रद्धालु भगवती के 'नारी-शक्ति' स्वरूप के दर्शन करने व मां के चरणों में शीश नवाने आएगे।



**लेखक : ई. विपन शर्मा**
प्रधानाचार्य औद्यो. प्रशि. संस्थान, चंबा

मां के दरवार में इन पवित्र 'नवरात्र' में बड़ी संख्या में ऐसे भक्त, ऐसी मांए, ऐसे पिता और ऐसे दादा-दादी भी आएंगे, जिन्होने दकियानूसी विचारों व समाज में व्याप्त गलत धारणाओं के दबाव में अपने ही घरों में, अपनी ही कोख में पलने वाली भगवती के 'कन्या स्वरूप' का जन्म से पूर्व ही भ्रूण हत्या करवाई हैं। ऐसे डॉक्टर भी मां का आशीर्वाद लेने आएंगे, जो लिंग परीक्षण व भ्रूण हत्या कानूनी व नैतिक रूप से घोर दंडनीय अपराध होने के बावजूद, चंद पैसों के लालच में माओ की कोख में ही कन्या भ्रूणों की हत्या को सुपारी किलर की तरह अंजाम देते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार चाहे प्रदेश में कुल कन्या शिशु जन्मदर 972 /1000 है जो कि राष्ट्रीय औसत 933 /1000 से बेहतर प्रतीत होती है, लेकिन अगर 0 से 6 वर्षों तक के बच्चों की जनगणना के आंकड़ों पर गौर करें, तो प्रदेश में कन्या शिशु जन्मदर (लैंगिक जन्म दर) मात्र 909 /1000 रह गई हैं जो 2001 में 957/1000 थी।

वर्ष 2021 में होने वाली जनगणना कोविड के कारण स्थगित हो गई थी, अब इस वर्ष 2025 में जनगणना के आंकड़ों में कन्या शिशु जन्मदर और भी गिरने की संभावना है, क्योंकि प्रगति और शिक्षा के बढ़ने साथ मानवीय मूल्यों का ह्रास और भी तेजी से हो रहा है। इसका सीधा मतलब है कि पिछले 20 वर्षों में प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्याओं को बड़े पैमाने पर अंजाम दिया गया है। समाज शास्त्र के प्रचलित नियम की "साक्षरता दर में वृद्धि के साथ-साथ लैंगिग दर में भी सुधार होता है और कन्या शिशु जन्मदर भी बढ़ती है" भी हिमाचल प्रदेश में गलत साबित हो रहा है। प्रदेश में जैसे-जैसे साक्षरता



दर में वृद्धि हो रही है, वैसे-वैसे लैंगिग अनुपात गिर रहा है। पढ़े-लिखे लोग ही कन्याभ्रूण हत्याओं में अधिक लिप्त रहते है। पूरे देश में लिंग 'परीक्षण' 'भ्रूणहत्या' कठोर दंडनीय अपराध घोषित है। फिर भी प्रदेश के अंदर तथा साथ लगते पठानकोट, चंडीगढ़ तथा जम्मू जैसे नगरों में बड़ी आसानी से कुछ हजार रुपए में डॉक्टरों द्वारा प्राइवेट क्लीनिकों में कन्या भ्रूणहत्या को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसे कुकृत्य कई बार नीम-हकीमों द्वारा बहुत ही असुरक्षित तरीके से किए जाते हैं, जिससे कई औरतों को इस दर्दनाक प्रक्रिया के दौरान जान से हाथ भी धोना पड़ता है।

यहां तक कि प्रदेश में ऐसी देसी दवाओं का प्रचलन भी जोरों पर है, जिनका होने वाली माताओं द्वारा सेवन करने पर शर्तिया बेटा पैदा होने की गारंटी दी जाती है। यद्यपि यह वैज्ञानिक दृष्टि से संभवन ही है, क्योंकि लड़का या लड़की का पैदा होना पुरुष द्वारा प्रदत $X$ या $Y$ क्रोमोसोम पर निर्भर करता है, तथा कोख में लिंग निर्धारण में स्त्री की कोई भूमिका नही होती। यह एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, जिसको किसी दवाइयां अन्य विधि द्वारा फिक्स नहीं किया जा सकता।

आज पूरे देश के साथ हमारे अपेक्षा कृत शांत व सभ्य कहलाए जाने वाले राज्य में भी भ्रूण हत्याओं सहित औरतों के प्रति होने वाली हिंसा व अपराधों की गति बतौर तरीकों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा ही है, जो कि हिमाचल की भोली-भाली मानी जाने वाली जनता एवं शत-प्रतिशत साक्षरता की ओर बढ़ रहे हमारे समाज के मुख पर कालिख पूतने के समान है। समाज में फैली गलत धारणाओं पर आधारित बेटा पैदा करने की चाह को समाप्त कर न होगा। लैंगिक भेदभाव को खत्म करते हुए लड़कियों को भी माता-पिता का 'कानूनी उत्तराधिकारी' माना जाना चाहिए एवं पैतृक संपत्ति में बराबर का हक यथार्थ में मिलना चाहिए। प्रदेश में कई मौकों पर माता-पिता की मृत्यु पश्चात 'लड़कियों' द्वारा ही 'मुखाग्नि' देने के उदाहरण सामने आए है। ऐसे नए कदमों व प्रथा को प्रोत्साहित किए जाने की दरकार है। लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार में विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाना चाहिए। इसी के साथ औरतों के प्रति होने वाले अपराधों तथा 'कन्या भ्रूण हत्याओं' के खिलाफ शून्य सहनशीलता के सिद्धांत पर चलते हुए कठोर दंडात्मक प्रावधान और नियम बनाने होंगे। इस अपराध में शामिल अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों का पर्दाफाश करने करने के लिए 'स्टिंग' होने चाहिए, ताकि उनमें नैतिकता न सही कानून का तो डर पैदा हो। कन्याभ्रूण हत्या में शामिल माता-पिता व डाक्टरों को धारा 302 के अंतर्गत ही 'मर्डर' का दोषी मानकर दंडित किया जाना चाहिए, ताकि खतरनाक स्तर तक गिरते लैंगिक अनुपात के बिगड़ते स्वरूप को बचाया जा सके अन्यथा इस के घोर दुष्परिणाम 'समाज' देश व 'प्रदेश' को झेलने होंगे, जो अंततः मानव-जीवन के अस्तित्व को ही खतरे में डाल देंगे, क्योंकि जब 'जननी ही नहीं रहेगी, तो मनुष्य कहां से जन्मेगा'।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गरीबों का सपना साकार कर रही केंद्र सरकार

बदलते सामाजिक परिवेश के चलते लोगों ने अपना खान, पान, रहन सहन में बदलाव लाकर रख दिया है।

आज प्रत्येक व्यक्ति अपना पक्का मकान बनाने को लेकर तरजीह दे रहा है। नतीजतन संयुक्त परिवार अब बहुत कम देखने को मिलते हैं। पूर्व केंद्र सरकार द्वारा पक्का मकान बनाने की चाहत रखने वालों के सपनों को पूरा करने में उनकी आर्थिक मदद की है। हिमाचल प्रदेश में आजकल प्रधानमंत्री आवास योजना के पक्के मकान बनाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। आज हालात ऐसे बन चुके है कि जनता को राज मिस्त्री, मजदूर तक नहीं मिल रहे हैं। लाभार्थियों को एक किश्त मिल चुकी और वह दूसरी का बेसब्री से इंतकार कर रहे हैं।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से 10,631 परिवार बाहर हो गए हैं। ऐसे में अब 92,364 में से अब 81,733 परिवारों को प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ मिलेगा। भवन निर्माण सामग्री दाम सातवें आसमान पर पहुंच चुके ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना तहत मिलने वाली धनराशि ऊंट के मुंह में जीरा



डालने समान है। गरीब लोग केवलमात्र डेढ लाख रुपए में पक्का मकान कतई नहीं बना सकते, इसके लिए उन्हें बैंकों, सगे संबंधियों से ऋण लेकर ही अपना सपना साकार करना पड़ सकता है।

महंगाई के दौर में डेढ लाख रुपए से भवन का निर्माण कर पाना दिन में सपने देखने के समान है। उक्त धनराशि भी राज्य सरकार के सहयोग पर निर्भर करती है। केंद्र सरकार द्वारा गरीब लोगों को मकान बनाने के लिए एक लाख तीस, प्रदेश सरकार इसमें बीस हजार रुपए का आर्थिक सहयोग करेगी। केंद्र और राज्य सरकार के आर्थिक सहयोग से गरीब लोगों को डेढ लाख रुपए पक्का मकान बनाने के लिए दिए जा रहे हैं। सुख की सरकार प्राकृतिक आपदा में बेघर हुए लोगों का पुनर्वास करने के लिए उन्हें 7 लाख रुपए दे रही है। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि बहुत कम है।

प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रक्रिया सन 2021 में शुरू हुई थी। तदोउपरांत सरकार की कई जटिल कंडीशनों से होकर आवेदनकर्ताओं को गुजरना पड़ा है। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को 92,364 पक्के मकानों के लिए 288 करोड़ रुपए जारी किए हैं। 48303 घरों का निर्माण करने के लिए पहली 65 हजार रुपए की किश्त जारी की जा चुकी है। पक्का मकान बनाने की हरसत रखने वालों को तीन किश्तों में यह पैसा मिलना है। दो किश्तें 65,50 और तीसरी 15 हजार रुपए की मिलनी है। केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली धनराशि गरीब लोगों को सांत्वना तोर पर दी जा रही अन्यथा इतने पैसों में एक कमरा बनना भी असंभव है।

सीमेंट कंपनियों की अपनी मनमानी का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। सीमेंट कंपनी प्रबंधकों और ट्रक ड्राइवर यूनियन में किराए वृद्धि को लेकर अक्सर विवाद बना रहता है। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य इसलिए ट्रक यूनियन की सदैव मांग रहती की वाहन अत्यधिक ईधन वहन करते हैं। एनडीए सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना की रकम बढ़ाने पर फोकस किए जाने की अधिक जरूरत है। डेढ लाख रुपए में पक्का मकान बनना नामुमकिन है। जिला परिषद अधिकारी, पंचायत अधिकारी लाभार्थियों से मकान की नींव की फोटो मंगवाने को बड़े आतुर हैं। डेढ लाख रुपए में एक मकान की नींव भी बन जाए, तो बड़ी बात कहीं जा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 200 करोड़ लेकर सोसायटी रफूचक्कर

**राजेश शर्मा, ऊना**

क्रेडिट सोसायटी के नाम पर हिमाचली लोगों से 200 करोड़ लेकर एक सोसायटी रफू-चक्कर हो गई है। करीब बारह साल से हिमाचल में काम कर रही सोसायटी के दफ्तर बंद हैं और प्रमुख लोग भूमिगत हो गए हैं।

लोगों में हड़कंप मच गया है। इस सिलसिले में कथित क्रेडिट सोसायटी के कई लोग जिला मुख्यालय पहुंचे हुए थे। उन्होंने एसपी को ज्ञापन देकर सोसायटी निदेशक मंडल पर धोखाधड़ी का आरोप जड़ा है। ऊना जिले में लोगों ने 70 करोड़ सोसायटी में जमा कराया था। आंखों में लालच का ऐसा पर्दा डाला कि कई लोगों में करोड़पति बनने की होड़ मच गई। लुभावनी योजनाओं के साथ एक क्रेडिट सोसायटी के कारिंदों ने ऐसा जादू चलाया कि मामूली चाय की दुकान चलाकर पेट पालने वाला भी अपने सुनहरी भविष्य के सपनों में खोकर उनके चंगुल में आ गया। शातिर दिमाग किसी एक का था, जिसने पूरे प्रदेश में क्रेडिट सोसायटी के नाम पर लोगों का कई हजार करोड़ लगभग डुबो दिया है। सोसायटी के नाम पर धोखा करने



वाले मास्टर माइंड ने हर क्षेत्र से अपने साथ बड़ा लालच देकर उन लोगों को अपने साथ जोड़ा, जिनका गांवों तक सीधा संपर्क था।

पांच साल में दोगुना पैसा और न जाने कैसे कैसे लुभावने वादे किए थे। कुछ को लाभ दिया और उनसे फिर निवेश कराया गया, लेकिन अब उनके हाथ खाली हैं। कुछ ने तो आत्महत्या जैसा कदम उठाने का प्रयास किया है, जबकि कुछ के पास जीवन की पूरी पूंजी लुट चुकी है। जीवन, सुरेश, अजय, किरण आदि ने बताया कि वे हताश होकर प्रशासन से मिले हैं। सैकड़ों लोग बुधवार को यहां प्रशासन को ज्ञापन देने पहुंचे थे। हैरानी इस बात है कि कथित क्रेडिट सोसायटी ने उन लोगों को टारगेट किया था जो छोटे-मोटे व्यवसाय से जुड़े थे। उनके सपनों को हवा देते हुए रातों-रात करोड़पति बनने का सपना दिखाया गया। फोटोग्राफर की दुकान, चाय की दुकान, पान की दुकान और दिन में 500 से हजार रुपए सेल करने वाले दुकानदारों को बड़े-बड़े प्रेरक स्पीच देने वाले लोगों के माध्यम से प्रेरित किया गया। यह खेल इतने तरीके से खेला गया कि कम पढ़े-लिखे अथवा ग्रामीण परिवेश के लोग आसानी से उनके झांसे में आ गए। एक चाय बेचने वाले को चेन का लीडर बनाकर उसके साथ दस से पंद्रह लोग जोड़े गए।

### ऊना जिले में हुआ था 70 करोड़ रुपए का निवेश

भारी-भरकम कमीशन तय किया गया। खर्चे भी खुलेआम किए जाने लगे। कुछ समय तक सब चलता रहा, लेकिन जब कारोबार अर्श पर चल गया, तो सोसायटी रातों रात गायब हो गई। ऑनलाइन पोर्टल बंद हो गया। लोगों खासकर एजेंटों में हड़कंप मच गया। हैरानी इस बात की है कि इससे पहले भी कई सहकारी सभाएं लोगों को लाखों करोड़ों रुपए का चूना लगाकर फरार होती रही हैं। (अनंत ज्ञान)

## उपमुख्यमंत्री ने हरोली में 8 करोड़ की विकास परियोजनाओं के लिए लोकार्पण व भूमिपूजन

# टाहलीवाल में जल्द बनेगा पुलिस थाना भवन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र में 8 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने टाहलीवाल में 4 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित चार मंजिला अग्निशमन चौकी का उद्घाटन किया और इसे फायर सब स्टेशन के रूप में स्तरोन्नत करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट की स्वीकृति के बाद इसकी अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी। बता दें, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस अग्निशमन चौकी में तीन फायर वाहनों की पार्किंग, ड्यूटी रूम, वर्कशॉप, कंट्रोल रूम, स्टाफ के लिए डाइनिंग हॉल, बैरक और कार्यालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि टाहलीवाल में जल्द ही पुलिस थाना भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने इसे लेकर डीसी और पुलिस अधीक्षक को भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। इसके उपरांत, उपमुख्यमंत्री ने गिड़गिड़ा साहिब में नाबार्ड के तहत 4 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 4.25 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह सड़क गिड़गिड़ा साहिब से टाहली साहिब एवं मुख्य सड़क से बाबा भर्तृहरि मंदिर और किन्नू मोहल्ला, पंजुआना-बालीवाल मार्ग को जोड़ेगी। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और आवागमन की समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत टाहलीवाल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने बीते कल हमसे मिलकर विकास के लिए धनराशि की मांग की थी। हमने वह सारी धनराशि स्वीकृत कर दी है। इस धनराशि के जल्द सदुपयोग पर और पैसा उपलब्ध करवाया जाएगा। हमारी कोशिश है कि यहां वार्डवाइज समुचित धनराशि मुहैया करवाई जाए। वहीं, इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने गिड़गिड़ा साहिब गुरुद्वारे में शीश नवाया और हरोली और प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।



### 'प्रसाद योजना' में चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56.26 करोड़

**अग्निहोत्री** ने बताया कि केंद्र सरकार की 'प्रसाद योजना' के तहत माता चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56.26 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल गई है। इस राशि से धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक विरासत को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा 250 करोड़ से मातारानी के भव्य भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार ने माता ज्वाला जी और माता नयना देवी मंदिरों के लिए भी 100-100 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। अग्निहोत्री ने बताया कि बीते दो दिनों में हरोली क्षेत्र के लिए करीब सवा सौ करोड़ रुपए की दो बड़ी विकास परियोजनाओं को केंद्र सरकार से स्वीकृति मिली है। इनमें 75 करोड़ रुपए की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना-2 और 37 करोड़ रुपए की झलेड़ा-घालुवाल फोर-लेन पुल परियोजना शामिल हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि विकास कार्यों से जिन्हें पीड़ा हो रही है, वे समय से डॉक्टरी सलाह लें, क्योंकि यह विकास निरंतर आगे बढ़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सुबह 11 व शाम 7 बजे चलाई जाए रेलगाड़ी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में वंदे भारत एक्सप्रेस, दो साप्ताहिक एक्सप्रेस, जन शताब्दी, हिमाचल एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस समेत तीन पैसेंजर रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं, लेकिन सुबह 7:19 पर गाड़ी संख्या 74992 पैसेंजर रेलगाड़ी के बाद अगली रेलगाड़ी 22448 वंदे भारत एक्सप्रेस हैं, जो दोपहर 1:23 पर नई दिल्ली के लिए रवाना होती है। वहीं, दूसरी ओर दोपहर 3:30 बजे के बाद 10 बजे तक कोई रेलगाड़ी ऊना हिमाचल से चंडीगढ़ और अंबाला छावनी के लिए रवाना नहीं होती है। केवल वीरवार के दिन गाड़ी संख्या 22710 हजूर साहिब नंदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस शाम 4:12 पर रवाना होती है। ऊना वासियों ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और रेलवे बोर्ड से अनुरोध किया है कि वह इस संबंध में जल्द कोई कदम उठाए, ताकि यात्रियों की परेशानी दूर हो सके। उन्होंने ये मांग उठाई है कि सुबह 11 बजे और शाम 7 बजे अंबाला छावनी के लिए वाया चंडीगढ़ जंक्शन एक्सप्रेस रेलगाड़ी चलाई जाए।

### 70 हजार से एक माह पहले बनी टंकी में लीकेज शुरू

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट विकासखंड की पंचायत दियोली में एक महीने पहले बनाई गई पानी की टंकी में लीकेज होने से इसके निर्माण में बरती लापरवाही की पोल खुली है। वहीं, इसके निर्माण पर करीबन 70 हजार रुपए खर्च के बाद लीकेज से भ्रष्टाचार की आशंका भी बढ़ने लगी है। बता दें कि दियोली वार्ड नंबर-एक की महिलाएं इकट्ठी होकर श्मशान घाट की साफ-सफाई के लिए पहुंची, तो उन्होंने देखा कि जो हालही में पानी की टंकी बनाई गई थी, वह फिर से लीकेज कर रही है। उन्होंने इसके बारे में गांव के प्रधान को अवगत करवाया। पंचायत प्रधान ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और देखा की श्मशान घाट में पानी की टंकी लीक कर रही थी और उन्होंने कहा कि इस जल्द ठीक करवा देंगे। बता दें कि इसके निर्माण में बरती लापरवाही को लेकर गगरेट बीडीओ सुरेंद्र जेतली को कुछ दिन पहले ही अवगत करवाया गया था तथा उन्होंने इसे ठीक करने के निर्देश देने की बात भी कही थी, लेकिन अभी तक कोई सुधार न होने से स्थानीय महिलाओं ने रोष व्यक्त किया तथा महीलाओं ने प्रशासन से जल्द टंकी को ठीक करने की गुहार लगाई।

### छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोल।** मार्च में यूथ वारियर डिफेंस अकादमी में आयोजित आर्मी भर्ती परिणाम में पांच छात्रों का चयन हुआ है। चयनित छात्रों में रितिक कुमार, वंश शर्मा, मोहित कुमार, कार्तिक, और गगनदीप सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर संस्था के संचालक रिटायर्ड कमांडो संजीव कुमार, शारीरिक शिक्षक रिटायर्ड कमांडो धीरज कुमार, आशीष पुरोहित, राज किशोर, शिक्षा शिक्षक ललीता शर्मा, संदीप कौर और अन्य धात्रों ने चयनित छात्रों को सम्मानित किया और उन्हें भविष्य में सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। चयनित छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जो उनकी मेहनत और संघर्ष का प्रतीक है। इस सम्मान समारोह के दौरान रिटायर्ड कमांडो संजीव कुमार ने छात्रों को उनके संघर्ष और समर्पण के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, शारीरिक शिक्षक रिटायर्ड कमांडो धीरज कुमार ने छात्रों को सेना में शामिल होने के लिए शारीरिक और मानसिक तैयारी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेना की नौकरी केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक गौरवपूर्ण जीवन का हिस्सा है, जिसमें देश की सेवा करना और देश की सुरक्षा में योगदान देना सर्वोत्तम होता है। इस कार्यक्रम के अंत में जय हिंद, जय भारत के उद्घोष के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों में जोश और देशभक्ति की भावना का संचार किया। यूथ वारियर डिफेंस अकादमी चक का उद्देश्य न केवल छात्रों को शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी मजबूत करना है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक के पास शराब ठेका खोले जाने का विरोध

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**



नगर परिषद संतोषगढ़ में डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक के पास खुले शराब के ठेके का विरोध होना शुरू हो गया है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के प्रधान सुरिंद्र बस्सी, उपप्रधान सुलिंद्र चोपड़ा सहित अन्य ने बताया कि नगर परिषद संतोषगढ़ के बस अड्डे के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक है। इसी चौक के पास शराब का ठेका खोल दिया गया है, जिसका मोहल्ला निवासी विरोध कर रहे हैं। इससे पहले भी यहां ऐसा प्रयास किया गया था, जिसका विरोध किया जा चुका है। लोगों का कहना है कि जब शहर में शराब ठेके पहले ही दो-दो हैं, तो फिर शहर के मध्य और संवेदनशील स्थानों पर इन्हें क्यों खोला जा रहा है। लोगों का कहना है कि कुछ वर्ष पूर्व जब नगर परिषद संतोषगढ़ में इसका प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसके अनुसार यहां पर शराब का ठेका न खोलने बारे सहमति बनी, अब फिर इसे यहां खोलकर किसकी शह और इशारे पर समाज में नशे के प्रकोप का बढ़ावा दिया जा रहा है। सोसायटी के सदस्य जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि यहां से शराब ठेके को कहीं और शिफ्ट किया जाए।

# विदेशी मुद्रा के अलावा चिंतपूर्णी में 34 लाख से अधिक चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चैत्र नवरात्र के दौरान चिंतपूर्णी मंदिर में माता रानी के भक्तों ने दिल खोलकर नकद चढ़ावा मां के चरणों में चढ़ाया।

अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, सिंगापुर और यूरोप की करंसी भी मिली है। मंदिर न्यास चिंतपूर्णी को पहले तीन नवरात्र के दौरान 34 लाख 73 हजार 843 रुपए का नकद चढ़ावा प्राप्त हुआ है। पहले नवरात्र में 14 लाख 40 हजार 816 रुपए, दूसरे नवरात्र में 9 लाख 94 हजार 778 रुपए और तीसरे नवरात्र में 10 लाख 38 हजार 249 रुपए की नकदी प्राप्त हुई है। इस दौरान लगभग 50000 श्रद्धालु मां के दरबार में हाजिर हुए हैं। चिंतपूर्णी मंदिर में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ावा हो रहा है, जिससे मंदिर न्यास को आय में भी वृद्धि हो रही है। मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर न्यास के अधिकारियों ने बताया कि नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पीने के पानी, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। तीसरे रोज 12 हजार श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे हैं।

# 2005 के फॉरेस्ट अधिनियम में संशोधन, कब्जा धारकों को मिलेगा मालिकाना हक : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 2005 के फॉरेस्ट अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधन किया है, जिससे प्रदेश के लाखों नागरिकों को बड़ी राहत मिलने वाली है।

मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार ने अब फॉरेस्ट लैंड भूमि पर कब्जा करने वालों को मालिकाना हक देने का फैसला लिया है, जिससे लाखों लोग इस कानून से लाभान्वित होंगे। इस संशोधन के तहत, फॉरेस्ट लैंड पर कब्जा करने वालों को 75 साल तक के स्थानीय निवासी होने का हलफनामा देना होगा, जो एक महत्वपूर्ण बदलाव है और इस कदम से उन लोगों को अधिकार मिलेगा, जो दशकों से वहां रहकर खेतीबाड़ी कर रहे थे। धर्मशाला में राजस्व मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह सभी निर्णय पास किए गए हैं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि विधानसभा सत्र में हालही में पास हुआ फॉरेस्ट एक्ट का बिल प्रदेश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। खासतौर पर उन लोगों के लिए, जो लंबे समय से फॉरेस्ट लैंड पर बसे हुए हैं, अब उनके पास उस भूमि पर अपना मालिकाना हक होगा। यह संशोधन मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में प्रभावी होगा, जहां स्थानीय लोग फॉरेस्ट भूमि पर खेती करते आए हैं, लेकिन उन्हें भूमि के मालिकाना हक से वंचित रखा गया था। इस निर्णय को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का आभार व्यक्त किया। विवेक शर्मा ने बताया कि जिला ऊना के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में फॉरेस्ट भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों को इससे काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्व. राजा महिंद्र पाल सिंह के बाद कुटलैहड़ में यह एक बड़ी समस्या बन गई थी, जिसे अब सुक्खू सरकार ने सुलझा लिया है।

# पीएनबी मेटलाइफ में अप्रेंटिस पदों के लिए साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएनबी मेटलाइफ ऊना में अप्रेंटिसशिप के लिए 35 पदों की आवश्यकता है। इन पदों के लिए साक्षात्कार 4 अप्रैल को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक, आयु सीमा 21 से 35 वर्ष और वेतन 15 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, मूल प्रमाण पत्र, बायोडाटा की कॉपी और अनुभव प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 99109-94034 पर संपर्क किया जा सकता है।

## प्रशासन ने अश्वनी की मदद को बढ़ाया हाथ

# दस हजार की दी फौरी राहत, बेटे को आउटसोर्स पर मिला रोजगार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा बाजार में रविवार सुबह बंगाणा के एक व्यापारिक क्षेत्र में एक दुखद घटना घटित हुई थी, जब अश्वनी धीमान की दुकान में शॉट सर्किट से आग लग गई।

आग ने दुकान को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया और आकलन के अनुसार, इस घटना में लगभग दस लाख रुपए का नुकसान हुआ। इस दुखद घटना के बावजूद समाज और प्रशासन ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया। बिजली विभाग के एसडीओ, उदित कुमार ने इस संकट के समय में अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पीड़ित अश्वनी धीमान की मदद की। उन्होंने पीड़ित के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करते हुए दस हजार की मदद की और बेटे को आउटसोर्स पर रोजगार प्रदान किया है। यह मदद अश्वनी के लिए राहत का कारण बनी क्योंकि आग लगने से उनका कारोबार पूरी तरह से प्रभावित हुआ था। एसडीओ ने कहा हमारी प्राथमिकता यह है कि हम सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करें, जब भी कोई अप्रत्याशित घटना होती है, तो हमें पीड़ित की मदद करनी चाहिए। मैंने यह सहायता राशि दी है, ताकि अश्वनी को कुछ राहत मिल सके और वह जल्द ही अपने व्यवसाय को फिर से शुरू कर सके।

पीड़ित अश्वनी धीमान ने एसडीओ का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस कठिन समय में एसडीओ साहब की मदद मेरे लिए बहुत मायने रखती है। उनके द्वारा दी गई मदद से मुझे बहुत राहत मिली है और अब मुझे उम्मीद है कि मैं अपने व्यवसाय को फिर से शुरू कर पाउंगा।

# टैली व ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण 8 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आरसेटी ऊना के निदेशक पारुल विरदी ने जानकारी दी कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में 8 अप्रैल से कंप्यूटर अकाउंटिंग एवं टैली, ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट में प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। यह प्रशिक्षण निशुल्क रहेगा और 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और 3 पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य रहेगा। आरसेटी के निदेशक ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान निशुल्क आवास और भोजन की सुविधा रहेगी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अभ्यर्थियों प्रशिक्षुओं को सरकारी पंजीकृत प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण लेने के भी पात्र होते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 7 अप्रैल तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# अरनवाल सड़क पर जल्द दौड़ेंगे वाहन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



अरनवाल सड़क के किनारे डंगे लगाने का काम चला हुआ है, जिससे जल्द ही इस सड़क पर वाहन दौड़ने का सपना सच होने वाला है।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने रोड को पक्का करने के लिए बजट उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। फिलहाल, 25 लाख से अधिक की राशि विधायक के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खर्च की जा रही है। इस 7 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य कई वर्ष पहले शुरू हुआ था, लेकिन भूमि विवाद के कारण कुछ हिस्से को छोड़ दिया गया था। इसके बाद, पंचायत के लोगों मेहर चंद, यशपाल शर्मा और उमेश भारद्वाज ने अपनी भूमि दान कर दी, जिससे सड़क को डाइवर्ट किया जा सका। गांव वासियों ने आपसी सहयोग से इस सड़क को डाइवर्ट करने का सारा खर्च उठाया। इसके लिए पंचायत की प्रधान संगीता वाला, वार्ड पंच वीरेंद्र कुमार ने भी काफी सहयोग किया। अब, स्थानीय विधायक के सहयोग से यह सड़क पक्की होने वाली है, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय पंचायत के लोगों वीर सिंह, अशोक कुमार और साहिल शर्मा ने विधायक की सड़क निर्माण को लेकर दिखाई गई तत्परता की तारीफ की और कहा कि विधायक का क्षेत्र की समस्याओं को हल करने के लिए सदा प्रयासरत रहते हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत जरोट**
**विकास खंड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

बैठक में प्रधान ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव रखा और समस्त उपस्थित सदस्यों को इस बारे अवगत करवाया गया कि पंचायत में मनरेगा व अन्य मदों के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य करवाए जाने हैं। अतः इनके लिए मैटीरियल क्रय करने के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाएँ। कोटेशनर के पास GST नंबर व बिलिंग भुगतान के समय HP Mineral Rules 2015 के अंतर्गत फार्म X व Y फार्म प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदाएं दिनांक 12/04/2025 तक सीलबंद लिफाफे में पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए, सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।

**सामग्री का विवरणः-** 1. क्रेशर रेत- प्रति घन मीटर, 2. क्रेशर बजरी 10/20,40 एमएम-प्रति घन मीटर, 3. क्रेशर 63/90 एमएम- प्रति घन मीटर, 4. पत्थर (बोल्डर) ढुल्वायी पहुंच सहित- प्रति घन मीटर, 5. सीमेंट बैग ढूल्वायी पहुंच सहित सिविल सप्लाई नगरोटा सूरियां से लेकर कार्यस्थल तक (लोडिंग व अनलोडिंग सहित)- प्रति बैग, 6. शटरिंग किराया (स्टील)- प्रति वर्ग मीटर, 7. शटरिंग किराया (लकड़ी) - प्रति वर्ग मीटर, 8. कंक्रीट मिक्सचर किराया - प्रति दिन, 9. पानी के टैंकर का किराया- प्रति टैंकर, 10. ढूल्वायी जी0 आई0 वायर व स्टील 10 एमएम, 12 एम जसूर एग्रो (Govt. Firm) से ग्राम पंचायत जरोट तक (लोडिंग व अनलोडिंग सहित)- प्रति फेयर, 11. कंक्रीट का बैंच 5 फुट- प्रति यूनिट, 12. लोहे का बैंच 5 फुट-प्रति यूनिट, 13. खेल सामग्री व व्यायाम हेतू इक्विपमेंट-प्रति यूनिट, 14. जेसीबी मशीन किराया- प्रति घंटा, 15. कार्य स्थल बोर्ड लिखवाई- प्रति यूनिट, 16. पक्की ईट ढूल्वायी पहुंच सहित ग्रेड A,B,C - प्रति यूनिट,17. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 250,300,400,600 एमएम(पहुंच सहित)-प्रति यूनिट, 18. स्थापना वाटर कूलर 15/40, 20/40, 40/80 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित)- प्रति यूनिट, 19. स्थापना वाटर टैंक आयरन MS कैप 2000, 1000 लीटर क्षमता व स्टैंड (पहुंच सहित)- प्रति यूनिट

निविदाएँ इसके लिए गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 17/04/2025 को खोली जाएंगी न्यूनतम रेट वाले निविदादाता की कोटेशन स्वीकृत की जाएंगी। निविदाएँ वर्ष 2025-26 केलिए मान्य होंगी । मेटीरिअल सप्लाई ना करने की दशा में, घटिया मटेरियल सप्लाई करने की दशा, विलम्ब से सप्लाई करने की दशा, कोटेशन प्रस्तुत करने वाली फर्म की अनुपस्थिति में (कोटेशन खोलने के समय) अन्य किसी कारण से पंचायत के पास निविदाएँ रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

**सचिव ग्राम पंचायत जरोट विकास खंड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा**


**पूजा** | विधायक बबलू ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में भरी हाजिरी

# जल्द होगा मंदिर का विस्तार

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

पांचवें नवरात्र के अवसर पर विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस मौके पर मंदिर ट्रस्टी एवं पुजारी तिलक राज कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई और मां के दरबार में हाजिरी लगवाई। पूजा-अर्चना करने के पश्चात विधायक ने हवन कुंड में आहुतियां डाली और सुख-समृद्धि की कामना की।


विधायक सुदर्शन बबलू को सम्मानित करते ट्रस्टी।

कार्यवाहक मंदिर अधिकारी अरुण संख्यान ने माता की चुनरी और फोटो भेंट स्वरूप विधायक को भेंट की। इसके अलावा वह जिला 20 सूत्रीय कमेटी के सदस्य अंकुश कालिया के घर बाबा बालक नाथ के भंडारे में शामिल होने के लिए पहुंचे। अंकुश कालिया कांग्रेस के युवा सदस्य हैं और चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी भी हैं। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा, सौभाग्य की बात है कि मुझे नवरात्र में मां के दरबार में हाजिरी भरने का मौका मिला। उन्होंने क्षेत्र वासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं भी दीं। मंदिर विस्तारीकरण के काम को लेकर पूछे गए सवाल पर विधायक ने बताया कि ढाई सौ करोड़ की लागत से चिंतपूर्णी मंदिर का विस्तारीकरण का काम जल्द शुरू होने वाला है। आर्किटेक्ट का काम पूरा हो चुका है और अब डिजाइन फाइनल हो रहा है। यह परियोजना मंदिर के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण होगी। हालही में संपन्न हुए बजट सेशन को लेकर उन्होंने कहा विधानसभा सत्र में क्षेत्र की समस्याओं को जोर-जोर से उठाया इन समस्याओं का जल्द निराकरण होने की उम्मीद है। इस मौके पर उनके साथ पूर्व जिला परिषद एवं कांग्रेस सेवा दल राज्य सचिव सुलोचना देवी, कांग्रेस ब्लॉक प्रधान डॉक्टर रविंद्र शर्मा, विक्रांत सूद, रोहित कालिया, अंकुश कालिया आदि उपस्थित रहे।

# राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा सुनकर मिला मोक्ष

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के नायली गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में आचार्य नीरज शर्मा द्वारा भक्तों को अध्यात्मिक ज्ञान की अमृत वर्षा की जा रही है। कथा के दौरान उन्होंने राजा परीक्षित की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे श्राप ग्रस्त राजा को श्रीमद्भागवत सुनने से मोक्ष प्राप्त हुआ था। आचार्य नीरज शर्मा ने बताया कि राजा परीक्षित को ऋषि शमीक के पुत्र श्रृंगी ने सात दिनों में मृत्यु का श्राप दिया था। इसके बाद, व्यथित राजा ने महर्षि शुकदेव से श्रीमद्भागवत कथा सुनी और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन होकर परम मोक्ष प्राप्त किया। इस कथा से यह शिक्षा मिलती है कि भक्ति और सत्संग के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन के सारे कष्टों से मुक्ति पा सकता है। कथा के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति में लीन होकर श्रीमद्भागवत के दिव्य प्रसंगों का रसपान किया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से अपनी श्रद्धा प्रकट की और पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला।

# ऊना भूकंप की दृष्टि से जोन 4 व 5 में स्थित : जतिन लाल



**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की पांच सदस्यीय टीम ने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या, ऊना में स्कूल सुरक्षा एवं सामुदायिक जन जागरूकता पर शिविर आयोजित किया। इस कार्यक्रम में लगभग 68 स्कूली छात्राओं, शिक्षकों, गैर-शैक्षणिक स्टाफ, स्थानीय महिला मंडल और युवक मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।

डीसी जतिन लाल ने बताया कि जिला ऊना भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील जोन-4 और 5 में स्थित है, जिससे भविष्य में भूकंप की संभावना बनी रहती है। ऐसे में समुदाय और स्कूलों में जागरूकता और प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हैं, ताकि लोग किसी भी आपदा से निपटने के लिए सक्षम बन सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करने के साथ-साथ जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक होते हैं। इसके अलावा, कांगड़ा में 1905 में आए विनाशकारी भूकंप की वर्षगांठ को ध्यान में रखते हुए 4 अप्रैल को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ये जन-जागरूकता कार्यक्रम 1 से 5 अप्रैल तक चलेंगे, जिनमें सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम, मॉकड्रिल, प्रशिक्षण कार्यशालाएं, नागरिक जागरूकता रैलियां और स्कूली गतिविधियां शामिल होंगी। यह प्रशिक्षण शिविर एचपीएसडीआरएफ टीम के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी अजय की उपस्थित में आयोजित किया गया।

## 25 साल बाद धरातल पर उतरी परियोजना, केंद्र सहित प्रदेश सरकार के होंगे वारे न्यारे

# पहले दिन 13 लाख यूनिट बिजली उत्पादन

कमलेश वर्मा, कुल्लू

देश की महत्वपूर्ण एवं ऊर्जा सेक्टर में नवरत्न पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण दो में बिजली उत्पादन शुरू होना एनएचपीसी के लिए जहां बहुत बड़ी उपलब्धि है। वहीं, आर्थिक तंगी से जूझ रही हिमाचल की सूक्खू सरकार के लिए भी खुशी की खबर है। जी हां, मंगलवार से परियोजना में बिजली उत्पादन शुरू होते ही प्रदेश सरकार को भी राजस्व मिलना शुरू हो गया है और पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण दो से हिमाचल सरकार को सालाना 270 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा।

इसको लेकर नवरत्न कंपनी एनएचपीसी के लिए सौगात लेकर आई है। पार्वती दो के सियूंड स्थित पावर हाउस में ऊर्जा उत्पादन के पहले ही दिन 13 लाख यूनिट बिजली पैदा की है, जो कि ऊर्जा उत्पादन के शुरुआती दौर में अपने आप में एक रिकॉर्ड है। पार्वती प्रबंधन के आंकड़ों के मुताबिक प्रोजेक्ट में कमाई करने के मामले में बाजी मारी है और देर शाम तक पहले दिन की कमाई एक करोड़ बीस लाख बताई गई है। खुशी की बात यह है कि 12 फीसदी रॉयल्टी मिलने के एवज में



अनंत ज्ञान फॉलोअप

पहले ही दिन प्रदेश सरकार को 15 लाख रुपए मिलने शुरू हो गए।

दिसंबर 1999 से बन रही 800 मेगावाट की पार्वती परियोजना को एनएचपीसी ने 25 साल बाद धरातल पर उतारा है। इस परियोजना को पूरा करने में कंपनी को कई बाधाओं और चुनौतियों से जूझना पड़ा। लिहाजा, परियोजना में बेशक देरी के चाहे जो भी कारण रहे हो, लेकिन अब कम से कम प्रदेश सरकार के लिए यह खुशखबरी है कि सरकार को अकेली इस परियोजना से ही सालाना 270 करोड़ रुपए की आमदनी मिलेगी। बहरहाल, अब परियोजना की तीन टरबाइनें जहां घूमना शुरू हो गई हैं, वहीं चौथी टरबाइन भी जल्द शुरू हो जाएगी।

हर टरबाइन से 200-200 मेगावाट बिजली को उत्पादन होगा। परियोजना से उत्पादित होने वाली

### उद्घाटन के लिए मोदी आ सकते हैं हिमाचल

परियोजना के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द हिमाचल आ सकते हैं। प्रबंधन पीएम से इसका उद्घाटन करवाने के लिए तैयारियों में जुटा हुआ है।

बिजली से केंद्र सरकार को भी करोड़ों रुपए का लाभ होगा। वहीं, प्रदेश सरकार को भी औसत बिजली दरों के अनुसार करीब 270 करोड़ रुपए की सालाना आय प्राप्त होगी। इसके अलावा कुल उत्पादन का एक प्रतिशत का सालाना लाडा को भी वर्तमान बिजली दरों के अनुसार करीब 22 करोड़ रुपए मिलेंगे, जिसे बिजली के प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर खर्च किया जाएगा।

उधर, परियोजना के चरण दो के अधिकारियों व कर्मचारियों में 25 साल की कड़ी मेहनत के बाद परियोजना सिरे चढ़ने और बिजली उत्पादन शुरू होने से खुशी व जश्न का माहौल है। अब सभी को परियोजना के उद्घाटन का इंतजार है। (अनंत ज्ञान)

## सत्संग से ही गृहस्थ जीवन उत्तम बन सकता है : डॉ. महेश

**अनंत ज्ञान आनी।** आनी उपमंडल मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर बैहनी महादेव मंदिर में शिव महापुराण कथा का चौथा दिन संपन्न हुआ। कथावाचक डॉ. महेश व्यास ने गृहस्थ जीवन को सर्वश्रेष्ठ बताया। उन्होंने कहा कि सत्संग से ही गृहस्थ जीवन उत्तम बन सकता है। शास्त्रों के अनुसार जिस घर में बेटी का जन्म होता है, वह स्थान यज्ञ भूमि कहलाता है। कन्या को रत्न माना गया है। जहां स्त्री प्रसन्न रहती है, वहां किसी चीज की कमी नहीं होती।

डॉ. व्यास ने दक्ष प्रजापति की कथा सुनाई। कार्यक्रम में देवता शमशरी महादेव के गुर और भगवान परशुराम के क्रो देवता उपस्थित रहे। जवाहर लाल शर्मा और ब्रह्मेश्वर महादेव बड़ागांव के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। विभिन्न क्षेत्रों से देवताओं के कारकून भी पहुंचे। कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया।

# डमचीण गांव के घरों में आई दरारें

## पावर प्रोजेक्ट की ब्लास्टिंग से हुआ नुकसान, एसडीएम ने लिया जायजा





मोहन कपूर, पतलीकूहल

कुल्लू के पिछलीहार क्षेत्र डमचीण गांव के पास 9 मेगावाट से बन रहे सोयल दशाल पावर प्रोजेक्ट के ब्लास्टिंग के कार्य से डमचीण गांव के कई घरों में दरारें आ गई है। दरारें आने से लोगों के खेत खलियान भी उजड़ रहे हैं।

लोगों के घरों की दीवारों में दरारें आने से लोग उन घरों में रहने से सहम गए हैं। लोगों के पास इन घरों के सिवाय और कोई आशियाना भी नहीं है। इसी चिंता को लेकर डमचीण गांव का प्रतिनिधिमंडल उपप्रधान की अध्यक्षता में विधायक भुवनेश्वर गौड़ से उनके निवास पर मिला।

**प्रोजेक्ट ने नहीं दिया रोजगार :** उपप्रधान खुड़ू राम सहित वीर चंद, नूप राम, प्यारे चंद, खेख राम, संगत राम, मनी राम व वेली राम ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के कार्य में स्थानीय लोगों को रोजगार भी नहीं मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### देवताओं के स्थल हो रहे प्रभावित

ग्रामीणों ने बताया कि याहनी नाला से पधरू तक लोगों की मलकियत जमीन है और इस बीच गांव के प्राकृतिक पीने के पानी के स्रोत और कई देवी देवताओं के पूजनीय स्थल भी है। प्रोजेक्ट के इन धमाकों यह स्थल प्रभावित हो रहे हैं।

### लोगों ने की नुकसान भरपाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रोजेक्ट अधिकारियों से मकानों के नुकसान और खेतों में आई दरारों की भरपाई की मांग की है। लोगों ने उपायुक्त और उपमंडलाधिकारी ( नागरिक ) कुल्लू को भी इस बारे ज्ञापन सौंपा है।

### विधायक ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने प्रभावित परिवारों को तुरंत उपमंडलाधिकारी कुल्लू को मौका करने को कहा। बुधवार को उपमंडलाधिकारी कुल्लू विकास शुक्ला ने मौके पर जाकर प्रभावित परिवारों के मकान और खेतों का मूल्यांकन किया और बताया कि रिपोर्ट बनाकर तैयार की जाएगी। इसके बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

## हवन व मंत्रोच्चारण के साथ एसवीएम का नया सत्र शुरू



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

ललित महाजन सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग( एसवीएम) में नए सत्र के प्रारंभ में नव संवत हवन, समर्पण और विद्या आरंभ संस्कार का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में अभिभावकों, बच्चों प्रबंध समिति, आचार्य दीदी व अन्य कर्मचारी वर्ग ने भाग लिया।

प्रधानाचार्य विजेता ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष इस कार्यक्रम में भूमि वंदन का कार्यक्रम भी रखा गया था। इसमें सभी अभिभावकों, छात्रों से अपने-अपने क्षेत्र से मिट्टी लाकर मटके में रखा गया और उसकी पूजा-अर्चना की गई। इसका विशेष उद्देश्य स्व का बोध कराना था अर्थात अपने देश की मिट्टी पर भी हमें गर्व होना चाहिए, यह संदेश इस भूमि वंदन कार्यक्रम के माध्यम से दिया गया।

इस दौरान नए प्रवेश हुए शिशुओं का विद्या आरंभ संस्कार भी विधिवत रूप से करवाया गया। इस कार्यक्रम में प्रबंध समिति से खुशी वर्मा, प्रेम, इंदिरा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के अध्यक्ष विजय सेन का विशेष योगदान रहा। हवन के माध्यम से समस्त देवी देवताओं को याद कर आगामी सत्र में सभी स्वस्थ रहें, अपने कार्यक्षेत्र में निपुण हो, ऐसी कामना की गई।

## नाबालिग बच्चों को अपनी चपेट में ले रहा चिट्टा, सचेत रहें अभिभावक : डॉ. सत्यव्रत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू मुख्यालय के ढालपुर स्थित बचत भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल्लू जिले के सभी कॉलेजों के प्रतिनिधियों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में इस बात का खुलासा हुआ कि छोटे बच्चे भी अब चिट्टे की चपेट में आ रहे हैं और इसमें अभिभावकों को काफी सचेत रहने की आवश्यकता है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए डी एडिक्शन सेंटर कुल्लू के प्रभारी डॉ. सत्यव्रत वैद्य ने बताया कि पहले जहां शराब और भांग के नशे के मामले पहले सामने आते थे, वहीं अब कुछ समय से चिट्टा का सेवन करने के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। वहीं, पहले 18 साल से ऊपर के युवा ही इस नशे का शिकार हो रहे थे, लेकिन अब 12 से 13 साल की उम्र के बच्चे भी चिट्टा के शिकार बन रहे हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों की गतिविधियों के साथ-साथ अब उनके मोबाइल पर भी नजर रखनी होगी,



कार्यशाला में नशे के खिलाफ जागरूक करते गणमान्य।

**बोले-डी एडिक्शन सेंटर इलाज के लिए पहुंच रहे मरीज, बच्चों के मोबाइल पर नजर रखना जरूरी**

ताकि उन्हें पता चल सके कि कहीं सोशल मीडिया के माध्यम से उनका बच्चा इस तरह के नशे का शिकार तो नहीं हो रहा।

कार्यशाला में कुल्लू जिले के सभी कॉलेजों से आए प्रोफेसर ने हिस्सा लिया और उन्हें भी इस बात से अवगत करवाया गया कि बच्चे अपने कॉलेज में छात्रों की गतिविधियों पर ध्यान रखें।

डॉक्टर सत्यव्रत वैद्य ने बताया कि अब काफी संख्या में लोग डी एडिक्शन सेंटर में इलाज के लिए आ रहे हैं, जिससे पता चल रहा है कि लोगों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, लेकिन छोटे बच्चे इसका शिकार हो रहे हैं। समाज के सभी वर्गों का यह दायित्व बनता है कि वह इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखें।

अगर उन्हें लगता है कि कोई नशे की चपेट में आ गया है तो वह स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें। ताकि डी एडिक्शन सेंटर में उनका इलाज कर नशे के शिकार युवाओं को समाज के मुख्य धारा में लाया जा सके।

## नामी कंपनी में कुल्लू कॉलेज के छह छात्र चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के वी. वॉक रिटेल मैनेजमेंट के छह विद्यार्थियों का चयन देश की नामी कंपनी में हुआ। हर एक विद्यार्थी को सालाना 4.5 लाख रुपए का पैकेज मिला है।

चयनित विद्यार्थियों में कृष्ण कपूर, मोनिका ठाकुर, अनिता देवी, सनम, मोहित कुमार और प्रीति के नाम शामिल हैं। महाविद्यालय कुल्लू के प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने कहा कि हाल ही में जिला मंडी में स्थित राजकीय बल्लभ महाविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया था।

इसमें महाविद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया था। इनमें से छह का चयन नामी कंपनी में हुआ है

## पतलीकूहल में नालियां अवरुद्ध होने से गंदे पानी से भरी सड़क व दुकानें

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल



बुधवार दोपहर को निकास नालियां अवरुद्ध होने से पतलीकूहल चौक और पतलीकूहल नग्गर सड़क में नालियों का पानी सड़क में बहने लगा और व्यापारियों की दुकानों में भी घुस गया, जिससे उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं, राहगीरों को तो अपने जूते और चप्पल उतारते हुए सड़क से गुजरना पड़ा। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को कठिनाई का सामना करना पड़ा।

पतलीकूहल के व्यापारी और स्थानीय लोग संजय अंगरूप, मयूर, नीतीश गौतम, रूपेश गौतम, हरि, शम्मी, शिव कुमार, तरुण, प्रशांत, पंकज, रमेश, अभिनाश, शंकर आदि ने कहा कि अभी तो बरसात भी शुरू नहीं हुई है, फिर भी नालियों का पानी सड़कों में बह रहा है, । आए दिन उन्हें इस समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने संबंधित विभाग से आग्रह किया कि इसका स्थायी समाधान किया जाए ताकि लोगों की दुकानों में नाली का पानी न घुसे। वहीं, दुकानदारों ने सुझाव दिया कि व्यापार मंडल में एक कमेटी का निर्माण किया जाए जिसमें कचरा फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का प्रावधान हो।

> विभाग बार- बार निकास नालियों को साफ करता रहता है, परंतु यहां पर कई लोग नाली में कचरा फेंकते रहते हैं जिस कारण नालियां बंद हो जाती हैं। स्थानीय लोगों और दुकानदारों से आग्रह है कि वे कचरे को नालियों में न फेंकें। फिलहाल विभाग ने निकास नालियों से गंदगी को साफ करने के लिए कर्मचारी भेज दिए हैं ।
>
> **---केडी कश्यप सहायक अभियंता, लोनिवि कटराईं।**

## लाल चंद प्रार्थी ने हिमाचल की संस्कृति के उत्थान में दिया है महत्वपूर्ण योगदान : सेन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सूत्रधार भवन के सभागार में कोर ग्रुप की बैठक का आयोजन संस्था उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि सूत्रधार कला संगम द्वारा 3 अप्रैल को सूत्रधार भवन के सभागार में स्व. लाल चंद प्रार्थी की 109वीं जयंती के उपलक्ष्य पर शाम-ए-गजल कार्यक्रम का आयोजन शाम 5 बजे से किया जाएगा।

कार्यक्रम में संस्था के कलाकारों सहित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेडियो तथा दूरदर्शन के उच्च श्रेणी के गजल गायक डॉ. सुधीर शर्मा, कुरुक्षेत्र अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कुल्लू कविता ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने न्यूजीलैंड की धरती से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए स्व. लाल चंद प्रार्थी के जीवन पर



**स्व. प्रार्थी की जयंती के उपलक्ष्य पर सूत्रधार भवन सभागार में आज होगा शाम-ए-गजल कार्यक्रम**

प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लाल चंद प्रार्थी ने हिमाचल प्रदेश की संस्कृति के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

हिमाचल प्रदेश में भाषा-संस्कृति विभाग और अकादमी की स्थापना, कुल्लू के प्रसिद्ध दशहरा मेले को अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करना तथा कुल्लू में मुक्ताकाश कला केंद्र की स्थापना उनके ही प्रयास से हुई, इसलिए लाल चंद प्रार्थी को 'चांद' कुल्लुवी के नाम से भी जाना जाता है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में संस्था के उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह सहित महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोंगेंद्र ठाकुर, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर तथा प्रबंधक उत्तम चंद उपस्थित रहे ।

## विधायक सुरेंद्र शौरी कांग्रेस पर थोप रहे अपनी नाकामियां : मियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने कहा है कि बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी विकास करवाने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं और अब अपनी नाकामियां कांग्रेस पर थोपकर पल्ला झाड़ रहे हैं। बुधवार को कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गत दिन जब एनएच 305 की खस्ताहालत को लेकर बंजार में लोगों ने प्रदर्शन किया तो उस समय समस्या के समाधान की बजाए विधायक सुरेंद्र शौरी वहां पर जनता के बीच रुकने की बजाए कुल्लू आ गए।

एपीएमसी के अध्यक्ष ने विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रदर्शन के दौरान जहां बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी को जनता के बीच रहकर उनका साथ देना चाहिए था, वहीं, वह मौके से भाग कर जिला मुख्यालय कुल्लू में पत्रकार वार्ता करने पहुंच गए। राम सिंह मिंया ने विधायक शौरी द्वारा प्रदेश सरकार पर लगाए गए आरोप का जवाब देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-305

**बोले-भाजपा के कार्यकाल में ही हुआ है एनएच 305 का निर्माण**

का टेंडर उनकी सरकार के कार्यकाल में हुआ है। उनकी ही सरकार के कार्यकाल में इस कार्य में गड़बड़ हुई है, ऐसे में विधायक सुरेंद्र शौरी को कांग्रेस से सरकार पर आरोप लगाने के बजाय अपने आप में झांकना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि विधायक को बंजार विधानसभा की जनता की और यहां की समस्याओं की फिक्र होती तो वह इस तरह प्रदेश सरकार पर आरोप लगाने की बजाए उन समस्याओं का समाधान करते न कि आरोप लगाकर अपनी नाकामियों को छुपाने की कोशिश करते। उन्होंने कहा कि एनएच 305 की हालत बेहद दयनीय है और भाजपा सरकार के कार्यकाल में इस सड़क का निर्माण हुआ है, उस समय के मुख्यमंत्री व बंजार के विधायक की नाकामियों के कारण ही इस सड़क निर्माण में गड़बड़ी हुई है।

## ऑटिज्म पर जानकारी फैलाने पर दिया बल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

मौहल स्थित चामुंडा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एवं नर्सिंग कॉलेज की 40 छात्राओं ने साम्फिया के आश बाल विकास केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर छात्राओं को ऑटिज्म एवं अन्य दिव्यांगताओं से संबंधित सेवाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान साम्फिया के निदेशक डॉ. श्रुति भारद्वाज एवं ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट आर्य एम ने छात्राओं को ऑटिज्म के बारे में जागरूक किया और अपने समुदाय में इस विषय पर अधिक जानकारी फैलाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने समाज में ऑटिज्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और इस क्षेत्र में बेहतर सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

केंद्र के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल ने छात्राओं को आश केंद्र में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं जैसे फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन की जानकारी दी। उन्होंने साम्फिया द्वारा संचालित 'थैरेपी ऑन व्हील्स' और समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के बारे में भी बताया, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों के दिव्यांग बच्चों को लाभ मिल रहा है।

उन्होंने चामुंडा कॉलेज के प्रबंधन एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में योगदान दिया। चामुंडा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एवं नर्सिंग कॉलेज की उप-प्रधानाचार्य पवना ने कहा कि इस भ्रमण के माध्यम से नर्सिंग छात्राओं को दिव्यांग बच्चों के उपचार एवं देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हुईं। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में ऐसी और भी शैक्षणिक यात्राओं की योजना बनाई जा रही है ताकि छात्राएं इस क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान अर्जित कर सकें। यह आयोजन विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। साम्फिया एवं चामुंडा कॉलेज के इस संयुक्त प्रयास से छात्राओं को विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की शिक्षा और देखभाल की समग्र प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला।



आश बाल विकास केंद्र के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्राएं जानकारी प्राप्त करती हुईं।

**विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर आश केंद्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित**

## रायसन में कछुआ गति से हो रहा आरसीसी दीवार लगाने का कार्य

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

कुल्लू-मनाली के बीच में रायसन (चंडीगढ़) गांव के पास ब्यास नदी में कई अरसे से पत्थर का ढेर लगा कर मलबा रखा गया है। जलशक्ति विभाग द्वारा ठेकेदार को इस बस्ती को बचाने के लिए आरसीसी दीवार का कार्य सौंपा गया है, मगर ठेकेदार द्वारा कछुआ गति से कार्य होने से लोग परेशान हो रहे हैं।

स्थानीय लोग कई बार ब्यास नदी को बीच से ले जाने की बात विभाग को कह चुके हैं और मलबे को बस्ती की ओर करने के लिए जलशक्ति विभाग को ज्ञापन भी दे चुके हैं । इसी समस्या को लेकर रायसन का प्रतिनिधि मंडल स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ से मिला और ज्ञापन भी दिया। लोगों ने फिर विधायक के माध्यम से मलबस बस्ती की ओर करने व कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया। इस समय व्यास नदी का पूरा रुख बस्ती की ओर मुड़ा हुआ है।

विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अरुण शर्मा को मौके का निरीक्षण करने को कहा। शर्मा ने लोगों को आश्वस्त किया कि जल्द ही मलवा को ब्यास नदी से उठाया जाएगा।

### आनी के 8 स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को मिला वाटर कूलर

**अनंत ज्ञान आनी।** लझेरी वार्ड के जिला परिषद सदस्य जीवन सिंह ठाकुर ने अपनी निधि से आनी क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों को वाटर कूलर भेंट किए हैं। इन संस्थानों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खनाग, खुन, शवाड कुंगश, शिलहीजंजा और सिनबी शामिल हैं। इसके अलावा कोठी डिगेढ और लगौटी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी वाटर कूलर दिए गए हैं। महादेव मंदिर परिसर शमशर को भी वाटर कूलर की सुविधा प्रदान की गई है। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. भागवत मेहता, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश राणा, डॉ. पंकज, पंचायत निरीक्षक चुन्नीलाल ठाकुर, अनिल और विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मौजूद रहे।

**समीक्षा** लाहौल-स्पीति की विधायक ने लोनिवि और जलशक्ति विभाग काजा मंडल की ली बैठक

## विकासात्मक कार्यों के निर्माण में तेजी लाएं अधिकारी : अनुराधा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने काजा में लोक निर्माण विभाग और जलशक्ति विभाग के कार्यालयों में अधिकारियों की बैठक ली। विधायक ने लोक निर्माण विभाग काज़ा के सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्माणधीन सड़क, पुल और भवनों के लंबित पड़े कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि स्पीति घाटी के लोगों को इन योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

उन्होंने मुद-भावा सड़क और लियो बाईपास सड़क के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विभाग को निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। विधायक अनुराधा राणा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य में कोताही



बरती जा रही है तथा तय समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है, तो ऐसे ठेकेदारों को ब्लेक लिस्ट किया जाए ताकि विकास कार्यों को गति प्रदान की जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं के कार्यों को शीघ्र-अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन करते हुए अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग जितेश कुमार शर्मा ने विधायक के समक्ष विभाग से संबंधित जानकारियों को विस्तारपूर्वक रखा। इससे पूर्व विधायक अनुराधा राणा ने क्कांग में स्नो बोर्ड एसोसिएशन काजा का उद्घाटन किया और एसोसिएशन को एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की। बैठक में लोक निर्माण विभाग एवं जल शक्ति विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**जलशक्ति विभाग को लंबित कार्यों को समयावधि में पूरा करने के निर्देश :** विधायक अनुराधा राणा ने जल शक्ति विभाग काजा के कार्यालय में भी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। विधायक ने बैठक में जल शक्ति विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों से परियोजनाओं का पूर्ण ब्योरा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पीति घाटी में जलशक्ति विभाग से संबंधित सभी लंबित कार्यों को तय समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग को जल प्रबंधन एवं सिंचाई योजनाओं के लिए गंभीरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है ताकि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ निर्धन एवं उपेक्षित वर्गों तक पहुंच सके।

उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्माणधीन कार्यों की नियमित आधार पर देख-रेख करने के भी निर्देश दिए ताकि कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग मनोज कुमार ने विधायक को विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बस्सी**
विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बस्सी विभिन्न विकास कार्यों हेतू वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतू आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 08/04/2025 अपराहन 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 09/04/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी । **सामग्री का विवरण :-** 1. रेत (क्रसर)-प्रति घन मीटर, 2. बजरी (क्रसर) 10,20,40,60 एमएम-प्रति घन मीटर, 3. पत्थर/कटस्टोन -प्रति घन मीटर, 4. बोल्डर/सोलिंग- प्रति घन मीटर, 5. जेसीबी हेतू -प्रति घंटा, 6. सीमेंट किराया प्रति बैंग के हिसाब से चैल-चौक से बस्सी तक -प्रति बैग, 7. ईंट- प्रति ईंट, 8. मिक्चर-प्रति दिन, 9. साईन बोर्ड-प्रति बोर्ड, 10. जेसीबी ब्रेकर- प्रति, 11. सरिया- प्रति किलो, 12. एंगल-प्रति किलो,13. जीआई शीट-प्रति चदर, 14. सीलिंग शीट -प्रति चदर, 15. वेल्डिंग charges- प्रति किलो, 16. square पाइप -प्रति किलो, 17. शटरिंग-प्रति वर्ग फुट। 1. निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय से ही प्राप्त की जाएगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी । 2. निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या, GST नंबर होना आवश्यक है। 3. रेत, बजरा, पथर, ठेकदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगें। एम फार्म ( M FARM ) उपलब्ध करवाना आवश्यक है। यदि न हो तो वर्तमान में सरकार द्वारा घन मीटर के हिसाव से रायल्टी काटी जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति लो0 नि0 विभाग की स्पेसिफिकेसन के अनुरूप होगी । 5. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती है, वहां उपलब्ध करवानी होगी । 6. निविदा दाता को 25,00,0/- रूपये राशि नकद रूप में जमा करवानी होगी । 7. निविदा दाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता, उसकी अग्रिम राशि वापिस नहीं होगी । 8. समान दर रहने के स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा । 9. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी । 10. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है । 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी । 12. सामग्री लेने का अंतिम निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार/उपरान्त किया जाएगा ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बस्सी विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### आधार पंजीकरण के लिए स्कूलों में लगेंगे शिविर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज यहां विशिष्ट पहचान कार्यान्वयन समिति (यूआईडीआईसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेशभर में शत-प्रतिशत आधार की आवश्यकता पर बल दिया। आधार पंजीकरण में तेजी लाने के लिए रस्तोगी ने बैंकिंग और डाक विभाग समेत सभी विभागों को जल्द से जल्द आधार नामांकन किट्स की पूर्ण सक्रियता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, आधार सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर भी बल दिया। बैठक के दौरान, चंडीगढ़ स्थित यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय की उप-महानिदेशक श्रीमती भावना गर्ग ने 0-5 वर्ष की आयु के बच्चों में आधार नामांकन बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### युवा संवाद समारोह नीतियों की प्रयोगशाला : डॉ. कृष्ण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने राजधानी युवा संसद द्वारा हरियाणा विधानसभा सदन में हरियाणा युवा संवाद, 2025 कार्यक्रम के आयोजन के लिए संस्था से जुड़े सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए हरियाणा का चयन किया है। दो दिवसीय हरियाणा युवा संवाद का शुभारंभ करने उपरांत अपने संबोधन में डॉ. मिड्ढा ने कहा कि मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि हरियाणा के उपाध्यक्ष होने के नाते देश के कोने-कोने से चयनित प्रतिभाशाली युवाओं को मुझे इस महान सदन में संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह मंच न केवल विचार-विमर्श का स्थल है बल्कि भविष्य की नीतियों की प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि तीन चरण के दौर से चयनित होकर हरियाणा विधानसभा सदन में 60 से अधिक युवा भाग ले रहे हैं जो न केवल अपने विचार सांझा करेंगे बल्कि समाज को किस प्रकार की दिशा देनी है और एक युवा अपने मन में इस बारे में क्या सोच रखता है वो इस मंच के माध्यम से हमारे सामने आएगी।

### सड़कों की मरम्मत के लिए बनाई खास योजना : रणबीर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा की सड़कों की मरम्मत के लिए विभाग ने खास योजना बनाई है। अगले 6 महीनों में इस पर विशेष कार्रवाई होगी , साथ ही प्रदेश की सड़कों के जाल को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि आमजन के लिए बेहतर और सुगम सफर हो सके। रणबीर गंगवा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत आने वाली करीबन 6300 किलोमीटर सड़कों की रिपेयरिंग का कार्य इस अवधि के दौरान करने का एक्शन प्लान बनाया है। विशेष टेंडर के जरिए काम होगा। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में घोषणा की थी कि आगामी 6 महीने के अंदर-अंदर सभी सड़कों की आवश्यकता अनुसार मरम्मत करवाई जाएगी। गंगवा ने विभाग के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की घोषणा को धरातल पर लाने के लिए खास योजना तैयार की जाएं। बैठक में ब्लीचिंग पाउडर, पॉली एल्युमिनियम क्लोराइड एवं स्टेनलैस स्टील स्कीन परचेजिंग को लेकर प्रक्रिया में शामिल हुई कंपनियों से कमेटी ने बातचीत की।

### चंडीगढ़ में प्रॉपर्टी टैक्स वृद्धि का भाजपा ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स में की गई बढ़ोतरी को लेकर आज एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता महापौर हरप्रीत कौर बबला ने की, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबला, और सभी भाजपा पार्षद उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भाजपा पार्षदों ने सर्वसम्मति से इस अन्यायपूर्ण टैक्स वृद्धि का विरोध किया और इसे जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने वाला फैसला करार दिया। पार्षदों ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय हाउस की मंजूरी के बिना लिया गया है, जो पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के खिलाफ है। प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा 'हम इस अव्यवहारिक और बिना किसी समुचित परामर्श के लागू किए गए कर वृद्धि का कड़ा विरोध करते हैं। यह फैसला आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव डालने वाला है और भाजपा इसकी तत्काल वापसी की मांग करती है।' महापौर हरप्रीत कौर बबला ने कहा, 'भाजपा हमेशा चंडीगढ़ की जनता के साथ खड़ी रही है और हम इस फैसले के खिलाफ हरसंभव कदम उठाएंगे।

### नौसेना ने किए 2500 किलो नशीले पदार्थ जब्त



**नई दिल्ली।** पश्चिमी नौसेना कमान के फ्रंटलाइन फ्रिगेट आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में एक संदिग्ध नाव पर 2500 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थों को जब्त किया है। गश्त के दौरान 31 मार्च को भारतीय नौसेना के समुद्री टोही विमान पी-8आई से क्षेत्र में संचालित संदिग्ध जहाजों के बारे में कई इनपुट मिले। ये जहाज मादक पदार्थों की तस्करी सहित अवैध गतिविधियों में शामिल थे। एक संदिग्ध नाव को रोका। मरीन कमांडो के साथ एक विशेषज्ञ बोर्डिंग टीम संदिग्ध जहाज पर चढ़ी और गहन तलाशी ली। इस दौरान कई सीलबंद पैकेट मिले। जहाज पर अलग-अलग कार्गो होल्ड और डिब्बों में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ पाए गए, जिसमें 2386 किलोग्राम हशीश और 121 किलोग्राम हेरोइन थी।

### एमपी के मंडला में मुठभेड़, दो महिला नक्सली ढेर

**मंडला।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई इस मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गई हैं। यह मुठभेड़ बुधवार सुबह करीब 10 बजे बिछिया थाना क्षेत्र के मुंडिदादर और गन्हेरिदादर के जंगल में हुई। सर्चिंग के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर, एक भरमार बंदूक, वायरलेस सेट और दैनिक जरूरत का सामान मिला है। सीनियर अफसर मौके पर पहुंच रहे हैं। इससे पहले 19 फरवरी को बालाघाट के गढ़ी थाना इलाके में हुई मुठभेड़ में चार महिला नक्सली मारी गई थीं। यह सभी कान्हा भोरमदेव एबी डिवीजन खटिया मोर्चा दलम की सदस्य थीं। इनमें से एक आशा पर 14 लाख का इनाम था।

### पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अस्पताल में भर्ती



**ढाका।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुखार और इंफेक्शन की शिकायत के बाद 69 साल के जरदारी को कराची से 600 किलोमीटर दूर नवाबशाह से अस्पताल लाया गया था। उनके कई टेस्ट कराए गए हैं और डॉक्टर उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं। 23 मार्च को जब जरदारी ने पाकिस्तान दिवस पर भाषण दिया था, तो कई बार उनकी जुबान लड़खड़ा गई थी।

# डिजिटल अरेस्ट कर रि. कर्नल दंपती से 3.41 करोड़ की लूट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

आम तौर पर आपने देखा होगा की डिजिटल अरेस्ट के मामलों में वीडियो कॉलिंग के जरिए ठगी को अंजाम दिया जाता है। वीडियो कॉल में फर्जी पुलिस थाना और अफसर दिखाए जाते हैं, लेकिन चंडीगढ़ में इससे एक कदम आगे जाकर साइबर ठगी की गई है। चंडीगढ़ के सेक्टर-2 में भारतीय सेना से रिटायर्ड कर्नल के साथ 3 करोड़ 41 लाख की ठगी की गई है।

बुजुर्ग दंपति ने बताया, कैसे उनके साथ डिजिटल अरेस्ट हुआ है। दंपती ने बताया कि करीब 10 से 12 दिन तक उन्हें डिजिटल अरेस्ट रखा गया और ठगी की गई। ठगी का शिकार हुए रिटायर्ड कर्नल ने बताया कि नकली कोर्ट के तरह पूरा कोर्ट रूम दिखाया गया, जिससे बुजुर्ग डर गए, उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसने की बात कही।

**नकली जज, फर्जी वकील और हू-ब-हू कोर्ट रूम में दिया ठगी को अंजाम**

गौरतलब है कि रिटायर्ड कर्नल के दो बेटों की मौत हो चुकी है और वह अपनी 74 साल की पत्नी के साथ रहते हैं। वीडियो कॉल के जरिए बुजुर्गों को बुरी तरह डराया और एक नकली कोर्ट में नकली जज बिठाया दिखाया गया। इस दौरान वकील और अन्य लोग भी खड़े हुए दिखाए गए, रिटायर्ड कर्नल दिलीप सिंह और उनकी पत्नी को 10 से 12 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा।

बुजुर्ग दंपती ने बताया कि 20 मार्च को मुझे कॉल आया था कि एक नरेश गोयल नाम के शख्स, जिसके ऊपर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है और उसने आपके अकाउंट में 2 करोड़ रुपए डाले हैं और इसको लेकर आप पर मामला दर्ज हो चुका है। वहीं शक होने के बाद हमें पता चला कि हमारे साथ ठगी हुई है।

**एसपी ने बताया क्या ध्यान रखना है**

**चंडीगढ़** की साइबर विभाग की एसपी गीतांजलि ने बताया कि देश के अलग-अलग खाते में पैसा डाला गया था और एक करोड़ रुपये को हम फ्रीज करने की कोशिश कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि बाकी सारा पैसा चेक के जरिए निकाल लिया गया है। एसपी ने बताया कि हमारी टीम जांच कर रही है और सभी खातों की जांच की जा रही है और टीमें रवाना हो रही हैं. एसपी ने बताया कि डिजीटल अरेस्ट जैसा कुछ होता नही है। पुलिस फोन या वीडियो कॉल के जरिये कोई भी क्राइम की जांच नहीं करती है। पुलिस कभी ऑनलाइन नोटिस नहीं भेजती है। वह कहती हैं कि इस तरह के मामलों में पैसा एक साथ नहीं लिया जाता है ।

### नगर निगम और बिजली विभाग की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरों के विकास और जनकल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में और अधिक तेजी से विकास कार्य किए जाएंगे।

विपुल ने आज फरीदाबाद विधानसभा के समस्त नवनिर्वाचित पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों एवं बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की।

इस बैठक में विपुल गोयल के साथ खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री राजेश नागर भी उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था, ताकि वार्डों के विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके और फरीदाबाद के नागरिकों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। विपुल गोयल ने नगर निगम और बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पार्षदों के साथ तालमेल बनाकर कार्य करें।

## हरियाणा के लोग दिल खोलकर करेंगे प्रधानमंत्री का स्वागत : सीएम



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समालखा स्थित सेवा साधना केंद्र में बीजेपी की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा को दो बड़ी सौगातें देंगे,जिसमें हिसार स्थित एयरपोर्ट का उद्घाटन होगा और यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली की यूनिट का शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोग प्रधानमंत्री का दिल खोलकर स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व स्तर पर भारत की पहचान को मजबूत किया है और एक विजन लेकर विकसित भारत के मिशन में लगे हैं। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार विकसित भारत विकसित हरियाणा की तर्ज पर तीन गुना तेजी से विकास कार्यों को कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर कार्यक्रम की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। आगामी 5 तारीख को रोहतक में प्रदेश के सभी मंत्रियों, विधायकों और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित कर पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बिल पेश करने जा रही है जिसके लागू होने से वक्फ बोर्ड को लेकर कोई भी डिस्प्यूट नहीं रहेगा।

## स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाक़ात की और हरियाणा में स्वास्थ्य परियोजनाओं से संबंधित चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन , योजना तथा कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी साथ थे।

कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से उन्होंने आशीर्वाद लिया और प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने में सहयोग बढ़ाने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री को उन्होंने अवगत करवाया कि वर्ष 2015 में उन्होंने पानीपत से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की जो शुरुआत की गई थी उस वक्त हरियाणा में लिंगानुपात 1000 लड़कों की तुलना में मात्र 871 था , लेकिन प्रधानमंत्री के आह्वान और हरियाणा सरकार के प्रयासों की बदौलत अब यह लिंगानुपात 910 तक पहुंच गया है। अब प्रदेश सरकार इस अनुपात को समान करने के लिए गहन प्रयास कर रही है।

आरती सिंह राव ने कानून बनाकर केंद्र सरकार द्वारा नए वक्फ बोर्ड में महिलाओं को शामिल किए जाने पर कहा कि इससे महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। अब वक्फ बोर्ड में शिया, सुन्नी और महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। वक्फ का मामला धर्म से नहीं, बल्कि संपत्ति की सुरक्षा से जुड़ा है इसमें गरीब तबके के लोगों और महिलाओं की भागीदारी से मुसलमान बहन - भाइयों के हित में कल्याणकारी कदम उठाने में मदद मिलेगी।

## सैलूनमार्ट ने भारत में ब्यूटी शिक्षा को दी नई दिशा

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



सैलूनमार्ट ने जेजे सवानी अकेडमी और इंडियन-इंटरनेशनल हेयर, मेकअप, एंड ब्यूटी अकेडमी के साथ मिलकर भारत में अंतरराष्ट्रीय स्तर की ब्यूटी शिक्षा की शुरुआत की है। 2 अप्रैल को चंडीगढ़ में हुए इस लॉन्च इवेंट ने भारतीय ब्यूटी और ग्रूमिंग क्षेत्र में एक नई युग की शुरुआत की, जिसमें सैलून प्रोफेशनल्स को पुरुषों की ग्रूमिंग और हेयर ड्रेसिंग में विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला।

इस इवेंट का मुख्य आकर्षण जेजे सवानी एजुकेशनल अकेडेमी के उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम थे, जो विशेष रूप से पुरुषों की ग्रूमिंग और हेयर ड्रेसिंग पर आधारित थे। यह अकादमी प्रसिद्ध यूके-आधारित हेयर स्टाइलिस्ट जेजे सवानी द्वारा संचालित है, और इसका उद्देश्य सैलून प्रोफेशनल्स को नए और उन्नत तकनीकों से प्रशिक्षित करना है। जेजे सवानी ने इवेंट के दौरान कहा कि भारत का सैलून उद्योग बेहद उम्मीदों से भरा हुआ है, और मैं आईआईएचएमबीए के साथ साझेदारी करके इस प्लेटफ़ॉर्म को सैलून प्रोफेशनल्स के लिए उन्नति की दिशा में लेकर आ रहा हूं। जेजे सवानी अकैडेमी का उद्देश्य भारत में अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण लाना है, ताकि प्रोफेशनल्स ट्रेंड्स के आगे रह सकें और अपनी कला को निखार सकें।

सैलूनमार्ट के संस्थापक नौनिहाल सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ से जो सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, वह इस बात का प्रमाण है कि यहां प्रोफेशनल एजुकेशन और विकास की बड़ी जरूरत है। हम जेजे सवानी अकेडमी और आईआईएचएमबीए के साथ साझेदारी करके अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण को भारत में लाने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

सैलूनमार्ट के सह-संस्थापक शेहनवाज नैय्यर ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा सैलून प्रोफेशनल्स को सफलता पाने के लिए जरूरी इनोवेशन और शिक्षा प्रदान करना रहा है।

जेजे सवानी अकेडमी और आईआईएचएमबीए के साथ यह साझेदारी सैलून प्रोफेशनल्स के लिए नए शिक्षा और विकास के रास्ते खोलती है, ताकि भारत में अगले पीढ़ी के ब्यूटी एक्सपर्ट्स को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण मिल सके।

### विभाग ने राजस्व लक्ष्य किया हासिल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व संग्रहण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने बजट लक्ष्य को हासिल कर लिया है। विभाग ने 61,950 करोड़ रुपये के आवंटित लक्ष्य की तुलना में 63,371 करोड़ रुपये सफलतापूर्वक एकत्रित किए हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का 102.3 प्रतिशत है।

इस संबंध में सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एसजीएसटी संग्रह 39,153 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो 37,500 करोड़ के बजट लक्ष्य से अधिक है और पिछले वर्ष (सेस को छोड़कर) की तुलना में 13.77 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। इसी तरह, उत्पाद शुल्क संग्रह 12,701 करोड़ रहा, जो 12,650 करोड़ के बजट लक्ष्य से अधिक है और पिछले वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## देश-विदेश

## पाकिस्तानी सेना ने पुंछ में एलओसी पर संघर्ष विराम का किया उल्लंघन

**एजेंसी, जम्मू**

**पाकिस्तानी** सेना ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश करते हुए जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। इसके जवाब में भारतीय सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित जवाबी कार्रवाई की।

जम्मू स्थित रक्षा पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का यह उल्लंघन मंगलवार को दोपहर 1.10 बजे हुआ। हालांकि, उन्होंने भारत की जवाबी कार्यवाही में पाकिस्तान की ओर से किसी के हताहत होने का कोई उल्लेख नहीं किया, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि विस्फोट और उसके बाद दोनों पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में दुश्मन के पांच सैनिक घायल हो गए। दरअसल, पहली अप्रैल को



नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ के कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के गोलीबारी और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित तरीके से प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

### शाही जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष की जमानत याचिका पर सुनवाई चार तक टली

**संभल (उप्र )।** संभल स्थित शाही जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष जफर अली की जमानत याचिका पर सुनवाई केस डायरी उपलब्ध न होने के कारण चार अप्रैल तक के लिए टाल दी गई। वकील ने बुधवार को बताया कि शाही जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष जफर अली को 23 मार्च को गिरफ्तार किया था और उनकी जमानत याचिका पर पहले 27 मार्च को सुनवाई होनी थी। उस दिन चंदौसी में न्यायाधीश निर्भय नारायण राय की एडीजे-2 अदालत ने अली की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उनकी स्थायी जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए दो अप्रैल की तारीख तय की थी। उन्होंने बताया कि हालांकि, केस डायरी उपलब्ध न होने के कारण मामले को अब चार अप्रैल तक के लिए टाल दिया गया है।

## इसराइल सेना ने की बमबारी; 17 की मौत, दक्षिणी गाजा में घुसी

**एजेंसी, गाजा पट्टी**



**इसराइल** की सेना (आईडीएफ) ने रातभर बम बरसाते हुए बुधवार सुबह दक्षिणी गाजा में प्रवेश कर गई। इस बमबारी में कम से कम 17 लोग मारे गए। हमास के कई महत्वपूर्ण ठिकाने पलक झपकते ही मटियामेट हो गए।

सेना के दक्षिणी गाजा में घुसने पर इसराइल के रक्षामंत्री इसराइल काट्ज ने कहा कि देश की सेना गाजा पर अपने जमीनी हमले का विस्तार कर रही है। अब गाजा पट्टी में व्यापक क्षेत्र पर कब्जा किया जाएगा। साथ ही आतंकवादी समूह हमास के हमदर्द भी मिट्टी में मिला दिए जाएंगे। रक्षामंत्री काट्ज ने कहा कि देश की थल और नभ सेना गाजा पर अपने जमीनी हमले का विस्तार कर रही है। जल्द ही गाजा पट्टी के बड़े भू-भाग पर नियंत्रण कर उसे गाजा पट्टी के तथाकथित बफर जोन में शामिल किया जाएगा। आईडीएफ ने क्षेत्र में एक और डिवीजन तैनात किया है। फिलिस्तीनी मीडिया के अनुसार, इसराइल की फौज ने राफाह और खान यूनिस में रातभर कहर बरपाया है और सुबह इजराइल के सैनिक राफाह में आगे बढ़ते दिखे।

## म्यांमार में भूकंप के पांच दिन बाद मलबे में फंसे युवक को जिंदा बाहर निकाला

**एजेंसी, बैंकॉक**

**म्यांमार** में भूकंप के बाद पांच दिन बाद राहत एवं बचाव कार्य में जुटे बचाव दल ने बुधवार सुबह राजधानी नेपीता के होटल के मलबे से 26 वर्षीय एक युवक को जीवित बाहर निकाला, जहां वह काम करता था। हालांकि, देश में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़ने की ही आशंका है, क्योंकि भूकंप के पांच दिन बाद भी अधिकतर बचाव दल को केवल शव ही मिल रहे हैं। मलबे में नाइंग लिन टुन के स्थान को सटीक रूप से निर्धारित करने और उसके जीवित होने की पुष्टि करने के लिए एक 'एंडिस्कोपिक कैमरे' का उपयोग किया गया था। व्यक्ति को सावधानीपूर्वक फर्श में छेद करके बाहर निकाला गया। युवक भूकंप के बाद लगभग 108 घंटे उस होटल में फंसा रहा जहां वह काम करता था।

### यून के महाभियोग फैसले से पहले यूएस एंबेसी ने अमेरिकी नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**सोल।** सोल स्थित यूएस दूतावास ने बुधवार को दक्षिण कोरिया में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी कि वे राष्ट्रपति यून सूक योल के महाभियोग पर फैसले से पहले प्रदर्शनों या भीड़ से दूर रहें। संवैधानिक न्यायालय ने कहा कि 4 अप्रैल सुबह 11 बजे राष्ट्रपति यून सूक योल के महाभियोग पर अपना फैसला सुनाएगा। दूतावास ने 'एक्स' पर कहा कि राष्ट्रपति यून के महाभियोग पर संवैधानिक न्यायालय के फैसले के बाद बड़े प्रदर्शनों और पुलिस की ज्यादा मौजूदगी की आशंका है।

### आदेश : फर्जी हस्ताक्षर के लिए कंपनी के खिलाफ की जाए प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पुलिस को एक वित्त कंपनी और उसके प्रमोटर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। आरोप है कि कंपनी के इक्विटी शेयरों को हस्तांतरित करने के लिए एक ऐसे व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर किए गए जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने जेनेसिस फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के एक शेयरधारक तृप्त सिंह की ओर से दायर एक शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। शिकायत में कंपनी, इसके प्रमोटर और प्रबंध निदेशक नरेश गर्ग, गोपाल बिष्ट और कंपनी के प्रमोटर के परिवार के सदस्यों सहित कंपनी के अन्य अधिकारियों पर वित्तीय कदाचार का आरोप लगाया गया है।

**ट्रंप और मस्क को झटका**

### विस्कोंसिन सुप्रीम कोर्ट में डेमोक्रेट समर्थित जज जीतीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। दरअसल उनके करीबी अरबपति कारोबारी एलन मस्क की लाख कोशिशों के बावजूद विस्कोंसिन सुप्रीम कोर्ट सीट से डेमोक्रेट पार्टी समर्थित सुसन क्राफोर्ड चुनाव जीत गई हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर से उदारवादी जजों का बहुमत हो गया है। सुसन के जीतने का असर ये होगा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लाई गई गर्भपात अधिकार आदि अहम नीतियों को सुप्रीम कोर्ट में रोका जा सकता है। सुसन क्राफोर्ड, डेन काउंटी की जज हैं और उन्होंने यूनियन पावर और गर्भपात अधिकार जैसे कानूनी मामलों की लड़ाई लड़ी है।

## कुकी संगठनों ने दिल्ली में होने वाली वार्ता से पहले रखीं शर्तें

**एजेंसी, इंफाल**

**गृह** मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में कुकी और मेइती समूहों के बीच पांच अप्रैल को होने वाली वार्ता से पहले मणिपुर के कांगपोकपी जिला स्थित कुकी नेतृत्व ने तीन पूर्व शर्तें रखी हैं। इन शर्तों में मेइती समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्रों में कुकी समुदाय के लोगों और कुकी समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्रों में मेहती समुदाय के लोगों की आवाजाही को प्रतिबंधित करना शामिल है।

कुकी जो काउंसिल (केजेडसी) के अध्यक्ष हेनलियानथांग थांगलेट ने कहा कि कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) की ओर से कांगपोकपी में आयोजित परामर्श बैठक के दौरान तीन शर्तें तय की गईं। थांगलेट ने कहा कि तीन पूर्व-शर्तें हैं, कुकी-जो समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्रों में मेइती समुदाय के लोगों और मेइती समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्रों में कुकी-जो समुदाय के लोगों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया जाए, बातचीत की सुविधा के लिए कम से कम छह महीने की अवधि के लिए एक दूसरे के प्रति शत्रुता बंद की जाए और संघर्षविराम अवधि के दौरान एक सार्थक औपचारिक वार्ता प्रक्रिया शुरू की जाए। कुकी जो काउंसिल के एक पदाधिकारी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पांच अप्रैल को नई दिल्ली में कुकी जो और मेइती समूहों के बीच एक बैठक बुलाई है।

### नाटो में ट्रंप के राजदूत बने मैट व्हिटेकर

**वांशिगटन।** अमेरिकी सीनेट ने मंगलवार देर रात मैट व्हिटेकर को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाटो में अमेरिकी राजदूत के रूप में पुष्टि कर दी। व्हिटेकर ट्रंप के पहले कार्यकाल में न्याय विभाग में सेवा दे चुके हैं। उनके पास विदेश नीति या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अनुभव नहीं हैं। सीनेट में उन्हें 52-45 के वोट से मंजूरी मिली। ट्रंप के पहले कार्यकाल में व्हिटेकर, अटॉर्नी जनरल जेफ सेशंस के चीफ ऑफ स्टाफ थे। 2016 के चुनाव रूसी दखल की जांच से सेशंस ने खुद को अलग कर लिया था। इसके बाद व्हिटेकर को कार्यवाहक अटॉर्नी बनाया गया था। ट्रंप की वापसी के बाद उन्हें न्याय विभाग में बड़ी जिम्मेदारी देने पर विचार हुआ था। हालांकि, अब उन्हें नाटो में राजदूत बनाया गया है।

## सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**




**निफ्टी में 166 अंक का उछाल**

**शेयर** बाजार में बुधवार को बढ़त रही। सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 166 अंक की बढ़त रही, यह 23,332 के स्तर पर बंद हुआ। सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी सेक्टर में रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 3.61 फीसदी चढ़ा।

कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 2.51 फीसदी की तेजी रही। आईटी, एफएमसीजी, मेटल और फार्मा इंडेक्स में करीब 1 फीसदी की बढ़त रही। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.28 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.05 फीसदी की तेजी रही। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.019 फीसदी गिरकर बंद हुआ। 1 अप्रैल को अमेरिका का डाओ जोंस 0.028 फीसदी गिरकर 41,989 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.87 फीसदी की तेजी रही। 1 अप्रैल को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 1390 अंक (करीब 1.80 फीसदी) गिरकर 76,024 के स्तर पर बंद हुआ था। यह इस साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले सेंसेक्स में 28 फरवरी को 1414 (1.90 फीसदी) अंक की गिरावट रही थी। निफ्टी में भी करीब 353 अंक (करीब 1.50 फीसदी) की गिरावट रही, ये 23,165 के स्तर पर बंद हुआ।

### लोन न मिलने पर बैंक से लूटा 17 किलो सोना

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के दावणगेरे जिले के एक शख्स ने लोन न मिलने पर बैंक से 17 किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने बताया कि चोरी का मुख्य आरोपी विजयकुमार (30 साल) आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। उसने अगस्त 2023 में एसबीआई बैंक में 15 लाख रुपए के लोन के लिए अप्लाई किया था, लेकिन उसका एप्लिकेशन रिजेक्ट हो गया। इससे नाराज होकर उसने बैंक से 13 करोड़ रुपए का सोना लूटा। आरोपी विजयकुमार को स्पैनिश क्राइम ड्रामा सीरीज 'मनी हाइस्ट' से चोरी का आइडिया आया। इसके बाद उनके यूट्यूब वीडियो देखकर 6-9 महीने में बैंक लूट की प्लानिंग की। बैंक लूटने में उसने भाई अजयकुमार, बहनोई परमआनंद और तीन अन्य साथी अभिषेक, चंद्रु और मंजूनाथ की भी मदद ली।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
189




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
09



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
15


### अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 2. | पंजाब | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 3. | दिल्ली | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 4. | गुजरात | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 5. | मुंबई | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 6. | लखनऊ | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 7. | चेन्नई | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 8. | हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 9. | राजस्थान | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 10. | कोलकाता | 03 | 01 | 02 | 02 |

**आईपीएल** कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का लक्ष्य जीत

# केकेआर के सामने आज सनराइजर्स

**एजेंसी, कोलकाता**




तीन में से दो मैच हार चुकी गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और पिछले साल फाइनल खेलने वाली सनराइजर्स हैदराबाद बृहस्पतिवार को आईपीएल मैच में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा।

केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सत्र के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से मिली हार के बाद कहा था कि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन तीन मैचों में दो हार के बाद अब टीम का मनोबल थोड़ा गिरा होगा। पिछले सत्र में केकेआर ने सिर्फ तीन मैच गंवाए थे । अब फोकस एक बार फिर ईडन गार्डंस की पिच पर होगा चूंकि आरसीबी से सात विकेट से मिली हार के बाद काफी आलोचना हुई है। बंगाल क्रिकेट संघ पर दबाव है कि स्पिनरों से भरी केकेआर टीम के अनुकूल पिच बनवाई जाए । केकेआर के पास सुनील नारायण, मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती जैसे धुरंधर स्पिनर हैं। पिछले महीने चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके आए स्पिनर चक्रवर्ती ने आरसीबी के खिलाफ 10.75 प्रति ओवर की दर से रन दिए। रिपोर्ट की मानें तो ईडन गार्डंस के पिच क्यूरेटर सुजन मुखर्जी ने पहले मैच में स्पिनरों की मददगार पिच बनाने का केकेआर का अनुरोध खारिज कर दिया था और यह फैसला टीम पर भारी पड़ गया । चक्रवर्ती ने उस मैच में 45 रन दिए। केकेआर टीम संयोजन को लेकर भी काफी सवाल हैं । उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी में तालमेल नजर नहीं आ रहा और स्टार खिलाड़ी चल नहीं रहे हैं । केकेआर ने जिन चार खिलाड़ियों को नीलामी से पहले रिलीज किया था, उन सभी ने आईपीएल के पहले दस दिन में शानदार प्रदर्शन किया है। इनमें पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर (पंजाब किंग्स), उपकप्तान नीतिश राणा (राजस्थान रॉयल्स), फिल साल्ट (आरसीबी) और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) शामिल हैं।

वहीं स्टार्क ने दिल्ली के लिए सनराइजर्स के खिलाफ 35 रन देकर पांच विकेट लिए । स्टार्क की जगह आए स्पेंसर जॉनसन प्रभावित नहीं कर सके हैं जबकि एनरिच नॉर्किया चोट के कारण बाहर हैं । मोटे दाम पर खरीदे गए वेंकटेश अय्यर दो मैचों में नौ रन ही बना सके हैं । रिटेन किए गए खिलाड़ियों में रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, हर्षित राणा और रमनदीप सिंह फॉर्म में नहीं हैं। वहीं पहले मैच में छह विकेट पर 286 रन बनाने वाली सनराइजर्स पिछले दो मैचों में 200 रन भी नहीं बना पाई। पैट कमिंस की टीम को पिछले आईपीएल फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के लिए अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**रसनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा, सचिन बेबी, मोहम्मद शमी, एडम जाम्पा, अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, राहुल चाहर, ईशान मलिंगा, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, नितीश कुमार रेड्डी, अथर्व तायडे, ब्रायडन कार्से, सिमरजीत सिंह, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।

**जोकोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पावेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसोदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोईन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिच नॉर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडेय, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और वरुण सकारिया।

# गुजरात टाइटंस के आगे रॉयल चैलेंजर्स बेबस



**अनंत ज्ञान, बेंगलुरु**

आईपीएल 2025 का 14वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया। गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी जो उनके लिए फायदेमंद साबित हुई। गुजरात की टीम बेंगलुरु पर शुरू में ही हावी हो गई। बेंगलुरु ने पहले तीन ओवर में 15 रन पर जल्दी-जल्दी 2 विकेट गंवा दिए।

विराट कोहली महज सात रन बनाकर चलते बने। कोहली को अरशद खान ने कैच कराया। वहीं, मोहम्मद सिराज ने देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड किया। पडिक्कल भी महज चार रन ही बना सके। इसके बाद सिराज के ओवर की 5वीं बॉल पर विकेटकीपर जोस बटलर से फिल सॉल्ट का कैच ड्रॉप हुआ। हालांकि, इसके बाद फिल सॉल्ट भी बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में मोहम्मद सिराज की गेंद पर बोल्ड हो गए। वह भी सिर्फ 14 रन ही बना पाए। वहीं, ईशांत शर्मा ने रजत पाटीदार को एलबीडब्ल्यू कर दिया। पाटीदार भी 12 रन ही बना सके। समाचार लिखे जाने तक बेंगलुरु ने 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 94 रन बना लिए थे।

लियम लिविंगस्टन 19 रन पर खेल रहे थे, जबकि जितेश शर्मा 33 रन बनाकर ऑउट हो गए। कगिसो रबाडा निजी कारणों से यह मुकाबला नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह अरशद खान को मौका दिया गया। वहीं, बेंगलुरु की टीम ने पिछले मैच की प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया।

# कप्तान अय्यर की पारी पर बोले पोंटिंग ‘तीसरे गियर में बनी हुई है रॉल्स रॉयस’

**एजेंसी लखनऊ**



पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत में शानदार अर्धशतक जमाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर की तुलना ‘ तीसरे गियर में रॉल्स रॉयस ’ से की है।

पोंटिंग ने खिलाड़ियों को याद दिलाया कि आईपीएल 2025 अभियान में कुछ भी हलके में नहीं लेना है । अय्यर ने लगातार दूसरा नाबाद अर्धशतक जमाते हुए 52 रन बनाए जिसके दम पर पंजाब ने 172 रन का लक्ष्य दो विकेट खोकर 16.2 ओवर में हासिल कर लिया । सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 34 गेंद में 69 रन बनाये जबकि निहाल वढेरा ने 25 गेंद में नाबाद 43 रन की पारी खेली। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने जीत के बाद टीम बैठक में कहा ‘ कप्तान ने फिर इसे आसान बना दिया । रॉल्स रॉयस अधिकांश समय तीसरे गियर में ही रही । इससे ज्यादा आक्रामक होने की जरूरत नहीं है।’

अय्यर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले मैच में नाबाद 97 रन बनाए थे। वह आईपीएल के इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 149 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं । पोंटिंग ने टीम से कहा ‘ कुछ भी हलके में नहीं लेना है। हमारा रवैया ठीक है और हम बतौर एक परिवार मेहनत करते रहेंगे । पहले गेंदबाजी करते हुए अर्शदीप ने पहले ओवर में सिर्फ तीन रन दिए। लॉकी फर्ग्युसन ने दूसरे ओवर में चार ही रन दिए। पावरप्ले के दो ओवरों में सात रन देकर एक विकेट चटकाया। पावरप्ले के बाद 35 रन देकर तीन विकेट । सबसे अच्छी बात यह है कि खिलाड़ी चाहे पहला मैच खेल रहे हों या पहली बार मौका मिला हो, उनके योगदान में कमी नहीं है । यह लॉकी का पहला मैच था ।’’

# बीसीसीआई ने लखनऊ के गेंदबाज दिग्वेश पर लगाया मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

**एजेंसी, लखनऊ**



लखनऊ सुपर जाइंट्स के स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है जिन्होंने आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद ‘पत्र लिखने की मुद्रा में ’ जश्न मनाया था ।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने राठी को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच इकाना स्टेडियम पर हुए मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता तोड़ने के लिये दंडियत किया । पंजाब ने वह मैच आठ विकेट से जीता ।

आईपीएल मीडिया सूचना में कहा गया ,‘‘ दिग्वेश सिंह को धारा 2.5 के तहत लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया । उन्होंने मैच रैफरी द्वारा सुनाई गई सजा स्वीकार कर ली है ।

इसमें कहा गया ,‘‘ लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है ।

यह विवादित जश्न उन्होंने तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर प्रियांश को आउट करने के बाद मनाया ।

प्रियांश जब पवेलियन लौट रहे थे तब दिल्ली टी20 लीग के उनके साथी खिलाड़ी दिग्वेश ने उनके पास जाकर हाथ से पत्र लिखने का इशारा किया । अंपायरों ने इस पर उनसे बात की । इसकी तुलना वेस्टइंडीज के केसरिक विलियम्स से भी की गई जो विरोधी बल्लेबाज को आउट करने पर ‘नोटबुक’ जश्न मनाया करते थे।

महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर और मोहम्मद कैफ ने भी कमेंट्री करते हुए दिग्वेश की इस हरकत की आलोचना की थी ।

## स्पोर्ट्स विंडो

### लखनऊ की पिच पर बरसे जहीर खान



**एजेंसी, लखनऊ।** तीन मैचों में से दो हार चुकी लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम के मेंटोर जहीर खान ने पंजाब किंग्स से मिली पराजय के बाद इकाना स्टेडियम की पिच की पर भड़ास निकालते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि पंजाब के क्यूरेटर ने इसे तैयार किया है । असमान उछाल वाली पिच पर 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह के 34 गेंद में 69 रन की मदद से आठ विकेट से जीत दर्ज की । जहीर ने मैच के बाद कहा ,‘‘ मैं इसलिए थोड़ा निराश हूं कि यह घरेलू मैच था और आईपीएल में आपने देखा है कि टीमों को घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा मिलता है।’’ उन्होंने कहा ,‘‘इस लिहाज से मुझे लगता है कि क्यूरेटर ने यह नहीं सोचा कि यह घरेलू मैच है । ऐसा लग रहा था कि पंजाब के क्यूरेटर यहां थे।’’ लखनऊ सुपर जाइंट्स से जुड़ने से पहले मुंबई इंडियंस के क्रिकेट विकास वैश्विक प्रमुख रहे जहीर ने कहा कि इस वजह से घरेलू प्रशंसकों को अपनी टीम को जीतते देखने का मौका नहीं मिला । उन्होंने कहा ,‘‘ इस पर बात करनी होगी। मेरे लिए यह नई टीम है लेकिन उम्मीद है कि आगे से किसी मैच में ऐसा नहीं होगा क्योंकि आप अपने प्रशंसकों को भी निराश कर रहे हैं ।

### सारा टेलर खूबसूरत अंदाज में

**इंग्लैड।** सारा टेलर इंग्लैड की पूर्व महिला खिलाड़ी विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी के लिए जानी जाती थीं। सारा ने अपने खेल और खूबसूरती से खूब सुर्खियां बटोरीं। वह सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव रहती हैं।



### आरसीबी बनी इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली आईपीएल टीम

**एजेंसी, बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंस्टाग्राम पर अपनी लोकप्रियता के मामले में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। टीम ने 18 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे वह इस प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी बन गई है। आरसीबी ने अपने अनोखे और आकर्षक कंटेंट के जरिए फैंस से गहरा जुड़ाव बनाया है, जिससे सोशल मीडिया उनके लिए ब्रांड ग्रोथ और कमर्शियल एंगेजमेंट का एक मजबूत जरिया बन गया है। यह जानकारी फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में दी गई। पिछले साल नवंबर 2023 तक आरसीबी, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई) से पीछे थी। हालांकि, टीम की प्रभावी सोशल मीडिया रणनीति और फैंस की जबरदस्त निष्ठा ने उसे इस रेस में आगे ला दिया। अब आरसीबी के 18.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं, जबकि सीएसके के 17.8 मिलियन और एमआई के 16.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं। आरसीबी ने 23 मार्च को 17 मिलियन का आंकड़ा छुआ था और महज 10 दिनों में 18 मिलियन तक पहुंच गई। आरसीबी की बढ़ती लोकप्रियता के पीछे उनकी ऐतिहासिक जीत भी एक बड़ी वजह रही।

# मुंबई को छोड़कर अब गोवा के लिए खेलेंगे यशस्वी जायसवाल

**एजेंसी, मुंबई**



भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों से अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़ने का फैसला किया है। जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ को मंगलवार को लिखे पत्र में कहा कि वह मुंबई छोड़कर गोवा के लिए खेलना चाहते हैं । एमसीए ने उनका अनुरोध मान लिया। अब जायसवाल 2025-26 सत्र में गोवा के लिए खेलेंगे । एमसीए के एक अधिकारी ने बताया यह हैरानी की बात है। उसने कुछ सोचकर ही यह कदम उठाया होगा। उनसे हमने कहा कि उसे रिलीज कर दिया जाये और हमने उसका अनुरोध मान लिया। जायसवाल ने मुंबई के लिए आखिरी मैच 23 से 25 जनवरी के बीच रणजी ट्रॉफी में जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेला था। उन्होंने चार और 26 रन बनाये जबकि मुंबई को टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार जम्मू कश्मीर ने पांच विकेट से हराया।

गोवा क्रिकेट संघ के सचिव शंबा देसाई ने पीटीआई से कहा कि वह हमारे लिए खेलना चाहता है और हम उसका स्वागत करते हैं। वह अगले सत्र से हमारे लिए खेलेगा। भारतीय टीम के लिए नहीं खेलने के समय जायसवाल गोवा की कप्तानी भी कर सकते हैं। इस बारे में पूछने पर देसाई ने कहा,‘‘ हां, ऐसा हो सकता है। वह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलता है और वह हमारा कप्तान हो सकता है। उसकी उपलब्धता को देखते हम बात करेंगे।’’

अर्जुन तेंदुलकर और सिद्धेश लाड के बाद मुंबई को छोड़कर गोवा जाने वाले जायसवाल तीसरे क्रिकेटर हैं । तेंदुलकर और लाड 2022-23 सत्र में गोवा चले गए थे। लाड हालांकि पिछले सत्र में मुंबई के लिये लौटे हैं । जायसवाल ने जुलाई 2023 में भारत के लिये टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और अब तक 19 मैचों में 52 से अधिक की औसत से रन बना चुके हैं ।

# भारतीय तीरंदाजी टीम को विश्व कप के लिए नहीं मिला अमेरिकी वीजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी टीम ने घोषणा की है कि वह अमेरिकी वीज़ा प्राप्त करने में असमर्थ है और संभवत: 8 से 13 अप्रैल तक फ्लोरिडा में होने वाले विश्व कप स्टेज-1 प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएगी। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने खुलासा किया कि 16 सदस्यीय टीम को अप्रत्याशित सिस्टम मुद्दों के कारण वीजा अपॉइंटमेंट प्राप्त करने में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

एएआई ने इंस्टाग्राम पर कहा, दुर्भाग्य से पिछले 40 दिनों में हमारे अथक प्रयासों और कई फॉलो-अप के बावजूद भारतीय तीरंदाजी टीम को अप्रत्याशित सिस्टम मुद्दों के कारण अमेरिकी वीजा अपॉइंटमेंट प्राप्त करने में अभी भी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप, हम आगामी विश्व कप प्रतियोगिता से बाहर होने के कगार पर हैं, जिसका हमारी भागीदारी और प्रतिस्पर्धी संभावनाओं पर गंभीर असर पड़ेगा। इस मुद्दे को हल करने और हमारी टीम के लिए संभावित झटके को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप जरूरी है।

2025 विश्व कप में पांच प्रतियोगिताएं शामिल हैं और यह 8 अप्रैल से 19 अक्तूबर तक चलेगा, जिसमें फ्लोरिडा, शंघाई, अंताल्या, मैड्रिड और नानजिंग मेजबान शहर होंगे।

वहीं भारतीय टीम में रिकर्व पुरुष: धीरज बोम्मदेवरा, तरूणदीप राय, अतनु दास और पार्थ सुशांत सालुंखे। रिकर्व महिला : अंकिता भक्त, दीपिका कुमारी, सिमरनजीत कौर और अंशिका कुमारी। कंपाउंड मैन : अभिषेक वर्मा, ऋषभ यादव, ओजस प्रवीण देवताले और उदय कंबोज। मिश्रित महिलाएं : मधुरा धमनगांवकर, ज्योति सुरेखा वेन्नम, तानीपर्थी चिकिथा और अदिति स्वामी।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 84 रनों से हराकर जीती सीरीज

**एजेंसी, हैमिल्टन**



**तीसरे वनडे में क्लीन स्वीप का मौका**

न्यूजीलैंड ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 84 रनों की जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज अपने नाम कर ली। अब कीवी टीम शनिवार को माउंट माउंगानुई में होने वाले तीसरे और आखिरी वनडे में क्लीन स्वीप करने उतरेगी।

मैच में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी सफलता तेज गेंदबाज बेन सियर्स को मिली, जिन्होंने अपने तीसरे वनडे में ही पांच विकेट झटककर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। 293 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। विल ओरूर्के ने पहले ही ओवर में अब्दुल्ला शफीक (1) को आउट कर दिया। बाबर आजम 1 रन बनाकर जैकब डफी का शिकार बने। इमाम-उल-हक (0) भी डफी की गेंद पर आउट हुए, जिससे पाकिस्तान 5.3 ओवर में ही 9/3 के स्कोर पर संघर्ष कर रहा था। सलमान आगा (9) के रूप में चौथा विकेट गिरा, जबकि कप्तान मोहम्मद रिजवान भी 27 गेंदों पर 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तैयब ताहिर (13), मोहम्मद वसीम (1) और अकिफ जावेद भी जल्दी आउट हो गए, जिससे पाकिस्तान की हार लगभग तय हो गई थी। न्यूजीलैंड के लिए बेन सियर्स ने 5 विकेट (5/59) लिए, जबकि जैकब डफी ने 3/35 का शानदार प्रदर्शन किया। विल ओरूर्के और नाथन स्मिथ को भी एक-एक विकेट मिला, जिससे पाकिस्तान 43.4 ओवर में 208 रन पर ऑलआउट हो गया और न्यूजीलैंड को 84 रनों की बड़ी जीत मिली।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने 292/8 का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। राइस मारियू (18) और निक केली (31) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। हालांकि, 6.2 ओवर में 54/1 पर पहला विकेट गिरा। टीम ने 15.3 ओवर में 100 रन पूरे किए, लेकिन इसी ओवर में डेरिल मिचेल (18) आउट हो गए। इसके बाद हेनरी निकोल्स (22) और कप्तान माइकल ब्रेसवेल (17) के आउट होने से न्यूजीलैंड 132 रन पर 5 विकेट खोकर मुश्किल में आ गया।

इसके बाद मोहम्मद अब्बास और मिशेल हे ने 77 रनों की साझेदारी कर पारी को संभाला। अब्बास 41 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन मिशेल हे ने अंत तक बल्लेबाजी की और 78 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए।

# चक्रवर्ती टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके

**एजेंसी, दुबई**



भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि हार्दिक पंड्या बुधवार को जारी ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। चक्रवर्ती 706 रेटिंग अंक के साथ न्यूजीलैंड के जेकब डफी (723) और वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707) से पीछे हैं।

लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (674) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) क्रमश: सातवें और 10वें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल अन्य दो भारतीय गेंदबाज हैं। अक्षर पटेल 13वें स्थान पर हैं।

भारत के बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट तीसरे स्थान पर हैं। दो अन्य भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस का नंबर आता है।

**चयन प्रक्रिया** हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय शिविर में प्रदर्शन के बाद किया आकलन

# कोर ग्रुप में अब 40 महिला हॉकी खिलाड़ी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने यहां चल रहे राष्ट्रीय शिविर में पिछले दो सप्ताह के प्रदर्शन के आकलन के बाद सीनियर महिला हॉकी खिलाड़ियों का कोर ग्रुप 65 से घटाकर 40 कर दिया। शिविर बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र पर 23 मार्च को शुरू हुआ था। इसमें 28 सीनियर खिलाड़ियों की जगह बरकरार है जबकि 12 नए खिलाड़ियों को 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप और राष्ट्रीय शिविर के पहले चरण में उनके प्रभावी प्रदर्शन के आधार पर चुना गया।

गोलकीपिंग में सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी और माधुरी किंडो हैं । इनके साथ असम की समीक्षा सक्सेना को भी चुना गया है । डिफेंस में मौजूदा कोर ग्रुप की आठ सदस्यों महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति और अक्षता अबासो धेकाले को बरकरार रखा गया है ।बंगाल की अंजना डुंगडुंग और मणिपुर की सुमन देवी टी को इसमें जोड़ा गया है। मिडफील्ड में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान , अजमीना कुजूर, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, शर्मिला देवी और बलजीत कौर हैं। चार नई खिलाड़ियों बंगाल की सुजाता कुजूर, झारखंड की महिमा टेटे और अलबेला रानी टोप्पो और उत्तर प्रदेश की पूजा यादव को इसमें शामिल किया गया है। फॉरवर्ड पंक्ति में दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रूतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग और मुमताज खान की जगह कायम है । उनके साथ पांच नए स्ट्राइकरों दीपिमोनिका टोप्पो (ओडिशा), रितिका सिंह (मध्यप्रदेश), अन्नु और चंदना जगदीश (कर्नाटक) और काजल अत्पडकर (महाराष्ट्र) को शामिल किया गया है ।

भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा ,‘‘ हमने अच्छे सत्र और टेस्टिंग की है । चयनकर्ताओं ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया । राष्ट्रीय चैंपियनशिप देखने के बाद हमने कुछ अच्छी प्रतिभाओं को तलाशा है और मुझे यकीन है कि वे लंबे समय तक भारतीय हॉकी की सेवा कर सकतीं हैं।

**मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा-हमने अच्छे सत्र पर की है टेस्टिंग**

### हॉकी टीम का 40 सदस्यीय सीनियर कोर ग्रुप

**गोलकीपर :** सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी , माधुरी किंडो , समीक्षा सक्सेना।

**डिफेंडर :** महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू , उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति, अक्षता अबासो धेकाले , अंजना डुंगडुंग और सुमन देवी टी।

**मिडफील्डर :** वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, शर्मिला देवी , बलजीत कौर सुजाता कुजूर, महिमा टेटे ,अलबेला रानी टोप्पो और पूजा यादव ।

**फॉरवर्ड :** दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रूतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान , दीपिमोनिका टोप्पो, रितिका सिंह , अन्नु ,चंदना जगदीश और काजल अत्पडकर ।